सोमवार
24 जून 2024

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज


लगातार तीसरा पुल हादसा, पूर्वी चंपारण में निमार्णाधीन पुल का एक हिस्सा ध्वस्त
2



### केंद्र सरकार ने नीट मामले में बढ़ते विवाद को देखते हुए सीबीआई को सौंपा जांच का जिम्मा

# नीट पेपरलीक केस में सीबीआई ने दर्ज की पहली एफआईआर, जांच के लिए विशेष टीम का गठन

- नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह को हटा प्रदीप सिंह खरोला को को सौंपी गई कमान
- मामले की जांच के लिए सीबीआई ने विशेष टीमें पटना और गोधरा भेजीं





**एजेंसी/नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने नीट यूजी परीक्षा में धांधली के आरोपों को बेहद गंभीरता से लिया है। नीट परीक्षा में हुई धांधली के मामले में सरकार ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह को हटा दिया है। उनकी जगह पर प्रदीप सिंह खरोला को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की कमान सौंपी गई है। वहीं सरकार ने नीट यूजी में हुई धांधली के मामले की जांच सीबीआई को सौंपी है।

नीट-यूजी परीक्षा में अनियमितताओं को लेकर सीबीआई ने पहली एफआईआर दर्ज की है। यह एफआईआर अज्ञात पर दर्ज की गई है। केंद्रीय जांच ब्यूरो का कहना है कि इस मामले में एफाआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। मामले की जांच के लिए सीबीआई ने विशेष टीमों का गठन किया है। ये टीमें बिहार के पटना और गुजरात के गोधरा भेजी गईं हैं। दरअसल पटना और गोधरा में स्थानीय पुलिस ने कई मामले दर्ज किए हैं। इससे पहले बिहार पुलिस ने इस मामले में कुछ लोगों को भी गिरफ्तार किया था। वहीं, नीट पेपर लीक का कनेक्शन महाराष्ट्र में भी मिला है। पुलिस ने दो अध्यापकों से पेपर लीक मामले में पूछताछ की है। जिन अध्यापकों से पूछताछ हुई है, उन्हें नांदेड़ की आंतकरोधी स्कवॉड ने शक के आधार पर पकड़ा।

सीबीआई को कई दिन पहले ही नीट एग्जाम पेपर लीक मामले की जांच करने के लिए बोल दिया गया था, क्योंकि इस पूरे मामले कि शिकायतें कई राज्यों से मिल रही थी। इसलिए निष्पक्ष जांच के लिए किसी केंद्रीय जांच एजेंसी की जरूरत शुरू से लग रही थी। यूजीसी नेट एग्जाम के मामले में शिक्षा विभाग की शिकायत पर एफआईआर दर्ज करने के बाद अब शिक्षा मंत्रालय ने लिखित तौर पर नीट परीक्षा में गड़बड़ी का मामला सीबीआई को जांच के लिए सौंप दिया है।

### ईओयू ने केंद्र को सौंपी पेपरलीक मामले से जुड़ी रिपोर्ट

नीट पेपर लीक की जांच कर रही बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को नीट पेपर लीक से जुड़ी अब तक की पूरी रिपोर्ट सौंप दी है। साथ ही जांच में मिले अबतक के सारे सबूत और गिरफ्तार आरोपियों के बयान के साथ ही सारे वीडियो और एविडेंस भी ईओयू ने शिक्षा मंत्रालय को सौंपे हैं। ईओयू ने बिहार के बाद अब झारखंड में भी पेपर लीक जांच तेज कर दी है। देवघर से पेपरलीक के 6 आरोपी पकड़े गए हैं। ईओयू की इस कार्रवाई में पकड़े गए सभी आरोपी नालंदा के रहने वाले हैं। साथ ही आरोपी सिंकदर की उस गाड़ी पर भी अहम खुलासा हुआ है, जिसमें कैंडिडेट के परिजन को लेकर परीक्षा वाले दिन सिकंदर पटना में घूम रहा था।

### बिहार और गुजरात से कई आरोपी गिरफ्तार किए गए

बहुत जल्द अब सीबीआई नीट मामले में भी एफआईआर दर्ज करकर जांच को आगे बढ़ाएगी, क्योंकि इस एग्जाम के मामले में बिहार और गुजरात पुलिस एफआईआर दर्ज कर कुछ आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है, लिहाजा सीबीआई बिहार और गुजरात मे दर्ज हो चुके केस को टेकओवर करकर एक नया मामला दर्ज करेगी। इसके बाद गिरफ्तार हुए आरोपियों से पूछताछ के साथ नए सिरे से केस की जांच करेगी। सीबीआई ने भी इस मामले को लेकर देशभर की अपनी ब्रांचों के जरिए इनपुट जुटाने के लिए बोल दिया था। नीट मामले में झारखंड के देवघर से भी कई आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। सीबीआई अब शिक्षा मंत्रालय की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करके गिरफ्तार हुए आरोपियों से पूछताछ करेगी।

### 30 से 40 लाख रु में बेचा गया था नीट यूजी का पेपर

देश में नीट पेपर लीक मामले में बिहार की आर्थिक अपराध शाखा ने अपनी जांच में चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। एक न्यूज चैनल को मिली एक्सक्लूसिव जानकारी के मुताबिक, नीट यूजी का पेपर 30 से 40 लाख रुपये में बेचा गया था। इस मामले में अब तक 13 लोगों की गिरफ्तारी हुई है और इस मामले में इंटर स्टेट गैंग काम कर रहा था। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जांच टीम को शक है कि नीट-यूपी का पेपर लीक होने के पीछे एक निजी कूरियर कंपनी का भी हाथ है। पुलिस की जांच अब इस एंगल को ध्यान में रखते हुए भी आगे बढ़ रही है। सूत्रों के अनुसार पुलिस जांच में यह भी बात सामने आ रही है कि हो सकता है कि सॉल्वर गिरोह ने कूरियर कंपनी के कर्मचारी से संपर्क कर पेपर लीक करवाया हो।

### 1,563 अभ्यर्थियों में से मात्र 813 ने ही दी दोबारा परीक्षा

नीट यूजी की दोबारा परीक्षा रविवार को कुछ राज्यों में आयोजित की गई। जिसमें पात्र 1,563 अभ्यर्थियों को दोबारा परीक्षा देना था लेकिन इस परीक्षा में केवल 813 छात्र ही शामिल हुए तो वही 48 फीसदी छात्रों ने परीक्षा नहीं दी है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने परीक्षा के आंकड़े जारी किए हैं। एनटीए ने जानकारी में बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद जिन 1,563 छात्रों को ग्रेस मार्क्स दिए गए थे, वे दोबारा परीक्षा देने के लिए पात्र थे। लेकिन इनमें से केवल 813 छात्र ही परीक्षा देने पहुंचे बताते चलें कि, एनटीए ने दोबारा परीक्षा के लिए छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, मेघालय और चंडीगढ़ में परीक्षा केंद्र बनाए थे। नीट-यूजी परीक्षा का परिणाम 5 मई को आया था रिजल्ट में अनियमितता को लेकर पूरे देश में बवाल मचा हुआ था।

## नवादा में सीबीआई टीम पर हमला, चार लोग गिरफ्तार



**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के नवादा जिले में यूजीसी-नेट परीक्षा पेपर लीक मामले की जांच करने पहुंची सीबीआई की टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। दिल्ली से आई सीबीआई टीम एक संदिग्ध की मोबाइल लोकेशन के आधार पर पकड़ने के लिए कसियाडीह गांव पहुंची थी। तभी ग्रामीणों ने सीबीआई टीम को नकली समझकर उसके ऊपर हमला बोल दिया। ग्रामीणों ने सीबीआई टीम के साथ मारपीट की और उनकी गाड़ियों में तोड़फोड़ भी की। पुलिस ने इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

दिल्ली से आई सीबीआई की टीम 18 जून को हुई यूजीसी-नेट परीक्षा के पेपर लीक मामले की जांच कर रही है। जांच के दौरान एक संदिग्ध की मोबाइल लोकेशन नवादा जिले के रजौली थाना क्षेत्र के कसियाडीह गांव में मिली। इसके बाद सीबीआई की टीम वहां पहुंची। टीम में चार अधिकारी और एक महिला सिपाही थी। बताया जाता है कि कुछ ग्रामीणों ने गांव में आई टीम को देखकर नकली सीबीआई होने का आरोप लगाया। इसके बाद ही ग्रामीणों ने सीबीआई टीम पर हमला कर दिया। ग्रामीणों के हमले से घबराई सीबीआई टीम ने इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही रजौली पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को शांत कराया।

### आठ नामजद व 200 अज्ञात पर केस दर्ज

रजौली के थानाध्यक्ष राजेश कुमार के अनुसार, सीबीआई टीम पर हमला करने के आरोप में कसियाडीह गांव के आठ नामजद और 150-200 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस मामले में अब तक चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगों की पहचान फूलचंद प्रसाद की पत्नी राधा कुमारी उर्फ मधु, श्रवण कुमार के बेटे प्रिंस कुमार, चुनचुन कुमार बेटा ललन कुमार और राजेंद्र प्रसाद का बेटा अमरजीत कुमार के रूप में की गई है। पुलिस अधीक्षक अंबरीष राहुल ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल पर सीबीआई टीम से मारपीट की वीडियोग्राफी कराई है, जिसके आधार पर अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है।

## छत्तीसगढ़ में नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट कर ट्रक उड़ाया, दो जवान शहीद

- सिलगेर से टेकलगुडेम जाने वाले रास्ते पर नक्सलियों ने लगाया था आईईडी बम
- इसकी चपेट में 201 कोबरा वाहिनी का ट्रक आ गया



**एजेंसी/रायपुर**

छत्तीसगढ़ के सुकमा में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी हमले में दो जवान शहीद हो गए। शहीद जवानों के नाम विष्णु आर और शैलेंद्र बताए जा रहे हैं। नक्सलियों ने सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से कैंप सिलगेर से टेकलगुडेम जाने वाले रास्ते पर आईईडी लगाया था, जिसकी चपेट में 201 कोबरा वाहिनी का ट्रक आ गया। जानकारी के मुताबिक, जगरगुंडा थाना क्षेत्र के कैंप सिलगेर से 201 कोबरा वाहिनी का अग्रिम दल आरओपी ड्यूटी के दौरान ट्रक और बाइक से कैंप टेकलगुडेम की ओर जा रहा था। मूवमेंट के दौरान रविवार दोपहर करीब 3 बजे 201 कोबरा वाहिनी का ट्रक आईईडी की चपेट में आ गया, जिसमें चालक और सह चालक मौके पर ही शहीद हो गए। वहीं, बताया जा रहा है कि बाकी सभी जवान सुरक्षित हैं।

### नक्सलवाद के खात्मे तक हम चुप नहीं बैठेंगे: सीएम

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुकमा ब्लास्ट को लेकर सोशल मीडिया पर लिखा है कि सुकमा जिले के टेकलगुड़ेम में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट में 2 कोबरा जवानों के निधन की दु:खद खबर आ रही है। ईश्वर से दिवंगत जवानों की आत्मा की शांति और परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं। बस्तर में चल रहे नक्सल उन्मूलन अभियान से नक्सली हताश हैं। विचलित होकर ऐसी कायराना हरकतों को अंजाम दे रहे हैं। जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी, नक्सलवाद के खात्मे तक हम चुप नहीं बैठेंगे।

**कुछ दिन पहले चला था अभियान:** बताते चलें कि कुछ दिन पहले ही छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाया था। सुरक्षा बलों ने जंगलों में माओवादियों के ठिकाने पर छापेमारी कर विस्फोटकों का जखीरा बरामद किया। सुकमा पुलिस के एक अधिकारी ने इस अभियान के बारे में जानकारी देते हुए पीटीआई को बताया था कि जिला रिजर्व गार्ड, बस्तर फाइटर्स और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की कोबरा की संयुक्त टीम ने कंगलटोंग जंगल में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान यह बरामदगी की थी।

## नीट धांधली मामले में गिरफ्तार 13 आरोपियों के नार्को टेस्ट कराने की तैयारी में बिहार पुलिस

**एजेंसी/पटना**

बिहार पुलिस की जांच टीम ने नीट मामले से जुड़े सभी सबूत शिक्षा मंत्रालय को सौंप दी है। अब इसी के आधार पर शिक्षा मंत्रालय ने सीबीआई को इस मामले की जांच करने की जिम्मेदारी दी। इधर, बिहार पुलिस की टीम अब इस मामले गिरफ्तार हुए सभी 13 आरोपियों के नार्को टेस्ट कराने की तैयारी में है। बिहार पुलिस की टीम ने झारखंड के देवघर में छापेमारी कर मास्टरमाइंट संजीव मुखिया के रिश्तेदार चिंटू कुमार समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चिंटू के अलावा बिट्ठू, पंकू, काजू, राजीव और अजीत कुमार के रूप में इनकी पहचान हुई है।

बिहार पुलिस सूत्रों की मानें तो जांच टीम 13 आरोपियों की नार्को एनालिसिस और ब्रेन मैपिंग टेस्ट कराने की मांग शिक्षा मंत्रालय से करेगा। इतना ही नहीं जिस फ्लैट से नीट का जला हुआ पेपर मिला था, वह पेपर भी पुलिस ने एनटीए को सौंप दिया था। अब इस जले हुए पेपर का मिलान करने के लिए मूल पेपर जांच टीम को दे दिया है। दरअसल, बिहार पुलिस से जब यह मामला आर्थिक अपराध इकाई के पास आया तो उसने जलने से बचे टुकड़ों को जोड़कर प्रश्नपत्रों में से 74 प्रश्न निकाले। इसके साथ ही प्रश्न का एक बुकलेट नंबर (6136488) भी। इसी बुकलेट का पेपर पटना में माफिया के वॉट्सऐप पर आया था, वो बुकलेट झारखंड के हजारीबाग स्थित ओएसिस स्कूल को मिला था। इतना ही नहीं बुकलेट जिस बक्से में स्कूल पहुंचा था, उससे भी छेड़छाड़ हुई थी।

## डिप्टी एसपी का डिमोशन, बने सिपाही

**एजेंसी/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के उन्नाव में तैनात एक पुलिस अधिकारी का डिमोशन किया गया है। डिप्टी एसपी के पद पर कार्यरत इस अधिकारी को अब सीधे कांस्टेबल यानी सिपाही बना दिया गया है। इसकी एक बड़ी वजह है। उन्नाव के इस अधिकारी का नाम कृपा शंकर कनौजिया है, जिन्हें सजा के तौर पर डिमोशन झेलना पड़ रहा है। दरअसल, तीन साल पहले यह अधिकारी एक महिला कांस्टेबल के साथ होटल में पकड़ा गया था। अब इस घटना के तीन साल बीत जाने के बाद उन्नाव के बीघापुर में तैनात डिप्टी एसपी कृपा शंकर कनौजिया को उनके मूल पद पर वापस भेज दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्होंने पारिवारिक कारण बताकर छुट्टी ली थी, लेकिन इस दौरान घर वापस लौटने की जगह कानपुर के एक होटल में ठहरे थे। उनके साथ महिला सिपाही भी थीं।

## पटना में प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या

### बढ़ रहा अपराध का गाफ

**केटी न्यूज/पटना**

राजधानी पटना में रविवार की सुबह एक प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना पटना सिटी के आलमगंज थाना क्षेत्र के जल्ला रोड स्थित मलिया महादेव मंदिर के पास की है। बदमाशों ने गोलियों से शरीर को छलनी कर दिया। मृतक की पहचान अरुण कुमार के रूप में की गई है। बताया जा रहा कि बदमाशों ने उनके सीने, सिर और गर्दन में गोलियां मारी है।

जानकारी के अनुसार, बदमाशों की ओर से करीब 6 से 7 राउंड फायरिंग की गई। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची, लेकिन तब तक अरुण कुमार की मौत हो चुकी थी। इस मामले में पटना सिटी के एएसपी आरएस शरथ ने बताया कि रविवार की सुबह 5:30 के करीब एक कारोबारी की हत्या हुई है। इस मामले में जांच शुरू कर दी गई है। रविवार की सुबह-सुबह हुई इस वारदात के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। बताया जाता है कि अरुण कुमार को गोली लगने के बाद इलाज के लिए लोग एनएमसीएच लेकर पहुंचे थे। हालांकि उनकी मौत हो गई। अरुण कुमार को करीब तीन गोली लगी है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट रूप से इसका पता चलेगा।

### सीएम योगी की मंशा अनुसार तैयार की गई विस्तृत कार्ययोजना, कायाकल्प की प्रक्रिया हुई शुरू

# आधुनिक शिक्षण प्रणाली से लैस होंगे उप के अनुदानित विद्यालय

**केटी न्यूज/लखनऊ**

योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश के अनुदानित विद्यालयों के कायाकल्प की तैयारी शुरू कर दी है। सीएम योगी की मंशा अनुसार तैयार की गई विस्तृत कार्ययोजना को क्रियान्वित करते हुए अनुदानित विद्यालयों के कायाकल्प की प्रक्रिया शुरू हो गई है जिसके अंतर्गत जल्द ही प्रदेश के अनुदानित विद्यालयों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जोड़ते हुए स्टूडेंट्स व स्टाफ के आधार व अन्य जानकारियों को समायोजित कर मोबाइल ऐप का विकास किया जाएगा। यह ऐप जियो टैगिंग व टीचिंग स्टाफ मॉड्यूल समेत कई खूबियों से लैस होगा तथा समाज कल्याण विभाग ने उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड को इसके विकास का जिम्मा सौंपा है। प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए यूपीएलसी ने अपने यहां इंपैनल्ड कंपनियों के चयन और कायावंटन की प्रक्रिया शुरू करते हुए ई-निविदा के माध्यम से आवेदन मांगे हैं। इस ऐप के विकास के बाद 60 हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स को ट्रैक करने और उनके डाटाबेस को वन स्टॉप डेस्टिनेशन के तौर पर एक्सेस करने का प्लेटफॉर्म तैयार हो जाएगा। इस ऐप में स्टूडेंट्स के डेट ऑफ बर्थ, जेंडर, मोबाइल नंबर, पता, परिवारिक पृष्ठिभूमि, सोशल व फाइनेंशियल डिटेल, आधार वैलिडेशन व एकेडेमिक रिकॉर्ड्स शामिल होंगे।

### विभिन्न प्रक्रियाओं को पूरा कर होगा ऐप का विकास

प्रदेश के अनुदानित विद्यालयों के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म बेस्ड ऐप के विकास की तैयारी की जा रही है। वह विभिन्न प्रक्रियाओं को पूर्ण करने के बाद विकसित होगा। इस क्रम में यूपीएलसी द्वारा कायावंटन के बाद चयनित की गई ऐप डेवलपमेंट सर्विस प्रोवाइडर एजेंसी को पहले डीटेल्ड प्रोजेक्ट स्टडी विभाग के अधियारियों से प्राप्त फीडबैक के आधार तैयार करना होगा। इसके बाद, अनुदानित विद्यालयों से स्टूडेंट्स, स्टाफ व अन्य महत्वपूर्ण डाटा को संकलित किया जाएगा जिसमें आधार समेत कई जानकारियां शामिल होंगी। इसके बाद, सारे प्राप्त डाटा को संकलित कर सिस्टम रिक्वायरमेंट स्पेसिफिकेशन (एसआरएस) के अनुसार समायोजित किया जाएगा। प्रोजेक्ट रिपोर्ट व डीटेल्ड रिपोर्ट का इसी आधार पर निर्माण किया जाएगा जिसके जरिए ऐप के विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

### रजिस्ट्रेशन मॉड्यूल व एमआईएस को बनाया जाएगा सुलभ

सिस्टम रिक्वायरमेंट स्पेसिफिकेशन के आधार पर तैयार हुई डीटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) के जरिए ऐप व ऑनलाइन मॉड्यूल में रजिस्ट्रेशन मॉड्यूल व मैनेजमेंट इनफॉर्मेशन सिस्टम (एमआईएस) का विकास किया जाएगा। रजिस्ट्रेशन मॉड्यूल मुख्यत: तीन केटेगरीज में डिवाइडेड होगा। पहली केटेगरी के तौर पर स्टूडेंट रजिस्ट्रेशन मॉड्यूल, दूसरी केटेगरी के तौर पर स्टाफ रजिस्ट्रेशन मॉड्यूल और तीसरी केटेगरी के तौर पर विद्यालय (इंफ्रास्ट्रक्चर) रजिस्ट्रेशन मॉड्यूल का विकास किया जाएगा। इन मॉड्यूल्स का विकास ईजी एक्सेसिबिलिटी के आधार पर किया जाएगा।



# बुलेटप्रूफ जैकेट समेत हथियार बनाने की मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़

**केटी न्यूज/वैशाली**



वैशाली जिले की एसटीएफ और पुलिस ने दियारा इलाके में बड़ी कार्रवाई की है। यहां पुलिस ने बुलेटप्रूफ जैकेट समेत हथियार बनाने वाली मिनी गन फैक्टरी का भंडाफोड़ किया है। साथ ही हथियार के साथ फैक्टरी के संचालक और चार हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। यह पूरी करवाई एसटीएफ और वैशाली पुलिस ने संयुक्त रूप से की है। 24 घंटे से पुलिस लगातार छापामारी कर रही है। जानकारी के मुताबिक, पुलिस ने मौके से चार देसी पिस्तौल, दो देसी कट्टे, एक लेथ मशीन, एक बुलेटप्रूफ जैकेट और अवैध हथियार बनाने का समान बरामद किया है। दियारा इलाका हथियार तस्करों के लिए सेफ जोन माना जाता है। बताया जा रहा है कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि हथियार बनाने का कार्य किया जा रहा था। उसके आधार पर वैशाली पुलिस की टीम और एसटीएफ की टीम द्वारा संयुक्त रूप से छापामारी कर कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। यह कार्रवाई वैशाली जिले रुस्तमपुर थाना क्षेत्र के जफराबाद में हुई है।जानकारी के अनुसार, पुलिस ने पहले जुड़ावनपुर थाना क्षेत्र के शिव नगर में छापामारी कर हथियार के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया। उसके बाद पूछताछ में पुलिस को गन फैक्टरी का पता चला। उसके आधार पर पुलिस ने छापामारी कर फैक्टरी मालिक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस गिरफ्तार सभी पांचों अपराधियों से पूछताछ करने में लगी हुई है। पुलिस हथियार तस्करों के नेटवर्क के बारे में पता लगाकर सभी को पकड़ने में लगी हुई है। बताया जा रहा है कि कई लोगों पर पुलिस लगातार इनके निशानदेही पर छापामारी कर रही है। अभी कोई पुलिस अधिकारी इसके बारे में बताने से बचता नजर आ रहा है। वहीं, पुलिस मुख्यालय द्वारा इस मामले को लेकर प्रेस विज्ञप्ति भी जारी कर दी गई है। वहीं, जिले के जुड़ावनपुर थानाक्षेत्र से चार हथियार तस्करों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें मो. शहाबुद्दीन, बब्लू, अभिमन्यु कुमार और संतोष कुमार राय शामिल हैं। इन तस्करों के पास से 7.65 एमएम की चार देसी पिस्तौल और छह कारतूस, एक देसी कट्टा, पांच मैगजीन, एक बुलेटप्रूफ जैकेट, राइफल के तीन बट कवर और अन्य सामान बरामद हुआ। वैशाली जिले के रुस्तमपुर थानाक्षेत्र से मिनी गन फैक्टरी का भंडाफोड़ कर उसके संचालक विजय कुमार शर्मा को गिरफ्तार किया गया है। उक्त संचालक के पास से एक देसी कट्टा, एक लेथ मशीन, एक ड्रिल मशीन और देसी कट्टे के लगभग 150 बैरल बरामद हुए। वहीं पुलिस का दावा है कि इसमें शामिल अन्य आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

# थाने में जब्त वाहन में छुपाई जाती थी शराब, एसपी ने किया 3 को निलंबित

**केटी न्यूज/गोपालगंज**

कटिहार जिले से चौंकाने वाली खबर सामने आई है। यहां तीन पुलिसकर्मियों को एसपी ने निलंबित कर दिया है। इसमें रोशना थाने के दारोगा भी शामिल हैं। थाना परिसर से शराब की बिक्री जा रही थी, पुलिस वाले जो शराब तस्करों से बरामद करते थे। उसमें से कुछ शराब निकालकर थाना के कैंपस में खड़ी वैन में छुपा देते थे। वहां से शराब के बोतलों की बिक्री होती थी। अपने परिचितों को देते थे। शराब कहां खपाते थे। इसकी जांच चल रही है। इस मामले की जानकारी किसी ने एसपी को दे दी। फिर क्या था। बड़ा खेल हो गया। सूचना के बाद एसपी ने इसकी जांच का आदेश डीएसपी को दिया। जांच में मामला सही पाया गया। उन्होंने तीन पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया। इतना ही नहीं रोशना थाना परिसर में स्थित कबाड़ वाली वैन से तीन से चार कार्टन शराब बरामद किया गया। बीते शनिवार को प. बंगाल से कटिहार आ रही पिकअप वैन को रोशना थाने की ओर से जब्त किया गया था। वैन से पुलिस को चार कार्टन शराब, 800 केन बीयर बरामद किया गया था।

### पुल के एक हिस्से की हुई थी ढलाई, अचानक रात में करीब 40 फीट लंबा हिस्सा गिरा

# लगातार तीसरा पुल हादसा, पूर्वी चंपारण में निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा ध्वस्त

- घोड़ासहन प्रखंड के अमावा से चैनपुर स्टेशन जाने वाली सड़क पर बन रहे पुल की ढलाई का चल रहा था काम

**केटी न्यूज/पटना**



एक सप्ताह के अंदर बिहार में अब तीसरा पुल हादसा हुआ है। इस बार पूर्वी चंपारण के घोड़ासहन प्रखंड में डेढ़ करोड़ की लागत से बन रहा निमार्णाधीन पुल भरभरा कर गिर गया। अब इसका वीडियो वायरल हो रहा है। लोग बिहार सरकार पर सवाल खड़ा कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि घोड़ासहन प्रखंड अमावा से चैनपुर स्टेशन की ओर जाने वाली सड़क पर बन रहे पुल की ढलाई का काम कई दिनों से चल रहा था। शनिवार को पूल के एक हिस्से की ढलाई भी हुई थी। अचानक रात में करीब 40 फीट लंबा हिस्सा गिर गया। लोगों का कहना है कि पुल निर्माण में गुणवत्ता का कोई ख्याल नहीं रखा गया था। पुल में इस्तेमाल की गई सामग्रियों की गुणवत्ता काफी खराब है। इसलिए अररिया के बकरा नदी पर जैसे पुल हादसा हुआ था, वैसा ही हाल यहां भी हुआ। लोगों ने कहा कि अब सवाल उठता है कि ढलाई के वक्त ही पूल ध्वस्त हो जा रहा है। इसकी गुणवत्ता क्या होगी। इसके लिए कौन जिम्मेवार है। बिहार सरकार इस मामले की जांच करे और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई करे। इधर, पुल हादसे के विरोध में लोगों ने जमकर नारेबाजी की। गिरे हुए पुल के सामने ग्रामीण खड़े हो गए इसके बाद नारेबाजी करने लगे। उनका कहना है कि घोड़ासहन प्रखंड के अमवा से चैनपुर स्टेशन जाने वाली सड़क में 40 फीट पुल बनने का काम चल रहा था। ढलाई के कुछ घंटे बाद ही पुल ध्वस्त हो गया। उन्होंने बताया कि आरसीसी पुल का निर्माण धीरेंद्र कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा करवाया जा रहा है।

**22 जून को सीवान में गिरा था पुलः** सीवान के महाराजगंज अनुमंडल के पटेढ़ा और गरौली गांव के बीच गंडक नहर पर पुल अचानक गिर गया। दरअसल, शनिवार सुबह अचानक पुल का एक पाया धंसने लगा। देखते ही पुल नहर में समा गया। हादसे के बाद दो गांव के बीच आवागमन बाधित हो गया है। इलाके में हड़कंप मच गया। लोग पुल के निर्माण कार्य पर सवाल उठा रहे हैं।

### 18 जून को बकरा नदी पर बना पुल गिरा था

18 जून को अररिया जिले सिकटी प्रखंड में बकरा नदी पर बना पुल उद्घाटन से पहले ही पुल ध्वस्त हो गया था। 182 मीटर का पुल कुल तीन हिस्सों में बना था। दो पाए के साथ दो हिस्सा नदी में समा गया। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क निर्माण योजना के तहत बने इस पुल की लागत 7.79 करोड़ रुपये थी। 182 मीटर लंबे इस पुल का निर्माण 2021 में शुरू हुआ था। शुरूआती दौर में यह 7 करोड़ 80 लाख की लागत का था, लेकिन बाद में नदी की धारा बदलने और एप्रोच सड़क को लेकर कुल 12 करोड़ की लागत का हो गया था। वहीं दूसरी लगातार पुल ध्वस्त हो रहे है। उससे सरकार की कार्य शैली पर सवाल उठने लगे है। आखिर किस कारण से यह घटना हो रही है। वहीं दूसरी ओर सरकार की ओर से इनके विरूद्ध कोई सख्त कदम नहीं उठाया जा रहा है।

# छपरा में सड़क मार्ग छोड़ जल मार्ग से शराब तस्करी नाव से लायी जा रही 25 लाख रुपये की शराब जब्त

**केटी न्यूज/छपरा**

शराब तस्करी के लिए तस्कर नए-नए तरीके निकाल रहे हैं। ताकि उनका शराब तस्करी का साम्राज्य बना रहे। सारण पुलिस, उत्पाद विभाग और एलटीएफ की टीम ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए दो नावों और लाखों रुपये मूल्य की शराब को बरामद किया है। एक दिन में दो नावों की जब्ती पुलिस के लिए बड़ी सफलता है। जानकारी के मुताबिक, पुलिस को सूचना मिली कि डोरीगंज थाना क्षेत्र के नदी के तटीय इलाके में नाव से शराब तस्करी की जा रही है। उसके बाद स्थानीय डोरीगंज थाना पुलिस और एएलटीएफ द्वारा छापामारी करते हुए डोरीगंज थाना के चकिया घाट से नाव जब्त की गई। बताया जा रहा है कि नाव में विशेष तहखाना बनाकर शराब की तस्करी की जा रही थी। वहीं, शराब की दूसरी खेप को उत्पाद विभाग द्वारा डोरीगंज थाना क्षेत्र के महुआ घाट से जब्त किया गया है। इसमें लगभग 1,248 लीटर विदेशी शराब जब्त की गई।, जिसका बाजार मूल्य लगभग 25 लाख रुपये से अधिक आंकलन किया गया है। पुलिस ने बताया कि शराब की तस्करी सारण के तटीय नदी मार्ग से की जा रही है। क्योंकि नदी किनारे उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती बलिया जिला होने से शराब तस्कर आसानी से तस्करी की घटना को अंजाम देने में पीछे नहीं रहते हैं।

उचित मूल्य
9800197310
उत्तम व्यवहार
गीता प्रेस
पुस्तक की दुकान
सभी प्रकार की धार्मिक पुस्तकों के एकमात्र विक्रेता
सहयोगी प्रतिष्ठान
डॉ. रामप्रवेश राय (मुन्ना राय)
: 6299941536
लक्ष्मी पैलेस मेन रोड, बक्सर (नहर के पास)

# पीड़िता ने मांगा न्याय, कहा...बहन को मेरा पति, मां को मेरे ससुर भगा ले गए

**केटी न्यूज/मुजफ्फरपुर**




मुजफ्फरपुर में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। यहां दो दिन के अंदर जीजा अपनी साली को और ससुर अपनी समधन को लेकर फरार हो गए। दो दिन बाद भी जब चारों घर नहीं लौटे तो एक महिला न्याय मांगने के लिए थाना पहुंच गई। महिला ने अपने पति और ससुर के खिलाफ शिकायत की। उसका आरोप है कि उसका पति उसकी बहन और ससुर उसकी मां को लेकर फरार हो गया। काफी इंतजार किया लेकिन कोई नहीं आए। अब वह अपने बच्चे के साथ दर-दर की ठोकर खा रही है। घटना सकरा थाना क्षेत्र के एक गांव की है जिसने थाने में आवेदन दिया है जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दिया है। दर्ज प्राथमिकी में पीड़िता ने बताया कि 2021 में उसकी शादी भगवानपुर निवासी छोटू से हुई थी। शादी के कुछ दिन तक सब कुछ ठीक ठाक रहा। एक बच्चे को भी जन्म दिया। सबकुछ ठीक चल रहा था।

इसी बीच छोटू का दिल मेरी छोटी बहन पर आ गया। दोनों बातचीत करने लगे और दोनों घर से भागकर शादी रचा ली। जब यह बात मैंने अपनी मां को बताई तो आननफानन में वह मेरे ससुराल पहुंची। इसी बीच मेरे ससुर और मेरी मां एक-दूसरे के करीब आ गए। अचानक मेरे ससुर मेरी मां को अपने साथ भगा ले गए। जब दोनों घर नहीं लौटे तो मुझे चिंता हुई। पीड़िता ने कहा कि छानबीन करने पर जब सच्चाई का पता चला तो मैं हैरान रह गई। मेरी मां भी बहन की तरह की प्रेम प्रसंग में पड़ गई। इसके बाद पुलिस के पास पहुंची। पीड़िता ने बताया कि दोनों एक ट्रेन से सफर कर निकल गए और अब मैं यहां पर भटक रही हूं। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच चल रही है। परिजन और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। मामले में आगे की कार्रवाई चल रही है।

### आपसी रंजिश में दो पक्षों में हुई गोलीबारी, दो की हालत गंभीर

**कैमूर।** कैमूर जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के पुरुषोत्तमपुर गांव में दो पक्षों में आपसी रंजिश को लेकर जमकर गोलीबारी हुई। इस घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद दोनों घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद वाराणसी हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे मोहनिया डीएसपी दिलीप कुमार पूरे मामले की जांच में जुट गए। घटना को लेकर मोहनिया डीएसपी दिलीप कुमार ने बताया कि रामगढ़ थाना क्षेत्र के पुरुषोत्तमपुर गांव में आपसी रंजिश को लेकर दो पक्षों में गोलीबारी हुई है। इस घटना में नीतीश और आकाश का नाम के दो लोगों को गोली लगी है। एक को पेट में और दूसरे के हाथ में गोली लगी है। किस मामले को लेकर गोलीबारी की घटना हुई है अभी यह साफ नहीं हो सका है। घायल पक्ष द्वारा कोई आवेदन अभी नहीं दिया गया है।

### 800-800 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता वाली तीन नई इकाइयां होंगी स्थापित

# केंद्र सरकार ने औरंगाबाद के एनएसटीपीएस बिजली परियोजना के क्षमता विस्तार स्टेज-2 को दी मंजूरी

- 25 हजार करोड़ के निवेश से बदल जाएगी औरंगाबाद की तस्वीर

**केटी न्यूज/पटना**



सरकार ने बिहार को एक बड़ी सौगात दी है। सरकार ने एनटीपीसी लि. के पूर्ण स्वामित्व की 1980 मेगावाट ताप विद्युत उत्पादन क्षमता वाली औरंगाबाद के नबीनगर सुपर थर्मल पावर स्टेशन के क्षमता विस्तार स्टेज-2 को मंजूरी दे दी है। स्टेज-2 के तहत एनएसटीपीएस में 800-800 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता वाली तीन नई इकाइयां स्थापित की जाएंगी। तीन नई इकाइयों की स्थापना से एनएसटीपीएस की कुल बिजली उत्पादन क्षमता 1,800 मेगावाट से बढ़कर 4,380 मेगावाट हो जाएगी। इससे यह परियोजना सर्वाधिक बिजली उत्पादन करने वाली देश की दूसरी सबसे बड़ी ताप विद्युत परियोजना बन जाएगी। केंद्र द्वारा दी गई मंजूरी के तहत एनएसटीपीएस के क्षमता विस्तार के लिए 25 हजार करोड़ से अधिक का निवेश होगा। यह निवेश बिहार में किसी भी परियोजना के लिए अब तक का सबसे बड़ा निवेश है। परियोजना के 2,400 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता विस्तार के लिए शीघ्र ही निविदा की जाएगी। 25 हजार करोड़ के निवेश से बदल जाएगी औरंगाबाद की तस्वीर। केंद्र सरकार और उर्जा मंत्रालय के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार एनएसटीपीएस के स्टेज-2 के तहत 800-800 मेगावाट (कुल 2,400 मेगावाट) बिजली उत्पादन क्षमता वाली तीन नई इकाइयों को धरातल पर उतारने के लिए 25 हजार करोड़ से अधिक का निवेश किया जाएगा। यह बिहार में किसी भी परियोजना के लिए अब तक का सबसे बड़ा निवेश होगा। इस निवेश से इस पूरे इलाके की तस्वीर बदल जाएगी। इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और क्षेत्र में आर्थिक समृद्धि आएगी। प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से हजारों लोगों के लिए रोजगार के नए साधन उपलब्ध हो सकेंगे। साथ ही पुनर्वास और पुनर्स्थापना तथा नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में भी काफी मदद मिलेगी। इस मद में जिले में, खासकर परियोजना प्रभावित इलाके में करोड़ों रुपये से बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इतनी बड़ी परियोजना के लिए व्यापक मानव संसाधन की आवश्यकता होगी और इस निवेश से प्रत्येक आर्थिक गतिविधि को प्रोत्साहन मिलेगा।




# शराब बरामद लेकिन तस्कर फरार, अब ऐसी कार्यशैली नहीं चलेगी : एसपी

- एसपी ने थानेदारों व पुलिस पदाधिकारियों के साथ की क्राइम मीटिंग
- बोले एसपी... शराब तस्करी व अवैध खनन पर लगाएं लगाम

**केटी न्यूज/बक्सर**

एसपी मनीष कुमार ने रविवार को जिले के सभी थानों के थानाध्यक्षों व पुलिस पदाधिकारियों के साथ क्राइम मीटिंग किया। इस दौरान वे जिले में शराब तस्करी पर पूर्णतः लगाम नहीं लगने से नाराज दिखे तथा पुलिस पदाधिकारियों व थानाध्यक्षों को सख्त निर्देश दिए कि शराब तस्करी पर पूरी तरह से रोक लगनी चाहिए। एसपी ने कहा कि अक्सर ऐसी बाते देखने को मिल रही है कि पुलिस ने शराब तो बरामद किया है, लेकिन तस्कर फरार हो गए है। एसपी ने कहा कि यह नहीं चलने वाला है। शराब के साथ तस्करों को भी पकड़ना होगा। वही, क्राइम मीटिंग के दौरान एसपी ने जिले में बालू के अवैध खनन व तस्करी पर रोक लगाने का निर्देश भी दिया। एसपी ने कहा कि खनन पदाधिकारी पर हमला इस बात के प्रमाण है कि बालू माफियाओं के मनोबल कितने बढ़े.है। उन्होंने खनन पदाधिकारी पर हमला करने वालों को अविलंब गिरफ्तार करने, जिले के सभी हिस्सों में अवैध खनन पर रोक लगाने का निर्देश दिये।



**जिले के प्रवेश द्वारों पर रखे विशेष नजर :** एसपी ने शराब तस्करी के जीरो टालरेंस की नीति को पूरी तरह से धरातल पर उतारने की बात कही। उन्होंने कहा कि जिले के जितने प्रवेश द्वार है, वहां विशेष चौकसी बरती है। जिससे की शराब तस्कर अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सके। एसपी ने कहा कि शराब की उपलब्धता इस बात के प्रमाण है कि शराब तस्कर काफी सक्रिय है। उन्हें रोकने के लिए पुलिस को और अधिक प्रयास करना होगा।

**हाल में पुलिस को मिल चुकी है कई सफलताएं :** बता दें कि पुलिस को शराब तस्करी के खिलाफ कई सफलताएं मिल चुकी है। इनमें वीर कुंवर सिंह चेकपोस्ट पर हाल के दिनों शराब की कई बड़ी खेप बरामद हो चुकी है, जबकि दो दिन पहले तो तस्करों के लिए लाइनर की भूमिका निभाने वाले होमगार्ड क दो जवानों को भी गिरफ्तार किया गया है। चेक पोस्ट पर तैनात उत्पाद विभाग के अलावे एनएच 922 पर स्थित नया भोजपुर ओपी, कृष्णाब्रह्म व ब्रह्मपुर थाना क्षेत्रों में शराब लदी कंटेनर बरामद हो चुकी है। एसपी ने कहा कि इसके बाद भी तस्करों की सक्रियता जारी है। जिससे पुलिस को अब उनके नेटवर्क को तोड़ने तथा शरात तस्करी पर पूरी तरह से लगाम लगाने के लिए नये तरीके से रणनीति बनानी होगी। वही एसपी ने कहा कि अवैध खनन पर रोक लगाने का प्रयास किया जाए। जो भी खनन में तस्कर शामिल हो रहे है। उनकी धर-पकड़ की जाए। एसपी मनीष कुमार ने सभी थानाध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा कि रात्री गश्त में तेजी लाया जाए। एसपी ने थानाध्यक्षों को चेतावनी दी कि वे खुद रात्री के समय थानों का निरीक्षण करने निकलेंगे। इस दौरान ड्यूटि से गायब या लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। क्राइम मीटिंग में सदर एसडीपीओ धीरज कुमार, डुमरांव एसडीपीओ अफाक अंसारी, ट्रिफिक इंचार्ज रजिया सुल्ताना, अनीशा राणा, सर्किल इंस्पेक्टर संजय सिंह, मॉडल थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा, डुमरांव थानाध्यक्ष शंभु कुमार भगत, ब्रह्मपुर थानाध्यक्ष धर्मेंद्र यादव, अद्यौगिक थानाध्यक्ष अविनाश कुमार, राजपुर थानाध्यक्ष संतोष कुमार, धनसोई थानाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश, नावानगर थानाध्यक्ष डॉ नंदू कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

### राजपुर थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में शव मिलने से मची सनसनी, छानबीन में जुटी पुलिस

# झाड़ियों में मिला युवक का शव, बोले परिजन- अजीत की हत्या की गई है

- परिजन बोले... मछलियों को चारा डालने गया था युवक, सुबह मिली मौत की सूचना

**केटी न्यूज/राजपुर**





राजपुर थाना क्षेत्र के रामपुर में धर्मावती व कर्मनाशा नदियों के तट पर मछलियों को चारा खिलाने गए एक 30 वर्षीय युवक की हत्या कर दी गई है और शव को झाड़ियों में फेंक दिया गया। इस घटना की जानकारी के बाद गांव में सनसनी फैल गई। देखते-देखते सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। वही सूचना पर घर मे कोहराम मच गया। गांव के चौकीदार द्वारा स्थानीय पुलिस को इसकी जानकारी दी गई, जहा पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले जांच में जुट गई। घटना रविवार की सुबह की है। घटना के सम्बंध में ग्रामीणों में कई तरह की चचाएं हो रही है। ग्रामीण सूत्रों ने बताया कि पूर्व में भी उस पर जानलेवा हमला हुआ था।

मिली जानकारी के अनुसार रामपुर निवासी जगदीश सिंह का पुत्र अजीत कुमार मूंग की खेती व पोखरा ले मत्स्य पालन किया था। जिसको लेकर वह प्रतिदिन सुबह देख-रेख व मछलियों को चारा डालने जाता तथा आठ, नौ बजते घर वापस चला आता था। रविवार की सुबह अजीत लगभग पांच बजे के आसपास घर से निकल पोखरे पर चला गया। लेकिन, वह दस बजे तक घर वापस नहीं लौटा, तो घर वालों को चिंता होने लगी। उसके मोबाइल पर सम्पर्क करने लगे। मगर, उधर से कोई रिस्पॉन्स नहीं मिलने पर घरवालों में कुछ शंका होने लगी, जिसकी तलाश में वे पोखरे की तरफ चले गए। जहा स्थिति को देख चौक पड़े। देखते ही देखते इस घटना की जानकारी पूरे गांव में जंगल की आग की तरह फैल गई। भागे-भागे लोग घटनास्थल पर पहुंचे, जहां मृत पड़े अजीत को देख भौचक रह गए। ग्रामीणों का कहना है कि अजीत की हत्या की गई है। इधर घर वालो को यह खबर मिली तो घर मे कोहराम मच गया। रो-रोकर परिजनों का बुरा हाल हो गया। इधर सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम को भेज, घटना के सम्बंध में जांच करने लगी।

## चार वर्ष पहले भी अजीत पर हुआ था जानलेवा हमला

जगदीश सिंह के पुत्र अजीत कुमार पर विगत चार वर्ष पूर्व भी जानलेवा हमला हुआ था। उस समय उसके बांह में गोली लगी थी। जिससे उसकी जान बच गई थी। बताया जाता है कि चार वर्ष पूर्व अजीत अपने ही पड़ोस की एक लड़की से प्रेम विवाह किया था। कुछ ही दिन बाद लड़की ने जहर खाकर आत्म हत्या कर ली थी।

इस मामले में उसपर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जिस मामले में वह जेल भी गया था। बाहर आने पर गुस्साए लोगों ने इस पर हमला किया था। उस समय उसके बांह में गोली लगी थी। जिसके कारण उसकी जान बच गई। उक्त मामले में प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई थी। इस मामले में इस केस पर इन दिनों सुनवाई हो रही थी। तब तक यह घटना हो गई। यह मामला गांव में एक बार फिर चर्चा का विषय बन गया है। मृतक के परिजनों ने पुलिस को बताया कि केस में गवाही चल रही थी। उनलोगों द्वारा विगत कई दिनों से धमकी दी जा रही थी।

### शरीर पर चोट या खरोच के निशान नहीं

थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची। पंचनामा के बाद शव को उठवा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि मृतक के शरीर पर चोट या खरोच के निशान नहीं मिले है। हालांकि, इसके कान से खून बह रहा था तथा इसके हाथ में काला धब्बा है। जैसे धारा प्रभावित तार के सम्पर्क में आया हो, इसलिए मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही बताया जा सकता है। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक परिजनों द्वारा मामले में एफआईआर दर्ज नहीं कराया गया था।

## बिजली चोरी के आरोप में छह पर प्राथमिकी, 1.41 लाख का जुर्माना

**बक्सर।** बिजली चोरी रोकने के विरुद्ध लगातार विशेष अभियान में दलसागर सेक्शन के उमरपुर पंचायत के नाट में एसडीओ रविराज के नेतृत्व में छापेमारी किया गया। जेई हिमांशु कुमार ने बताया कि शनिवार को विद्युत ऊर्जा की चोरी की जांच के लिए एक जांच दल गठन किया गया था। जांच टीम में उनके अलावा रविराज, सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बक्सर ग्रामीण, विद्युत आपूर्ति प्रशाखा दलसागर, शिवम कुमार उपाध्याय मानवबल, अखिलेश कुमार सिंह, मानवबल छोटक साह, मानवबल, मनीष कुमार गुप्ता, मानवबल शामिल रहे। जांच दल लगभग 10रू15 बजे नाट निवासी स्व. मोहम्मद हुसैन के पुत्र मोहम्मद रहमान के आवसीय परिसर पर पहुंचा तो पाया कि इनके द्वारा परिसर में मीटर से मेन सर्विस वायर को बाईपास करके विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी। जिनके उपर 20 हजार 800 रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसके बाद जांच दल इस्लाम खां के आवासीय परिसर में छापेमारी की। इस दौरान ये भी गलत तरीके से बिजली चोरी करते पकड़े गए। जिनके उपर 45 हजार 700 रुपये जुर्माना लगाया गया। इसके बाद छोपमारी दल आजाद अहमद को बिजली चोरी के करने के आरोप में चिन्हित करते हुए नौ हजार 400 रुपये का जुर्माना लगाया। विश्वेसर भगत भी गलत तरीके से बिजली चोरी करते पकड़े गए। जिनके उपर 13 हजार 13 हजार 257 रुपये का जुर्माना लगाया गया। वही सुरेश राम पिता रामबचन पासवान भी गलत तरीके से बिजली चोरी करते पकड़े गए। जिन पर 31121 121 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

## बक्सर सेंट्रल जेल में विचाराधीन बंदी की इलाज के दौरान हुई मौत

**केटी न्यूज/बक्सर**

रविवार को बक्सर सेंट्रल जेल में सजा भुगत रहे एक विचाराधीन कैदी की मौत हो गई है।

मामले में कारा प्रशासन द्वारा शव का पोस्टमॉर्टम करा परिजनों को सौंपने के अलावे टाउन थाने में यूडी केस भी दर्ज कराया गया है। मृतक कैदी की पहचान जिले के सोनवर्षा ओपी क्षेत्र के सोनवर्षा गांव निवासी स्व.सूर्य नारायण चौधरी के पुत्र उमा शंकर चौधरी उर्फ उमा चौधरी के रूप में हुई है। जो नावानगर थाना के एनडीपीएस ऐक्ट के एक मामले में जेल में बंद थे। वे पिछले पांच दिनों से बीमार चल रहे थे। जानकारी के अनुसार हीट स्ट्रोक व शरीर के



दाहिने तरफ लकवा की शिकायत के बाद 18 जून को इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल भेजा गया था। लेकिन वहां के चकित्सकों ने उसे हायर सेंटर पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया। पीएमसीएच में इलाज के बाद 20 जून को छुट्टी मिलने पर उसे लाकर केन्द्रीय कारा के अस्पताल में दाखिल कराया गया था। जहां रविवार को ज्यादा तबीयत बिगड़ने के बाद सदर अस्पतल ले जाने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## कार्रवाई: शौचालय की साफ-सफाई के लिए एजेंसी को डीपीओ ने किया शोकॉज, करेंगे ब्लैक लिस्टेड

**केटी न्यूज/बक्सर**

जिले के विद्यालयों के शौचालय की साफ-सफाई में लापरवाही बरतने को लेकर हाउस कीपिंग एजेंसियों पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सर्व शिक्षा अभियान मोहम्मद शारीक अशरफ ने स्पष्टीकरण किया है। स्पष्टीकरण का जबाव नहीं देने वाली एजेंसियों पर कारवाई स्वरूप कार्य आदेश को निरस्त करते हुए काली सूचि में डालने की कारवाई की जाएगी। जिले के विद्यालयों में स्थित शौचालय तथा यूरिनल की साफ-सफाई को लेकर एजेंसी की तैनाती की गई है। जिससे विद्यालय के शौचालय को स्वच्छ बनाया रखा जा सके। इस क्रम में




नियुक्त एजेंसी अपने कार्यों में घोर लापरवाही कर रही है। विद्यालयों के शौचालय की साफ-सफाई नहीं हो पा रही है। विद्यालयों के निरीक्षण के क्रम में यह बात सामने आइ है। जिले के विद्यालयों की साफ-सफाई को लेकर फस्ट आईडिया, जेकेएसबी, इंटरप्राइजेज एवं रूद्र सागर सेवा संस्थान को कार्य आदेश दिया गया है।

पत्र के माध्यम से डीपीओ ने कहा है कि आप सबों के द्वारा आश्वासन दिया गया था कि आवंटित प्रखंडों में शौचालय की साफ-सफाई सुचारू रूप से की जाएगी। हाल यह है कि आपसबों के द्वारा अभी तक हाउसकीपिंग कर्मियों तथा सुपरवाइजर का फोन नंबर भी उपलब्ध नहीं कराया गया है जो कि खेदजनक है। जिससे दिन प्रतिदिन साफ-सफाई की समस्या का निस्तारण नहीं हो पा रहा है एवं अधिक मात्रा में शिकायत दर्ज की जा रही है। सभी को पूर्व में भी स्पष्ट रूप से यह भी निर्देश दिया गया था कि विद्यालयों में अपने हाउसकीपिंग कर्मियों की उपस्थिति प्रधानाध्यापक के द्वारा खोले गए उपस्थिति पंजी पर की जाएगी परंतु निरीक्षण के दौरान ऐसी कोई उपस्थिति नदारत है। जिससे यह प्रतीत होता है कि आपको आवंटित किये गये कार्य में अभिरुचि नहीं है। इसको देखते हुए आपसबों को अंतिम रूप से चेतावनी देते हुए आदेश दिया जाता है कि सफाई कर्मियों तथा सुपरवाइजर से मांगी गई वांछित सूची अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध करायें। अपने हाउसकीपिंग कर्मियों को विद्यालय द्वारा खोले गए पंजी पर उपस्थिति दर्ज कराने हेतु निर्देशित करे। उक्त घोर लापरवाही के फलस्वरुप आप अपना स्पष्टीकरण समर्पित करें कि क्यों नहीं आपके कार्य आदेश को निरस्त करते हुए काली सूची में दर्ज कर दिया जाए।

## एक नजर

### सोशल मीडिया इफेक्ट : इंस्टाग्राम पर प्यार के चक्कर में घर से भागी किशोरी, बक्सर से बरामद

**बक्सर।** किशोरावस्था में मोबाइल व इंटरनेट की लत किस कदर खतरनाक है, इसका एक मामला बक्सर रेलवे स्टेशन पर देखने को मिला। जब आरपीएफ की टीम ने नागपुर के एक 15 वर्षीय किशोरी को बक्सर रेलवे स्टेशन से बरामद किया। उसके परिजनों ने उसके गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया था। जबकि किशोरी इंस्टाग्राम पर चैटिंग के दौरान पटना के एक युवक को दिल दे बैठी थी तथा उससे मिलने के लिए घर छोड़ नागपुर से पटना के लिए चली थी। इधर, परिजनों की शिकायत के बाद आरपीएफ की टीम ने उसे सकुशल बरामद कर लिया। बरामद करने के बाद उसे फिलहाल चाइल्ड लाइन को सौंपा गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए हुए आरपीएफ के इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया कि किशोरी के परिजनों को भी उसके बरामद होने की जानकारी दी गई है। दीपक की माने तो पूछताछ में किशोरी ने स्वीकार किया कि इंस्टाग्राम पर चैटिंग के दौरान पटना के साहुल कुमार नाम के एक लड़के से उसकी नजदिकियां बढ़ गई है, जिससे मिलने वह पटना जा रही थी। इसी दौरान आरपीएफ के हत्थे चढ़ गई। इस घटना के बाद लोग यह कहते सुने जा रहे है कि किशोरों में स्मार्ट फोन व सोशल मीडिया की लत काफी खतरनाक है। इस कारण अक्सर किशोर-किशोरी घर छोड़ फरार हो रहे है। कई तो जान भी गवां चुके है।

### बारिश के बाद भी नहीं मिल रही राहत

**बक्सर।** उमस भरी भीषण गर्मी से परेशान लोगों का जन जीवन अभी भी बेहाल है। जिले में पिछले दिनों हुई बारिश के बाद भी गर्मी से अपेक्षाकृत राहत नहीं मिल पाई है। बारिश के कारण लोगों को तपीश भरी गर्मी से राहत तो कुछ मिली है लेकिन उमस भरी गर्मी से परेशानी अभी भी बनी हुई है। रविवार को अधिकतम तापमान में गिरावट तो दर्ज की गई है लेकिन न्युनतम तापमान में गिरावट नहीं दिखी। अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से घटकर 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। वहीं न्युनतम तापमान अभी भी 31 डिग्री सेल्सियस बना हुआ है। अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान में ज्यादा का अंतर नहीं होने के कारण लोगों की परेशानी बनी हुई है। दिन एवं रात को उमस भरी गर्मी के कारण जन जीवन बेहाल हो गया है। उमस होने के कारण शरीर का पसीना नहीं सुख रहा है। जिसके कारण शरीर में धारण कपड़ा पसीना से भींग जा रहा है। सोमवार को हुई बारिश के बाद लोगों को गर्मी से राहत मिलने की संभावना बढ गई थी। लेकिन उसम भरी गर्मी के कारण परेशानी अभी भी दिन एवं रात में कम नहीं हुई है। पंखा एवं कूलर का हवा से राहत नहीं मिल पा रही है। ज्ञात हो कि बारिश के पहले जिले का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस बना हुआ था। जिसमें फिलहाल कमी दर्ज की गई है। तापमान गिरकर 38 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। जिससे तपीश की गर्मी से राहत मिली है। वहीं उमस भरी गर्मी से परेशनी बनी हुई है। इसके साथ ही न्युनतम तापमान में गिरावट नहीं होने से रात को भी राहत नहीं मिल रही है।

### संविधान से छेड़छाड़ का मंडरा रहा खतरा: चद्रशेखर

**डुमरांव।** सूबे के पूर्व शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि संविधान के संरक्षण की जिम्मेवारी नागरिकों को लेनी होगी। संविधान से छेड़छाड़ का खतरा अबतक नहीं टला है। उक्त बाते सूबे के चर्चित पूर्व शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर सिंह ने रविवार की शाम नंदर गांव में आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि बक्सर सहित शाहाबाद क्षेत्र के लोग बधाई के पात्र हैं। उन्होंने अपने पुराने अंदाज में कहा कि केन्द्र में एनडीए की सरकार बन गई, पर उन्हें मनमानी करने का मौका नहीं मिलेगा। उनहोंने ग्रामीणों से जातीय नफरत से दूर समरसता समाज के निर्माण करने अपील की। इस मौके पर मुखिया रामजी सिंह राजद के वरिष्ठ नेता अखिलेश कुमार, राजेश कुमार, संजय कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

### चोरी की मोबाइल के साथ एक गिरफ्तार

**बक्सर।** बक्सर आरपीएफ की टीम ने चोरी के एक मोबाईल फोन के साथ एक मोबाईल चोर को गिरफ्तार किया है। उसकी गिरफ्तारी निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार द्वारा आरपीएफ पोस्ट बक्सर के द्वारा गठित विशेष टीम द्वारा सुबह 4.30 बजे बक्सर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो तीन से की गई है। गिरफ्तार चोर की शिनाख्त सूरज कुमार पिता रामेश्वर यादव ग्राम हेतमपुर थाना तियर जिला भोजपुर के रूप में हुई है।

### आपसी विवाद में मारपीट, केस दर्ज

**डुमरांव।** डुमरांव थाना क्षेत्र के पकड़ी टोला मोहल्ले में विवाद को लेकर मारपीट किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में मोहल्ले के रहने वाले ददन प्रसाद ने तीन लोगों के खिलाफ नामजद केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है। पीड़ित ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि पकड़ी टोला के रहने वाले राजा कुमार, मुन्ना शर्मा और धीरज शर्मा ने लाठी-डंडे से पिटाई कर दी, जिससे वो जख्मी हो गया और उसका इलाज अनुमंडल अस्पताल में कराया गया। डुमरांव पुलिस ने बताया कि पुलिस पीड़ित के आवेदन पर मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी है।

### फर्जीवाड़े की जननी है केन्द्र सरकार: टीएन चौबे

**बक्सर।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरीय नेता टीएन चौबे ने नीट रिजल्ट के फजीर्वाडे व पर्चा लिक मामले में केन्द्र की एनडीए की सरकार पर बरसते हुए कहा कि केन्द्र सरकार भ्रष्टाचार व फजीर्वाडे. की जननी है। यह फजीर्वाडा केन्द्र सरकार के लिए अहम मुद्दा नहीं है। इसकी नैतिक जिम्मेवारी एनडीए सरकार में बैठे मंत्री लेना ही नहीं चाह रहे हैं। केवल जांच पर जांच का आदेश देने की ही जिम्मेवारी समझती है। नीट फजीर्वाडे.जैसे कई परीक्षाओं के पेपर लीक हुए लेकिन सरकार के कान पर जू तक नहीं रेंगी। छात्रों का जीवन पूरी तरह परीक्षा की तैयारी करने के बाद भी अधर में लटकी है। नीट फजीर्वाडे. की जो जांच ऐजेंसी जो जांच के लिए बैठी है उससे क्या राहत छात्रों को मिलेगी सरकार बतावे। केवल युवाओं बेरोजगारों छात्रों के जीवन को पूरी तरह चौपट करने पर तुली है केन्द्र सरकार। वहीं श्री चौबे ने कहा कि देश में लोकसभा परिणाम घोषित होने के दिन ही नीट परीक्षा का परिणाम भी उसी दिन घोषित हुई ताकि फजीर्वाडे पर किसी का ध्यान केन्द्रित नहीं हो यह भी जांच का अहम मुद्दा है। परीक्षा की चोरी अब इस सरकार में रूकने वाली नहीं है यह अब रूटीन वर्क हो गया है केवल जांच होती रहेगी और युवा छात्रों का भविष्य अधर में लटका रहेगा।

### बक्सर में बलिदान दिवस के रूप में मनाई गई पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पूण्यतिथि

# अखंड भारत के ध्वजवाहक थे श्यामा प्रसाद मुखर्जी: अमरेन्द्र प्रताप

**केटी न्यूज/बक्सर**

भारतीय जनता पार्टी जिला बक्सर ने अपने पार्टी कार्यालय अहिरौली में कार्यक्रम पदाधिकारी जिला उपाध्यक्ष राजू कुशवाहा के नेतृत्व में डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का 120 वां जयंती को बलिदान दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि आरा विधायक अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने भाग लिया। बलिदान दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विजय कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह तथा संचालन का कार्य पूनम रविदास ने किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल्य चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि अमरेन्द्र ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए अपने संबोधन



में कहा कि अखंड भारत के ध्वजवाहक के रूप में उनका कार्य सदा स्मरणीय रहेगा। आज इनके ही बलिदान की देन है कि जम्मू कश्मीर से धारा 370 और 35 ए को भारतीय जनता पार्टी ने हटाया। इससे भारत के अन्य राज्यों की तरह जम्मू कश्मीर में भारत के सारे कानून एवं सुविधाएं जनता के विकास में मददगार सिद्ध हो रही हैं। साथ ही उनके बलिदान से कार्यकताओं को सीख लेनी चाहिए की सबसे पहले राष्ट्र सर्वोपरि है। इसलिए राष्ट्र के हित से ही सभी जनता का हित हो सकता है।

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विजय कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह ने बलिदान दिवस के अवसर पर कार्यकताओं को नसीहत दी कि भविष्य में आप सभी के द्वारा डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सिद्धांतों पर चलते हुए कभी भी देश और संगठन के विरुद्ध कोई कार्य नहीं किया जाए जिससे कि देश और संगठन को नुकसान हो। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के सिद्धांतों पर चल रहे नरेंद्र मोदी के द्वारा गरीबों को मुफ्त राशन, मुफ़्त बिजली कनेक्शन, मुफ्त गैस कनेक्शन, मुफ्त आवास सुविधा इत्यादि तमाम योजनाओं से गरीबों को लाभ मिल रहा है और उनका जीवन स्तर लगातार बेहतर हो रहा है। भारतीय जनता पार्टी के संयोजक राजवंश सिंह ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की आजादी के बाद पहली सरकार के उद्योग मंत्री रहते हुए जम्मू कश्मीर में लागू धारा 370 पर सरकार के नियत का विरोध करते हुए एक देश में दो निशान, दो प्रधान, दो संविधान नहीं चलेगा और जम्मू कश्मीर के अंदर परमिट व्यवस्था का विरोध करते हुए अपने मंत्री पद से इस्तीफा देकर जम्मू कश्मीर के लिए कुच कर गए। 10 मई 1953 को जम्मू सीमा के अन्दर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और उन्हें सेंट्रल जेल में न रखकर अज्ञात जगह पर रखा गया। 23 जून 1953 को उनकी रहस्यमय परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। सरकार ने उनकी मृत्यु की जांच नहीं कराई जिससे आज भारतीय जनता पार्टी बलिदान दिवस के रूप में मानती है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदीप दुबे, राणा प्रताप सिंह, सच्चिदानंद भगत, निरंजन तिवारी, राजू कुशवाहा, मनोज पांडेय, संत कुमार सिंह, राजू यादव, इंदू देवी, मीना सिंह कुशवाहा, सौरभ तिवारी, साबित रोहतास्वी, कंचन देवी, संध्या पांडेय, दीपक सिंह, आशानंद सिंह, जयप्रकाश चौबे, प्रतिभा सिंह, विनोद राय, राहुल दुबे, अमर जायसवाल, कमलेश्वर सिंह, लक्ष्मण शर्मा, रमेश गुप्ता तथा उमाशंकर राय जिला मीडिया प्रभारी व अन्य उपस्थित रहे।

## 25 जून को जैव विविधता प्रबंध समितियों का होगा सम्मेलन

**केटी न्यूज/बक्सर**

जैव विविधता प्रबंध समितियों का सम्मेलन 25 जून को वीडियो कॉन्फ्रेंस के द्वारा आयोजित किया गया है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डा. प्रेम कुमार की अध्यक्षता में आयोजित सम्मेलन में जिले के प्रखण्ड एवं जिला स्तर पर कार्यरत जैव अगला लेख विविधता प्रबंध समितियां भाग लेंगी।

कार्यक्रम में मंत्री द्वारा ग्राम पंचायतों, प्रखंड पंचायत समिति तथा जिला पर्षद में गठित सभी जैव विविधता प्रबन्ध समितियों को सम्बोधित किया जाएगा। सम्मेलन में वन प्रमण्डल पदाधिकारी डीएफओ, जिला पंचायती राज पदाधिकारी भाग लेंगे। कार्यक्रम में प्रधान मुख्य वन संरक्षक, बिहार तथा वरिष्ठ वन पदाधिकारी एवं बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद के अध्यक्ष, सचिव एवं वरीय पदाधिकारी भी भाग लेंगे। डीएफओ शिवनंदन चौधरी के मुताबिक जिला मुख्यालय में वन प्रमण्डल कार्यालय व प्रखंडों में प्रखंड कार्यालयों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की व्यवस्था की गयी है। सम्मेलन में जैव विविधता प्रबन्ध समितियों का उन्मुखीकरण किया जाएगा ताकि वे सक्रियता से अपने क्षेत्र में जैव विविधता संरक्षण के क्रिया-कलापों में सहभागी बन सकें। साथ ही क्षेत्र में पाए जाने वाले जैव संसाधनों के संरक्षण, संवहनीय उपयोग तथा उनके वाणिज्यिक उपयोग करने संबंधी विषयों पर प्रकाश डाला जाएगा। इसके अलावे पंचायत, प्रखण्ड या जिला स्तर पर गठित समितियों को सुदृढ़ करने व जैव विविधता संरक्षण में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने पर चर्चा होगी।

## छात्रशक्ति ने नगर परिषद को पांच दिनों में कचरा हटाने का दिया अल्टीमेट

# ताज्जुब : रामरेखा घाट के पास कचरा डंप कर रहा नगर परिषद, छात्रशक्ति ने जताया आक्रोश

- नगर की सफाई की बजाय उसे गंदा करने पर नप प्रतिमाह खर्च कर रहा 80 लाख रुपए

**केटी न्यूज/बक्सर**





बक्सर नगर परिषद द्वारा बक्सर के आस्था के केन्द्र व पौराणिक काल से ही काफी महत्वपूर्ण माने जाने वाले रामरेखा घाट के पास कूड़ा डंपिंग किया गया हैं। नगर परिषद यहां कचरा डंपिंग जोन बनाना चाहती है। जिस पर प्रत्येक रविवार रामरेखा घाट पर गंगा की सफाई करने वाली छात्रशक्ति की टीम ने कड़ा एतराज जताया है। छात्रशक्ति ने इसे बक्सर के ऐतिहासिक व पौराणिक महत्व को धूमिक करने की साजिश बताया और नगर परिषद प्रशासन को अल्टीमेटम दिया है कि पांच दिनों के अंदर रामरेखा घाट के पास से कचरा हटाए नहीं तो उस कचरे को उठाकर नगर परिषद कार्यालय में फेंका जाएगा। छात्रा शक्ति द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि नगर परिषद नगर की स्वच्छता की जमकर धज्जियां उड़ा रहा है। नगर की सफाई की बजाय नगर को ही गंदा करने पर 80 लाख रुपए प्रतिमाह खर्च कर रहा है। धार्मिक घाट की सफाई करने की बजाय ऐतिहासिक एवं धार्मिक महता वाले रामरेखाघाट को डंपिंग जोन बना दिया है। जहां प्रतिदिन गंगा स्नान करने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसको देखते हुए छात्र शक्ति ने बक्सर नगर परिषद के प्रति कड़ा रूप अख्तियार करते हुए सफाई का चेतावनी तक दिया है।

### गाइड लाइन को हो रहा उल्लंघन

सौरभ तिवारी ने कहा है कि नगर विकास विभाग ने अपने गाइड लाइन में साफ कहा है कि धार्मिक स्थलों, नदियों या जलाशयों के किनारे, अस्पताल तथा स्कूल जैसे सार्वजनिक स्थलों के पास कचरा डंप नहीं किया जाएगा। लेकिन बक्सर नगर परिषद ने इसका उल्लंघन किया है। जिस कारण शहरवासियों में भी नगर परिषद के इस रवैये के प्रति गहरा आक्रोश है। लोगों ने कहा है कि यदि नगर परिषद अपनी इस हरकत को नहीं रोकता है तो जल्दी ही चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा।

**कचड़ा फेंकने से उठ रहा दुर्गंध :** नगर के धार्मिक महता वाले रामरेखाघाट पर कचरे को डंप करने के कारण चारों तरफ बदबू एवं दुर्गंध फैल रहा है। जिसके प्रति छात्र शक्ति ने आक्रोश व्यक्त किया है। आक्रोश व्यक्त करते हुए छात्र शक्ति के संयोजक सौरभ तिवारी ने कहा कि नगर परिषद धार्मिक एवं ऐतिहासिक रामरेखा घाट पर नगर की कचरे को डंप कर रहा है। नगर परिषद के डंप कचरे से रामरेखा घाट पर बदबू फैल रही है। उन्होंने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि नगर परिषद यदि 5 दिन के अंदर में कचरा का उठाव विश्व प्रसिद्ध धार्मिक एवं ऐतिहासिक गंगा घाट से नहीं करता है, तो 7 दिन में इस कचरे को छात्र शक्ति नगर परिषद के कार्यालय में पहुंचाने का कार्य करेंगे। इस मौके पर छात्र शक्ति के संयोजक सौरभ तिवारी के साथ छात्र शक्ति के अन्य कार्यकर्ता एवं गंगा आरती के पुजारी लाल बाबा शामिल रहे। जबकि रामरेखा घाट पर न केवल जिले के बल्कि अन्य प्रदेशों के लोग भी स्नान करने के लिए प्रतिदिन पहुंचते हैं। गंगा घाटों की सफाई को लेकर लाखों रुपए प्रतिमाह नगर परिषद से खर्च किये जाते है। लेकिन सफाई एजेंसी गंगा घाटों की सफाई के प्रति उदासीन बना हुआ है।

**किला मैदान के पास भी होता है कचरा डंपिंग :** बताते चलें कि नगर परिषद के षरा जिला मुख्शलय स्थित किला मैदान के समीप नहर के पास भी कचरों की डंपिंग की जाती है। जहां पर नप के कर्मचारियों के द्वारा समय समय पर आग लगा दी जाती है। जिसके कारण शहर के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उसके बावजदू भी नगर परिषद ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की है।

## एक नजर

### जलजमाव रोकने के लिए नाला उड़ाही का काम शुरू



**डुमरांव।** नगर परिषद ने शहर में जलजमव को रोकने को लेकर नाले की सफाई शुरू कर दिया है। पहले चरण में डुमरांव शहर के नाली, गली और सेंट्रल नाला की सफाई की गई थी। वहीं द्वितीय चरण में विस्तारित क्षेत्र के पुरानाभोजपुर और नयाभोजपुर पंचायत का गांव जो पड़ता था, उसकी की जा रही है। विस्तारित क्षेत्रों में नाला की सफाई शुरू होने से लोगों ने बरसात शुरू होने के बाद होने वाले जलजमाव से मिलने वाली मुक्ति से काफी खुश हैं। मिली जानकारी के अनुसार नगर के विस्तारित क्षेत्रों में पहले नाला सफाई का कोरम पूरा किया जाता था। जब से इसे नप के विस्तारित क्षेत्र में शामिल किया गया है, नप से लोगों को काफी उम्मीद जगी है। उनके उम्मीदों पर नप खरा उतर रहा है। बरसात में विस्तारित क्षेत्र के लोग जलजमाव से काफी परेशान रहते थे। रोड पर पानी लग जाने से घरों तक में पानी प्रवेश कर जाता था। छोटे बच्चों और महिलाओं को सबसे अधिक जलजमाव से परेशानी उठानी पड़ती थी। लोगों को आने-जाने में परेशानी तो होती ही थी, गरीब परिवारों को बरसात में जग कर रात गुजरानी पड़ती थी। नाला की सफाई होने से अब न घर में पानी प्रवेश करेगा और नहीं जलजमाव की समस्या उत्पन्न होगी। इसकी जानकारी देते हुए नप चेयरमैन सुनीता गुप्ता ने बताया की विस्तारित क्षत्र हो या डुमरांव शहरी क्षत्र सभी जगहों के सेंट्रल नाला और संपर्क नालियों का सफाई की जा रही है।

### देसी व विदेशी शराब के साथ दो तस्कर धराये

**डुमरांव।** डुमरांव पुलिस ने शराब के खिलाफ अभियान चलाकर देसी व विदेशी शराब के साथ दो तस्करों को पकड़ने में सफलता पायी है। तस्करों से पुलिस कड़ी पूछताछ कर जेल भेज दिया। पकड़े गये तस्करों की पहचान साफाखाना रोड मोहल्ले का रहने वाला जितेंद्र मांझी और नावानगर थाना क्षेत्र के रुपसागर गांव निवासी नीरज कुमार के रूप में हुई है। अपर थानाध्यक्ष संजीत कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दोनों तस्कर शराब के धंधे में शामिल है। पुलिस ने त्वरित कारवाई करते हुए दो पाउच के साथ दो लीटर देसी और तीन बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया है। दोनों के खिलाफ मामले को दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

### थर्ड जेंडर के लिए विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**डुमरांव।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष आनन्द नन्दन सिंह एवं अवर न्यायाधीश सह सचिव देवेश कुमार जिला विधिक सेवा प्राधिकार बक्सर के निर्देशन में डुमरांव नगर क्षेत्र के ट्रांसजेंडरों के लिए विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जिसमें पैनल अधिवक्ता मनोज कुमार श्रीवास्तव एवं पीएलवी अनिशा भारती द्वारा उन्हें उनके अधिकारों की विधिवत जानकारी से रुबरु कराया गया। अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव ने कहा की भारत में 15 अप्रैल 2014 को माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने एक तीसरे लिंग की मान्यता दी जो न तो पुरूष हैं और न ही महिला, यह कहते हुए तीसरे लिंग के रूप में ट्रांसजेंडर्स की मान्यता एक सामाजिक या चिकित्सा मुद्दा नहीं है बल्कि एक मानवाधिकार मुद्दा है। भारत में इनकी संख्या लगभग 4.88 लाख है। उन्हें सार्वजनिक स्थलों, कार्यालयों आदि जगहों पर परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उनके साथ भेदभाव या अपराध करने पर सजा का प्रावधान है जिसे सभी ट्रांसजेंडर अपना अधिकार समझते हुए इसे इस्तेमाल कर सकते हैं।




## खबरें फटाफट

### शोक सभा का हुआ आयोजन

**केसठ।** प्रखंड के कुलमनपुर गांव निवासी एवं भगवान वामन चेतना मंच के केसठ प्रखंड अध्यक्ष समाजसेवी रजनीकांत दुबे के 65 वर्षीय माता जी नर्मदा देवी के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा की अध्यक्षता मंच के जिला उपाध्यक्ष प्रकाश पांडेय ने की। वही संचालन संजय ओझा ने किया। उपस्थित लोगों ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। मौके पर आनंद पांडेय, मनोज तिवारी, मनमन पांडेय, आशुतोष चतुर्वेदी, मृत्युंजय तिवारी, प्रमोद चौबे, सरोज तिवारी, अभिषेक ओझा, चमन द्विवेदी, अखिलेश पांडेय समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### मोटर बनने से जलापूर्ति शुरू

**डुमरांव।** नगर के खिरौली में मोटर खराब होने से जलापूर्ति बाधित हो गई थी, इसकी शिकायत वार्ड पार्षद प्रतिनिधि मदन चौबे ने ईओ अनिरूद्ध प्रसाद से शिकायत किया था। शिकायत मिलने के चौबीस घंटे के भीतर खराब मोटर को ठीक कर दिया गया। मोटर ठीक होते ही मोहल्ले के लोगों पेयजल के लिए राहत मिली। सभी अपने-अपने दरवाजे पर लगे नल से पानी भरना शुरू कर दिया।

# डुमरांव शहर के वार्डों में गंदे पानी की निकासी की समस्या बनी गंभीर, राहगीर हो रहे परेशान

**केटी न्यूज/डुमरांव**



डुमरांव नगर परिषद क्षेत्र में गंदे पानी के निकासी की समस्या गंभीर बन गई है। नाले और नालियों की सफाई नहीं होने से पानी का बहाव अवरुद्ध हो गया है। मानसून की आहट आते ही लोगों के माथे पर चिंता की लकीर आ जाती है। शहर के 35 वार्डों में करीब एक दर्जन वार्डों के भीतर जल निकासी की जटिल समस्या का समाधान नहीं हो सका। आश्चर्य की बात है कि हर वित्तीय वर्ष में करोड़ों रुपए नाली-गली के विकास के नाम पर खर्च किए जाते हैं लेकिन स्थिति यह है कि बेमौसम बारिश होने पर शहर की सूरत बिगड़ जाती है। मुख्य सड़क और गलियों में जलजमाव की समस्या से लोगों का आवागमन करना मुश्किल हो जाता है। इस बार भी बरसात शुरू होते हीं शहर की सूरत निश्चित तौर पर बिगड़ने की संभावना है। शहर के बीच से गुजरे नाले और गलियों की नालियों की सघन उड़ाही नहीं हो सकी। उड़ाही के नाम पर नालियों की ऊपरी गंदगी तथा प्लास्टिक-कचरे को सिर्फ छानकर फेंका गया।

लोगों का कहना है कि विकास का दावा और कथा कहने वाली सरकार और इनके प्रशासन तंत्र को जनहित की चिंता नहीं है। इसका गहरा मलाल यहां के लोगों को है। यहां बदहाली का आलम यह है कि थोड़ी सी बारिश होते हीं मुख्य बाजार कीचड़ से सन जाती है। प्रायः हर वर्ग के लोगों का आना-जाना मुश्किल हो जाता है। खासकर महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चों को ज्यादा परेशानी होती है। नाले-नालियों की सफाई को लेकर पैसे की निकासी भी हुई पर धरातल पर जो विकास किए गए हैं उसकी कलई बेमौसम हुई थोड़ी सी बारिश से ही खुल जाती है। स्थानीय साफाखाना रोड मोहल्ले में बड़ी संख्या में नए मकान बने है। यहां गंदे पानी के निकास की व्यवस्था नहीं है। उक्त इलाके से जो नाला गुजरा है वह भी कई जगहों पर भरा हुआ है। उसपर अतिक्रमण भी कर लिया गया हैं जिससे गंदे पानी का बहाव अवरुद्ध है। परिणाम यह है कि हल्की बरसात में भी यह मोहल्ला जलमग्न रहता है। इसी तरह शहर के हरिजी के हाता की भी स्थिति इसी तरह बनी हुई है। दर्जनों बहुमंजिले मकान बनने के बावजूद यहां के लोगों को बरसात में कीचड़ से सने रास्ते से गुजरकर जाना पड़ता है। मुख्य बाजार गोला रोड में बरसात के दिनों में दर्जनों दुकानों में पानी प्रवेश कर जाता है। जिस वजह से दुकानदारों को आर्थिक सहित शारीरिक तौर पर परेशानी झेलनी पड़ती है। टेक्सटाइल कॉलोनी, चाणक्यपुरी कॉलोनी, सुमित्रा कॉलेज रोड सहित कई मोहल्लों का बुरा हाल बारिश के मौसम में बन जाता है। शहर की स्थिति कब सुधरेगी, यह फिलहाल रामभरोसे है। बरसात के दिनों में कई कॉलोनियों और शहरी इलाके में घुटने भर पानी जमा हो जाता है। निचले घरों के आंगन तक पानी चले जाने से स्थिति भयावह हो जाती है।

## न्यायालय का फैसला अति पिछड़ा व पिछड़ा समाज के साथ अन्याय : अजीत

**केटी न्यूज/डुमरांव**




डुमरांव में छात्रों-नौजवानों द्वारा महागठबंधन की सरकार द्वारा दलित, महादलित, अतिपिछड़ा, पिछड़ा आदि वंचित समुदाय के आरक्षण की सीमा को 65 प्रितशत करने के निर्णय को पटना उच्च न्यायालय द्वारा रद्द करने के विरुद्ध जन आक्रोश मार्च निकाला गया। मार्च कृषि कॉलेज के आंबेडकर प्रेरणा स्थान से शुरू होकर मुख्य मार्ग एवं गोला रोड होते हुए गढ़ पर पहुंचा जहा इसे सभा में तब्दील कर दिया गया। मार्च को सम्बोधित करते हुए डुमराँव विधायक डॉ. अजीत कुमार सिंह ने कहा कि पिछड़ों दलितों एवं वंचित समुदाय के आरक्षण पर हो रहे संगठित हमले व उसे कमजोर किए जाने के इस दौर में महागठबंधन की सरकार ने जाति आधारित जनगणना के आधार पर ओबीसी, ईबीसी, दलित और आदिवासियों का आरक्षण बढ़ाकर 65 फीसदी किया था, जो वर्तमान में भी सामाजिक व आर्थिक स्थिति के बिल्कुल न्याय संगत भी है। उच्च न्यायालय को यह समझना चाहिए था कि आरक्षण विस्तार का फैसला बहुत ही ठोस आधार पर किया गया था। भाजपा तो शुरू से ही जाति गणना की विरोधी रही है। बिहार की सत्ता हड़प लेने के बाद वह 65 प्रतिशत आरक्षण को रद्द करवाने के लिए काफी सक्रिय रही है। जाति गणना के खिलाफ उसके ही लोग न्यायालय में गए थे।

उन्होंने यह भी कहा कि अब बिहार की सरकार बदल चुकी है आज की बिहार की सरकार में ऐसे लोग हैं जिन्होंने नब्बे के दशक में जब पिछड़ा समाज को आरक्षण दिया गया तो उसके विरोध में उनके द्वारा सरकार गिरा दी गई और पिछड़ों को प्राप्त आरक्षण को खत्म करने की भरपूर कोशिश की गई। हम 65 प्रतिशत आरक्षण ले कर रहेंगे। कोर्ट से लेकर सड़क तक सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई जारी रहेगी।

कुमार आर्योपेडिक क्लिनिक
डा0 अजित किशोर
M.B.B.S (N.M.C.H. Patna) M.D. (P.M.C.H. Patna)
Consultant Physician, Medical Officer (Bihar Govt.)
चिकित्सा पदाधिकारी अनुमण्डलीय अस्पताल, डुमराँव
छाती, पेट एवं शुगर रोग विशेषज्ञ
सुमित्रा महिला कॉलेज से पूरब, टेलवनी मोड़, डुमराँव, मो०-9122226720

## मंडप पूजन व अरणि मंथन के साथ बक्सर में शुरू हुआ श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ

# धर्म के अनुसार जीवन व्यापन वालों के लिए असंभव कुछ भी नहीं: पौराणिक जी महाराज





**केटी न्यूज/बक्सर**

धर्म के अनुसार जीवन जीने वालों लिए कुछ भी असंभव नहीं है। धरती पर नर रूप में भगवान का अवतरा किसी खास उदेश्य के लिए हुआ था। उक्त बातें रविवार को श्रीराम कथा के दौरान प्रसिद्ध कथा वाचक कृष्णानंद जी महाराज उर्फ पौराणिक जी ने कही। उन्होंने कहा कि सभी अवतारों में प्रभु श्रीराम का अवतार सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि रावण के वध के साथ ही नारद के मोहभंग से भी भगवान श्रीराम का अवतार जुड़ा है। बता दें कि बक्सर के रामरेखाघाट स्थित श्री रामेश्वर नाथ मंदिर परिसर में सर्वजन कल्याण सेवा समिति के तत्वावधान में श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस यज्ञ में रविवार को पूरे वैदिक विधान के साथ मंडप प्रवेश, पंचांग पूजन व अरणि मंथन के अलावे विविध तरह के धार्मिक अनुष्ठान व हवनादि कराए गए। ये सभी धार्मिक कृत्य मंत्रोच्चार के बीच वैदिक विधि-विधान से संपन्न हुए। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा लगाए जा रहे जयघोष तथा साधु संतो के प्रवचन के कारण इलाके में भक्ति रस की अविरल धारा प्रवाहित हो रही है। महायज्ञ में हर दिन बड़ी संख्या में लोग शामिल हो रहे है।

पौराणिक जी ने कथा के दौरान बताया कि यज्ञ में जो आहूतियां दी जाती है वह शुद्ध पदार्थों की होती है। जिससे वातावरण शुद्ध होता है तथा यज्ञ वर्षा कराने में भी सहायक होता है। महायज्ञ के दौरान उच्चारित होने वाले वैदिक मंत्रोच्चार साकारात्मक उर्जा का निर्माण करते है। वही अरणि मंथन व पंजांग पूजन के बाद महायज्ञ मंडप की परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं का तांता लग गया था। यज्ञाचार्य ने बताया कि यज्ञ मंडप में 56 कोटि देवी-देवताओं का वास होता है। उन्होंने कहा कि मंडप परिक्रमा से यज्ञ का फल मिल जाता है। महायज्ञ में कथामृत का पान करने के लिए देर रात तक श्रद्धालु मौजूद थे।

CAMBRIDGE SCHOOL DUMRAON
HARNAHI ROAD, DUMRAON, BUXAR- 802119
Affiliated to C.B.S.E., Delhi, Up to (10+2)- Aff. No. 330723
A CO-EDUCATIONAL SCHOOL FROM NURSERY TO STD. XII
ADMISSION NOTICE FOR STD. XI (SCIENCE & COMMERCE STREAMS)
REGISTRATION & ADMISSION STARTED
ELIGIBILITY CRITERIA
● DIRECT ADMISSION with INTERVIEW FOR CLASS X (2024) PASS OUT STUDENTS OF CAMBRIDGE GROUP OF SCHOOLS with 80% MARKS for PCM, 70% for PCB and 60% for COMMERCE STREAM.
● ADMISSION TEST & INTERVIEW WILL BE CONDUCTED FOR THE STUDENTS OF OTHER SCHOOLS.
SCHOLARSHIP SCHEME
● CANDIDATES WITH 95% & ABOVE WILL BE GIVEN FULL FREESHIP (100% REBATE IN ADMISSION FEE AND MONTHLY TUITION FEE) FOR BOTH CLASSES XI & XII.
● CANDIDATES WITH 90% & ABOVE WILL BE GIVEN HALF FREESHIP (50% REBATE IN ADMISSION FEE AND MONTHLY TUITION FEE) FOR BOTH CLASSES XI & XII.
CHAIRMAN - MR. T.N. CHOUBEY
TOPPERS IN AISSCE (Std. XII)
1st SHAKSHI KUMARI 94.80% 2nd ANKIT KUMAR 92.60% 3rd SANJANA KUMARI 92.00%
SUBJECTWISE HIGHEST MARKS
• English Core - 97 | • Mathematics - 95 | • Accountancy - 95
• Hindi Elective- 95 | • Biology - 96 | • Business Studies- 93
• Physics - 95 | • Chemistry - 95 | • Economics - 94
TOPPERS IN AISSE (Std. X)
1st ARADHYA GUPTA 96.80% 2nd RUKHSAR NAAZ 95.00% 3rd SANANDAN DUBEY 94.80%
SUBJECTWISE HIGHEST MARKS
• English - 94 | • Hindi - 95 | • Science - 96
• Sanskrit - 100 | • Mathematics - 100 | • Social Science - 100
INFORMATION
REGISTRATION FORMS are AVAILABLE and can be OBTAINED from the ADMISSION CELL at CAMBRIDGE SCHOOL DUMRAON, (Junior Wing, Dr. Jagnarayan Hospital Campus) on all working days from 08 AM to 2 PM.
8210918840, 7319972175, 6396686958
www.cambridgeschooldumraon.in
www.facebook.com/CAMBRIDGEDUMRAON
LIMITED SEATS Hurry Up

## छापेमारी करने गयी पुलिस टीम पर पथराव, सिपाही-दफदार सहित कई पुलिस कर्मी चोटिल

- अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के खननी कला की महादलित टोले की घटना
- अवैध शराब बिक्री की सूचना पर छापेमारी करने पहुंची थी टीम

**केटी न्यूज/आरा**

अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के खननी कला गांव स्थित महादलित टोला में रविवार शाम अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी करने पहुंची पुलिस टीम पर हमला कर दिया गया। उसमें दफादार और एक सिपाही सहित आधा दर्जन पुलिस कर्मी जख्मी हो गए। रोड़ेबाजी में पुलिस गाड़ी का शीशा भी टूट गया। थानाध्यक्ष सहित अन्य पुलिस कर्मियों को भी चोटें आने की सूचना है। इनका इलाज पीरो स्थित पीएचसी में कराया गया। हालांकि भोजपुर एसपी की ओर से एक दफादार और एक सिपाही के जख्मी होने की पुष्टि की गयी है। उधर, अचानक रोड़ेबाजी से छापेमारी करने गये पुलिस कर्मी सकते में पड़ गये और जान बचानी पड़ी। बाद में एसडीपीओ राहुल सिंह के नेतृत्व में कई थानों की पुलिस पहुंची और छापेमारी अभियान शुरू



किया गया। पुलिस द्वारा अबतक चार आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अन्य हमलावरों की पहचान और गिरफ्तारी को छापेमारी की जा रही है। बताया जा रहा है कि रविवार की शाम पुलिस को खननी कला गांव स्थित महादलित बस्ती में अवैध शराब की बिक्री किये जाने की सूचना मिली। उस आधार पर थानाध्यक्ष प्रियंका गुप्ता के नेतृत्व में अगिआंव बाजार थाने की पुलिस छापेमारी करने पहुंच गयी। तभी शराब कारोबारियों द्वारा पुलिस पर रोड़ेबाजी की जाने लगी। उसमें दफादार विजय सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मी जख्मी हो गए। हमले में थानाध्यक्ष के अलावा सिपाही अशोक मिश्रा, प्रिंस कुमार, अजय पासवान, विकास कुमार राय और उदय नारायण यादव, गांधी नाथ पाठक को भी चोटें आने की बात कही जा रही। इनका इलाज कराया गया है। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि रोड़ेबाजी में दफादार विजय सिंह के सिर में चोट लगी है। टीम के एक सिपाही के भी सिर में पत्थर लगा है, जिससे हल्की चोट आई है। पुलिस की एक गाड़ी का शीशा भी टूट गया है। खननी कला गांव में अवैध शराब के कारोबारियों की ओर से क्रिकेट खेल रहे लड़कों की आड़ में पुलिस टीम पर पथराव किया गया है। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि अगिआंव बाजार थाना की टीम और सीआईएटी द्वारा संयुक्त रूप से अवैध शराब के खिलाफ कुछ जगह छापामारी की जा रही थी। उस क्रम में टीम खननी कला गांव पहुंचती है। टीम अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी के लिए गांव में जा रही थी। उस समय कुछ लड़के क्रिकेट खेल रहे थे।

## एक नजर

### निर्विरोध चुनी गई चेनारी प्रमुख सुमन देवी



**चेनारी।** सदर अनुमंडल कार्यालय में शुक्रवार को चेनारी प्रखंड प्रमुख का चुनाव कराया गया। नारायणपुर भाग-2 की पंचायत समिति सदस्य सुमन देवी को निर्विरोध प्रखंड प्रमुख चुनी गई है। प्रमुख पद के लिए एक मात्र सुमन देवी ने ही पर्चा भरी थी। चुनाव आयोग की गाइडलाइंस के अनुसार अनुमंडल निवार्ची पदाधिकारी द्वारा नामांकन के लिए पूरे समय तक इंतजार किया गया। लेकिन, किसी अन्य द्वारा पर्चा दाखिल नहीं किए जाने पर सुमन को निर्विरोध प्रमुख चुनी गई। अनुमंडल निर्वाचन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी आशुतोष रंजन ने नवनिर्वाचित प्रखंड प्रमुख को प्रमाण पत्र सौंपा। बाद में उन्हें पद व गोपनीयता की शपथ दिलायी। बताया कि चेनारी प्रखंड में कुल 14 पंचायत समिति सदस्यों की संख्या है। जिसमें से मात्र दस सदस्य ने चुनाव में हिस्सा लिया। चार पंचायत समिति सदस्य नहीं पहुंचे। प्रेक्षक के रूप में सदर डीसीएलआर मनीष कुमार व अवर निवार्ची पदाधिकारी डेहरी संतोष कुमार आदि थे। पूर्व प्रमुख मीरा देवी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के लिए 27 अप्रैल को आवेदन दिया गया था। जिसमें 13 मई को उन्हें कुर्सी गंवानी पड़ी थी।

### मामूली विवाद में दो पक्षों में झड़प

**चेनारी।** चेनारी थाना अंतर्गत नबाबगंज में दो समुदायों के मामले विवाद के झड़प हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का नियंत्रण में लिया। देर रात रोहतास डीएम नवीन कुमार तथा एसपी विनीत कुमार सहीत अन्य पदाधिकारी ने पहुंचकर पूछताछ की। सूत्रों की माने तो इस मामले में पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। लेकिन, गिरफ्तारी की पुष्टि प्रशासन पुलिस ने नहीं किया है। एसपी विनीत कुमार ने बताया कि चेनारी के नवाबगंज में दो समुदायों के मामूली विवाद मामले में स्थिती नियंत्रण में है।

### नवादा में ऑटो चालक का मिला शव

**आरा।** नवादा थाना क्षेत्र की बाजार समिति से शनिवार की सुबह एक ऑटो चालक का शव बरामद किया गया। दो दिन पूर्व घर से निकले चालक के मौत का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। वैसे नशीले पदार्थ के अत्याधिक सेवन के कारण मौत की आशंका जताई जा रही। मृत चालक नवादा थाना क्षेत्र के अनाइठ वार्ड नंबर 43 निवासी स्व.रामजीवन साह का 30 वर्षीय पुत्र सूरज साह था। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष कमल जीत के नेतृत्व में पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। चालक के रिश्ते के चचेरे भाई केदार साह ने बताया कि वह दो दिन पूर्व घर से निकला था। पहले वह ऑटो चलाता था, लेकिन हाल के दिनों में नशा करने लगा था। उस कारण ऑटो चलाना भी बंद कर दिया था। शनिवार की सुबह बाजार समिति परिसर स्थित कोल्ड स्टोरेज के पास काम कर रहे पलदार द्वारा सूचना मिली कि एक आदमी का शव पड़ा है। सूचना मिलने पर वे लोग पहुंचे और शव की पहचान की। पुलिस के अनुसार चालक की मौत का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। हालांकि नशीले पदार्थ के सेवन करने से मौत की आशंका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा। बताया जा रहा है कि चालक अपने तीन भाई और एक बहन में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां मंजू कुंवर, भाई नीरज और बहन संतोषी देवी है। उसके एक भाई धीरज कुमार की भी कुछ वर्ष पूर्व मौत हो गई थी। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया।

### डॉक्टर एवं पुलिस अधिकारी के साथ हुई मारपीट

**संझौली।** संझौली के एक निजी एक डॉक्टर और एक पुलिस सब इंस्पेक्टर के साथ मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। मारपीट क्यों हुआ, इसकी सही जानकारी नहीं मिल पा रही है। लेकिन, डॉक्टर की पत्नी शशि देवी ने बताया कि पुलिस अधिकारी शिवम कुमार सादे लिबास में अस्पताल पहुंचकर मेरे बेटे गौरव कुमार अभिषेक से कुछ बातें कर रहे थे। इस बीच मेरे बेटे व पुलिस अफसर के बीच तू-तू, मैं-मैं होते-होते गाली- गलौज व मारपीट होने लगी। इस घटना के कुछ ही देर बाद दर्जन भर संख्या में पुलिसकर्मी अस्पताल पहुंचकर मेरे पति डॉ. अजय कुमार, बेटे गौरव कुमार अभिषेक व दो स्टाफ को उठाकर थाने ले गये। डॉक्टर की पत्नी की मानें, तो सारी वारदात सीसीटीवी में कैद है, जो न्याय दिलाने के लिए काफी है। वहीं इस संबंध में प्रभारी थाना अध्यक्ष अनिता दास ने बताई कि मारपीट की घटना हुई थी, जो उस मामले की सुलझा दिया गया।

## खबरें फटाफट

### चोरी की बाइक के साथ एक युवक गिरफ्तार

**आरा।** नवादा थाने की पुलिस ने रमना मैदान के समीप चोरी की बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। वह नगर थाना क्षेत्र के मिल्की मोहल्ला निवासी मो. शब्बीर है। उसके लेकर एएसआई सुनील कुमार के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। एएसआई के अनुसार गश्ती के क्रम में वह रमना मैदान के पास पहुंचे, तभी एक युवक बाइक छोड़ कर भागने लगा। संदेह के आधार पर उसे पकड़ा गया और बाइक के कागजात की मांग की गयी, तो नहीं दे सका। बाइक की चेसिस नंबर को भी मिटाने का प्रयास किया गया था। उस आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### शांतिकुंज के तत्वावधान में हुआ पौधा रोपण

**जहानाबाद।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में मखदुमपुर प्रखंड के उच्च विद्यालय इक्किल एवं इक्किल गांव में गायत्री परिवार की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के द्वारा 160 वें रविवारीय वृक्षारोपण किया गया।प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के जिला समन्वयक रंगेश कुमार एवं अनिता देवी के 25 वें विवाह दिवस संस्कार के पावन अवसर पच्चीस पौधें लगाए गए।इसके साथ ही विवाह दिवस के अवसर पर सायं काल मे गायत्री दीप महायज्ञ का आयोजन किया गया।संस्कार आयोजन में पधारे युवा प्रकोष्ठ के राज्य समन्वयक सह राष्ट्रीय यूथ मोटीवेटर मनीष जी के द्वारा विवाह दिवस संस्कार कराया गया।इस दीप महायज्ञ के अवसर पर मनीष जी ने अपने संबोधन में कहा की वृक्ष ही जीवन और पर्यावरण का आधार है।

## घर से कुछ दूरी पर ले जाकर मारपीट करने के बाद मारी गयी थी गोली

# अवैध शराब की बिक्री का विरोध करने पर हुई थी शत्रुघ्न की हत्या, आरोपित गिरफ्तार

- पिता के बयान पर आठ-दस नामजद और दो-तीन अज्ञात पर केस दर्ज
- घटनास्थल से हत्या में इस्तेमाल देसी पिस्टल और पांच गोलियां बरामद

**केटी न्यूज/आरा**

चांदी थाना क्षेत्र के रतनपुर बथानी गांव निवासी शत्रुघ्न यादव उर्फ विशाल की हत्या अवैध शराब की बिक्री का विरोध करने हत्या की गयी थी। उसके पिता सुरेंद्र यादव की ओर से दर्ज प्राथमिकी में यह आरोप लगाया गया है। उसमें गांव के ही आठ-दस नामजद सहित दो-तीन अज्ञात लोगों पर घर से कुछ दूरी पर ले जाकर मारपीट के दौरान गोली मारने का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया। वह उसी गांव का रहने वाले लक्ष्मण यादव का पुत्र मुन्ना कुमार है। उसे शनिवार रात रामपुर रोड से गिरफ्तार किया गया है। हत्या में इस्तेमाल एक देसी पिस्टल और पांच गोलियां भी बरामद की गयी थी। हत्या के बाद घटनास्थल से तीन खोखे भी बरामद किए गए थे।

एसपी प्रमोद कुमार यादव की ओर से प्रेस बयान जारी कर यह जानकारी दी गई। उसमें बताया गया है कि शुक्रवार की रात शत्रुधन यादव उर्फ विशाल की हत्या के बाद आरोपितों की गिरफ्तारी को एक टीम गठित की गयी थी। टीम द्वारा तकनीकी सूत्र व लोकल इनपुट के आधार पर रामपुर रोड में छापेमारी कर मुन्ना कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। मुख्य आरोपित कौशल यादव सहित अन्य कई गिरफ्तार को लेकर छापेमारी की जा रही है। छापेमारी में चांदी थानाध्यक्ष अनिल कुमार, दारोगा रामवीर शर्मा, डीआइयू और संदेश एवं चांदी थाने के पुलिस कर्मी शामिल थे। बता दें कि शुक्रवार की रात चांदी थाना क्षेत्र के रतनपुर बथानी में सुरेंद्र यादव के पुत्र शत्रुधन यादव उर्फ विशाल की गांव के ही कौशल यादव द्वारा गोली मार हत्या कर दी गई थी। नोंकझोंक के बाद उसे दो गोलियां मारी गयी थी। उस मामले को लेकर सुरेंद्र यादव के बयान पर नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। उसमें कौशल यादव सहित आठ दस नामजद और दो-तीन अज्ञात को आरोपित किया गया है।

## घर जाने के लिए बाइक से निकले किसान का शाहपुर में मिला शव, हत्या का आरोप



- शाहपुर के बनाही से मिले शव का तीसरे दिन पहचान
- मृतक की संदेश थाना क्षेत्र के बारा गांव निवासी किसान के रूप में की गयी पहचान
- परिजनों ने एक साल के पूर्व में खेत से ट्रैक्टर ले जाने के विवाद में हत्या करने का लगाया आरोप

**आरा।** शाहपुर थाना क्षेत्र के बनाही ओवर ब्रिज के पास मिले शव की तीसरे दिन शनिवार को पहचान की गयी। मृतक संदेश थाना क्षेत्र के बारा गांव निवासी शैलेश कुमार राय के 25 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार उर्फ मुरली था। वह किसान था। परिजनों की ओर से पूर्व के खेत से ट्रैक्टर ले जाने के विवाद में फुलाड़ी गांव के दो-तीन लोगों पर अगवा कर हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है।

परिजनों के अनुसार उसकी बाइक आरा के न्यू ओवरब्रिज के पास से बरामद की गयी थी। हालांकि मोबाइल अब तक बरामद नहीं किया जा सका है। उसके पिता शैलेश कुमार राय ने बताया कि वह बुधवार की दोपहर करीब बारह बजे घर से बाइक से नवादा थाना क्षेत्र के विष्णु नगर अपने किराए के मकान पर आया था। गुरुवार की दोपहर करीब ढाई बजे वह अपनी बाइक से गांव लौट रहा था। शाम करीब पौने पांच बजे तक उसका मोबाइल ऑन था। उसके बाद उसका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। देर शाम तक वह घर नहीं पहुंचा, तो उसकी खोजबीन की गयी। बताया जा रहा है कि युवक की बाइक नवादा थाना क्षेत्र के न्यू ओवर ब्रिज स्थित प्राइवेट बस स्टैंड के पास से बरामद की गयी थी। हालांकि मोबाइल गायब है। पुलिस मोबाइल के जरिए ही मामले की छानबीन में जुटी है।

अभिषेक कुमार उर्फ मुरली के पिता शैलेश कुमार राय ने बताया कि एक वर्ष पूर्व खेत से ट्रैक्टर ले जाने के विवाद को लेकर फुलाड़ी गांव निवासी कुछ व्यक्तियों से झगड़ा हुआ था। तब मारपीट भी हुई थी। उसे समय से उन लोगों से विवाद चल रहा है। उन्होंने उसी विवाद में फुलाड़ी गांव के पांच लोगों पर अपने बेटे को अगवा करने के बाद धारदार हथियार से मारकर और तेजाब डाल कर पुत्र की हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस उसके गायब मोबाइल की सीडीआर खंगाला रही है।

## नौ दिनों से वीरमपुर गांव से लापता युवक का मिला सड़ा गला शव, हत्या की आशंका

**आरा।** गीधा थाना क्षेत्र के वीरमपुर गांव से पिछले नौ दिन से लापता युवक की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई है। उसका शव शनिवार सुबह बड़हरा थाना क्षेत्र के मोहनपुर करजा गांव स्थित गांगी नदी पुल के नीचे से सड़े गले हालत में बरामद किया गया। मृत युवक वीरमपुर गांव निवासी स्व. उमेश सिंह का 27 वर्षीय पुत्र राजीव सिंह उर्फ छोटू था। परिजनों द्वारा उसकी हत्या किये जाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम के लिए शव सदर अस्पताल भेज दिया गया। हालांकि शव की स्थिति देखते हुए डाक्टरों द्वारा पटना रेफर कर दिया गया है। युवक के बड़े भाई रोहित सिंह ने बताया कि राजीव उर्फ छोटू 13 जून को घर से निकाला था। उसके बाद वह वापस नहीं लौटा। परिजनों ने 18 जून को स्थानीय थाने में गुमशुदगी का आवेदन दिया गया था। मोहनपुर करजा गांव स्थित गांगी नदी पुल के नीचे पास करीब एक सप्ताह से शव पड़ा है। उस आधार पर परिजन पहुंचे और बड़हरा थाने की पुलिस को सूचना दी गई।

## अवैध खनन के खिलाफ प्रहारः पुलिस ने बालू लदे पांच ट्रक और 11 ट्रैक्टर को किया जब्त

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर पुलिस प्रशासन की ओर से अवैध खनन के खिलाफ शनिवार की रात जोरदार अभियान चलाया गया। डीएम राजकुमार और एसपी प्रमोद कुमार यादव के निर्देश पर इमादपुर, संदेह और पीरो थाना क्षेत्र में छापेमारी में अवैध बालू लदे पांच ट्रक और 11 ट्रैक्टर को जब्त किया गया। एसपी की ओर से प्रेस बयान जारी कर बताया गया कि पीरो एसडीपीओ राहुल सिंह और खनन पदाधिकारी के नेतृत्व में इमादपुर थाना क्षेत्र के राजपुर बिहटा घाट से अवैध बालू लदे पांच ट्रक और दो ट्रैक्टर जब्त किया गया। वहीं संदेश थाना क्षेत्र के सारीपुर विशुनपुर घाट से अवैध बालू लदे नौ ट्रैक्टर जब्त किए गए। इधर, पीरो थाना क्षेत्र से भी अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर जब्त किए गए हैं। सभी ट्रक और ट्रैक्टर बिना चालान एवं ओवरलोड थे। इस मामले में संबंधित थानाध्यक्षों की



ओर से आगे की कार्रवाई की जा रही है। इधर, पीरो एसडीपीओ राहुल सिंह के अनुसार सूचना मिल रही थी कि इमादपुर थाना क्षेत्र में स्थित बालू घाट पर अवैध खनन किया जा रहा है। उस आधार पर शनिवार की रात छापेमारी कर अवैध बालू लदे पांच ट्रक और दो ट्रैक्टर जब्त किए गए। उसी दिन सुबह में पीरो इलाके में तीन ट्रैक्टर को भी जब्त किया गया था।

## बेटी की शादी की सालगिरह पार्टी में बदमाशों ने पिता को मारी गोली

**केटी न्यूज/आरा**

सहार थाना क्षेत्र के एकवारी गांव में बेटी की शादी की सालगिरह की पार्टी में उसके पिता को गोली मार दी गयी। गोली उनके पेट में लगी थी, जो पीठ की ओर निकल गई। उसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सदर अस्पताल में उपचार के बाद उन्हें पटना रेफर कर दिया गया है। हालांकि उसका इलाज आरा के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में कराया जा रहा है। जख्मी एकवारी गांव निवासी 50 वर्षीय सियाराम सिंह हैं। गोली मारने का आरोप गांव के दो लड़कों पर लगाया जा रहा है। पार्टी में बिन बुलाए मेहमान के तौर पर पहुंचें दो युवकों पर नाच के दौरान आगे की कुर्सी पर बैठने के विवाद में गोली मारने की बात सामने आ रही है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को उनकी बेटी की शादी की पहली सालगिरह थी। उसे लेकर उनके घर रात में सालगिरह की पार्टी मनाई जा रही थी। भोज-भात के साथ नाच का भी प्रोग्राम था। आगे की कुर्सी पर बैठने को लेकर हंगामा करने लगे। समझाने का प्रयास करने पर गाली गलौज की जाने लगी। उस पर किसान सियाराम सिंह ने उन्हें हटाने की कोशिश की, तो फायरिंग की जाने लगी। उसमें सियाराम सिंह के पेट में गोली लग गयी। उससे पार्टी में अफरातफरी मच गयी।





## एरोड्रम स्टेडियम में साइ स्पोर्ट्स क्रिकेट अकैडमी द्वारा आयोजित हुआ टूर्नामेंट

# जिला पुलिस की टीम ने पत्रकार इलेवन को एक ओवर रहते हराया

- शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी सोनू कुमार को मिला मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्थानीय एरोड्रम स्टेडियम में साइ स्पोर्ट्स क्रिकेट अकादमी के द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन जहानाबाद नगर थाने के थानाध्यक्ष दिवाकर कुमार विश्वकर्मा ने फीता काटकर किया। टूर्नामेंट का पहला मैच जिला पुलिस 11 बनाम जिला पत्रकार 11 के बीच में खेला गया।



जिसमे पत्रकार 11 कप्तान मोहम्मद फहीम हुसैन टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया खेले गए 12 ओवर के मैच में तीन विकेट के नुकसान पर 123 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया फरहान उर्फ फारू 59 रन कवि ने 36 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उत्तरी प्रशासन 11 ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 11 ओवर में लक्ष्य को हासिल कर लिया प्रशासन 11 की तरफ से मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी सोनू कुमार को मैन ऑफ द मैच पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिला पुलिस प्रशासन के कप्तान द्वारा सभी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि यह एक अच्छा शुरुआत रहा है और आने वाले समय में हम सबको महीने या 2 महीने में एक बार टाइम निकाल कर ऐसे मैच का आयोजन होते रहना चाहिए। यह तनाव को भी खत्म करता है। वर्तमान समय में लगातार तनाव हो रहा है। जिसका असर शरीर पर भी दिखाई दे रहा है। इससे बचने के लिए समय समय पर खेल का आयोजन होते रहना चाहिए। जब तक शरीर स्वस्थ्य है। तभी तक बेहतर कार्य हो सकता है। खेल कर और आपसे भाई चारा को बना कर रखने का एक अच्छा संदेश है और खेल का आनंद उठाई खिलाड़ी उन्होंने कहा कि पत्रकार की टीम ने भी बहुत अच्छा खेला उनके तरफ से बल्लेबाजी के साथ गेंदबाजी भी अच्छी हुई है पर खेल हार जीत का है जिसमें निराश होने की बात नही है आने वाले समय में अगर मौका मिले तो इस तरह का मैच जिला में और भी कराया जाए और भी अधिकारी इसमें पर चढ़कर हिस्सा ले उन्होंने बताया आज क्रिकेट मैच खेलकर बहुत ही आनंद आया और खेल के साथ उन्होंने मैच का लुफ्त उठाया उन्होंने अपने बल्लेबाजी का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि उन्होंने अच्छा बल्लेबाजी के साथ अच्छा गेंदबाजी और फील्डिंग अच्छा किया है।

# मुखबिर तंत्र को मजबूत करें, गैंगेस्टर, गुंडा एक्ट में त्वरित कार्रवाई करें: आईजी

♦ आईजी ने पुलिस ऑफिस बलिया का किया निरीक्षण दिए आवश्यक निर्देश

**केटी न्यूज / बलिया**

पुलिस महानिरीक्षक आजमगढ़ परिक्षेत्र, आजमगढ़ अखिलेश कुमार द्वारा थाना बांसडीह जनपद बलिया में गार्द की सलामी ली गयी तथा गार्द का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान थाना कार्यालय के अपराध रजिस्टर, आर्डर बुक (न्यायालय), भूमि विवाद रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, जनसुनवाई रजिस्टर, सीसीटीएनएस शाखा, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, मालखाना, बंदीगृह, बैरिक, मेस आदि का निरीक्षण कर अभिलेखों को ससमय अभिलेखित करने हेतु निर्देशित किया गया। वही गैंगेस्टर, गुंडा एक्ट, एचएस में त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। शस्त्र चालन के सम्बन्ध उपस्थित अधिकारी/कर्मचारीगणों से जानकारी ली तथा उनको बार-बार अभ्यास किये जाने का निर्देश दिया।

थाना कार्यालय में रखी आलमारी से अभिलेखो का अवलोकन किया गया। थाने के समस्त कर्मचारियों से वार्ता की व पुलिसकर्मियों को बीट की कार्य प्रणाली अभिसूचना व मुखबिर



तन्त्र को मजबूत रखने के सम्बन्ध में वार्ता कर दिशा निर्देश दिया। इसके साथ ही पूर्व में हुई हत्या, डकैती, लूट, नकबजनी एवं महिला संबंधी अपराधों में शामिल अपराधियों के विरूद्ध गुण्डा एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही करने का निर्देश भी दिया। अभ्यस्त अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खुलवाने एवं गैंग पंजीकृत कराने की कार्यवाही करने का आदेश दिया। कहा कि ऐसे अपराधी जिन पर गैंगेस्टर की कार्यवाही हुई हो उन अपराधियों द्वारा अपराध मे अर्जित चल-अचल सम्पत्तियों को पता लगाकर कुर्की/जप्तीकरण की कार्यवाही की जाय। महिला हेल्प डेस्क पर कार्यरत महिला आरक्षियों से बातचीत कर महिला सम्बन्धित अपराधों के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तत्पश्चात थाना पर कार्यरत समस्त चौकीदारों से बातचीत कर उनकी समस्या/सुझाव को सुन। क्षेत्र के सम्भ्रांत व्यक्तियों से मुलाकात कर उनकी समस्या/सुझाव को सुन कर सम्बन्धित को समस्या के समाधान हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात पुलिस ऑफिस का भ्रमण कर पुलिस ऑफिस में विभिन्न कार्यालयों क्षेत्राधिकारी कार्यालय, अपराध शाखा, प्रधान लिपिक कार्यालय, आंकिक शाखा, डीसीआरबी कार्यालय, एएचटीयू कार्यालय, सीसीटीएनएस सेल आदि) का निरीक्षण कर, आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उधर आईजी द्वारा पुलिस ऑफिस परिसर में बने पुलिस पेंशनर कार्यालय का शुभारंभ किया गया। वहीं वार्षिक निरीक्षण / शुभारंभ के दौरान पुलिस अधीक्षक बलिया देव रंजन वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी बलिया श्री अनिल कुमार झां, क्षेत्राधिकारी सदर श्रीशुभ सुचित व अन्य अधि व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## एक नजर

### जनसमस्याओं को लेकर विधायक बेदी राम ने की सीएम योगी आदित्यनाथ से वार्ता



**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार में सहयोगी पार्टी सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जखनियां से विधायक बेदी राम अपने विधानसभा क्षेत्र जखनियां के विकास के लिए शनिवार की शाम को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर जनसमस्याओं को अंकित करते हुए चर्चा किया। इस संबंध में विधायक बेदी राम ने बताया कि जनपद गाजीपुर में हमारा जखनियां विधानसभा सुविधाओं में पिछड़ा हुआ है। जिसमें मुख्य रुप से मनिहारी मोड़ से जखनियां फद्दूपुर मार्ग जो पूरे विधानसभा में एकमात्र ऐसा मार्ग है, जिससे क्षेत्र के ब्लॉक, ग्राम न्यायालय सिद्धपीठ हथियाराम मठ, भूड़कुड़ा मठ सहित जखनियां तहसील जाने वाला मार्ग है। इसके लिए कई बार शासन को स्टीमेट बनाकर भेजा गया पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। जिस पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने पहल करने का आश्वासन भी दिया। विधायक बेदी राम ने क्षेत्र में सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर डाक्टर की कमी, बिजली के पोल, जर्जर तार बांस- बल्ली के सहारे लटक रहे बिजली के तार, पशु हॉस्पिटल पर डाक्टर की कमी, सूखे नहरों को चिन्हित कर किसानों की समस्याओं को दूर करने के लिए प्रतिलिपि से अवगत कराया.

कहा कि जनता ने विश्वास जताया है, तो हम अपने फर्ज से कदाची ढिलाई नहीं बरतेंगे। विधायक बेदी राम ने समस्याओं को लेकर मैं काफी चिंतित हूं और लगातार मुख्यमंत्री सहित कैबिनेट मंत्री से वार्ता के साथ ही अपना आवेदन भी सामने रखता हूं और समस्या के समाधान के लिए प्रयासरत हूं।

### 13 वर्षीय बच्चे को अगवा कर हत्या करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार



**बलिया।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में रेवती पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर रविवार को धनेश्वरदास की मठिया के पास से गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम व पता मन्नु कुमार राजभर पुत्र विजय राजभर निवासी रेखहां छपरा थाना रेवती जनपद बलिया बताया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाने पर आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय बलिया रवाना किया गया। बता दे कि रेवती थाना के रेखहा नूरपुर गांव निवासी छट्ठू राजभर का 13 वर्षीय पुत्र शालू राजभर 19 जून 2024 को अपने घर से गायब हो गया था। परिजनों द्वारा आसपास के क्षेत्रों तथा रिश्तेदारियों में काफी छानबीन किया गया, लेकिन उसका कहीं भी अता-पता न चल सका। अंत में परिजनों ने रेवती थाने में तहरीर दिया। जिसके बाद पुलिस संबंधीत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया। इसी बीच शुक्रवार को रेवती थाना क्षेत्र के तुलसी छपरा गांव में एक किशोर का शव मृत अवस्था में ग्रामीणों ने देखा और पुलिस को सूचना दिया। इस मामले में पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दिया था। इसी बीच रविवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को धनेश्वरदास की मठिया के पास से गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष रोहन राकेश सिंह, उनि रामसकल यादव, हेका प्रकाश सिंह का सूरज यादव, मआ तृप्ति शुक्ला आदि रहे।

### किशोरी को भगाने के मामले में एक युवक पर अपहरण का मुकदमा दर्ज

**बलिया।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक मुहल्ले में एक चौदह वर्षीय किशोरी को भगाने के मामले में कोतवाली पुलिस ने गुम हुई किशोरी की मां की तहरीर पर एक युवक के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में रविवार को कोतवाल संजय सिंह ने बताया कि वादिनी की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर खोजबीन शुरू हो गयी है। बता दे कि गुम हुई किशोरी की मां ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि बीते 19 जून को मेरी चौदह वर्षीय पुत्री अचानक गायब हो गयी। इस दौरान हमने अपने स्तर से काफी ढूढने का प्रयास किया। इस बीच उन्हें लोगों से जानकारी मिली कि मेरी पुत्र को किसी सीन्टू नाम का लड़का ने उसे बहला फूसलाकर भगा ले गया है। जिसके बाद किशोरी की मां ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कराते हुए गायब किशोरी को बरामदगी की मांग की है। पुलिस खोजबीन शुरू कर दी है।

### साइबर, बिजली सहित चार थानो का बढ़ा कार्यक्षेत्र

**बलिया।** सिविल लाइन स्थित पुलिस कार्यालय में रविवार को एएसपी दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि जनपद में स्थापित महिला थाना, साइबर थाना, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग ब्यूरो व बिजली थाना का कार्य क्षेत्र पूरे जिले में होगा। शासन ने इन थानो का सीमांकन तय कर अधिसूचना जारी की है। यह किसी भी थाना क्षेत्र का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई कर सकते है। शासन के निर्देश पर संबंधित थाना में संसाधन व जवानों की संख्या बढ़ाई गयी है। बता दे कि अब साइबर थाना एसपी कार्यालय में खुलेगा। उसमें तमाम संसाधन व कर्मचारियों की तैनाती भी हुई है। अब शिकायत आने पर मुकदमा भी दर्ज होगा। पहले एसपी कार्यालय परिसर में एंटी ह्यूमेन ट्रैफिकिंग ब्यूरो सेल चलता था। इसके लिए जगह खोजी जा रही रही है। बिजली थाना पूर्व में रसड़ा में खुला था। अधिसूचना जारी होने के बाद अब इसमें संसाधन के साथ जवानो व अधिकारियों की तैनाती होगी। बिजली चोरी की शिकायत पर टीम खुद कार्रवाई कर मुकदमा दर्ज करेगी।

## खबरें फटाफट

### मारपीट करने के मामले में चार लोगों पर हुआ केस

**बलिया।** पुरानी रंजिश को लेकर रास्ते में घेरकर मारपीट करने के मामले में भरौली निवासी अभिषेक ठाकुर ने नरही थाने में चार लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। इस संबंध में रविवार को थानाध्यक्ष पन्नेलाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। जल्द ही कार्रवाई होगी। बता दे कि भरौली निवासी अभिषेक ठाकुर पुत्र संतोष ठाकुर ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि बीते 19 जून को शाम करीब सात बजे मैं भरौली बाजार से दवा लेकर घर जा रहा था तभी रास्ते में गांव के अफसर, सरफराज, महताब, जगाती ने घेरकर गाली देने लगे। जब मैने मना किया तो उन्होंने लाठी, डंडे, लात घूसो से जमकर पिटाई करने लगे। मेरे शोर शराब सुनकर गांव आसपास के लोगों ने बीच बचाव किया जिससे मेरी जान बच सकी। उन्होंने मुझे जान से मारने की धमकी भी है।

### कस्बे में जाने वाला विद्युत तार का केबल सड़क पर गिरा

**मनियर।** मनियर बस स्टैंड ट्रांसफार्मर से लगायत मनियर इंटर कॉलेज की तरफ जा रहा 440 वोल्ट का मोटा तार का केबल ट्रक से टकराकर बीच सड़क पर टूट कर गिर गया। तार टूट कर दो खंड में हो गया है । स्थानीय लोगों ने पुलिस बुथ का ब्रेकर लगाकर रोड पर आवागमन को रुकवा कर तथा विद्युत विभाग को सूचना देकर लाइट कनेक्शन कटवा दिया। उसके बाद आवागमन बहाल हो सका। ट्रक से टकराकर तार टूटने के कारण मनियर बस स्टैंड से लगायत मनियर इंटर कॉलेज तक ,कम्युनिस्ट मोहल्ला एवं लालबाबू के कारखाना तक की बिजली सप्लाई रात से ही बंद है। समाचार लिखे जाने तक तार को नहीं जोड़ा जा सका। भीषण गर्मी में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घटना शनिवार की रात करीब 10 :30 बजे की बताई जा रही है। इस संदर्भ में के विद्युत विभाग के जे ई कैलाश राव के मोबाइल नंबर 9453047790 पर फोन किया गया तो उनके द्वारा फोन नहीं उठाया गया। बाकी उनके दो नंबर 8948 469168 तथा 9532242208 स्विच ऑफ बता रहा है। एसडीओ बांसडीह आर के यादव के मोबाइल नंबर 9450963558 पर फोन करने पर बताया गया कि यह रॉन्ग नंबर है।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 71वीं पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित

# देश के वर्तमान स्वरूप को बनाए रखने में डॉ मुखर्जी का योगदान सदैव रहेगा याद

♦ 23 जून से 6 जुलाई तक मनाया जाएगा बलिदान पखवाड़ा : सुनील कुमार सिंह

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनसंघ संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 71वीं पुण्यतिथि भारतीय जनता पार्टी ने बलिदान दिवस के रूप में बूथ स्तर पर मनाया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकताओं ने जिलेभर के सभी बूथों पर डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया तथा संगोष्ठी आयोजित कर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला।

जिला कार्यालय छावनी लाइन के सभाकक्ष में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने कहा कि 23 जून से 6 जूलाई तक डा श्यामा मुखर्जी बलिदान पखवाड़ा मनाया जाएगा जिसमें विभिन्न कार्यक्रमों के आलावा प्रत्येक बूथ पर हमारे पदाधिकारी व कार्यकर्ता एक पेड़ अपने मां के नाम लगाएंगे। उन्होंने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए कश्मीर में स्वयं को बलिदान कर दिया। जिनके उद्देश्य को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने पूर्ण किया है।

संगोष्ठी में नगर पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के निति और सिद्धांत पर कार्य करते हुए देश की भौगोलिक स्थिति को मजबूत तथा सीमाओं को सुदृढ़ किया है। उन्होंने कहा कि भारत के वर्तमान स्वरूप को बनाए रखने में डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को देश सदैव याद करता रहेगा। जिला महामंत्री ओमप्रकाश राय ने कहा कि 23 जून, 1953 डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अखंड भारत की लड़ाई में उनके बलिदान के लिए जाना जाता है।

डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक देश मे दो प्रधान, दो विधान और दो निशान के मुखर विरोधी बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी, महान शिक्षाविद, विद्वान और चिंतनशील थे। इस अवसर पर जिला महामंत्री दयाशंकर पांडेय, विनोद अग्रवाल, लालसा भारद्वाज,जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, अच्छेलाल गुप्ता, रासबिहारी राय, राजन प्रजापति, मयंक जायसवाल, गोपाल राय, संजय कुमार, नीतीश दूबे, निखिल राय, संतोष चौहान, काशी चौहान, अजय कुशवाहा, सूर्य प्रकाश यादव, मुरली कुशवाहा, काशी चौहान, सुजीत राय, राम जी बलवंत सहित अन्य लोग उपस्थित थे। संचालन महामंत्री प्रवीण सिंह ने किया।

मोहम्मदाबाद विधानसभा के बूथ संख्या एक भाला पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने अपने मां के साथ उनके नाम पर आम का वृक्ष लगाया तथा संगोष्ठी आयोजित कर डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा ने सकरताली बूथ पर डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया।




### बलिदान दिवस के रूप में मना डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का पुण्यतिथि

**नगरा।** भाजपा कार्यकताओं ने रविवार को जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम में मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।भाजपा मंडल अध्यक्ष उमाशंकर सैनी ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने ने डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनके जीवन से जुड़े प्रसंगों को सुनाया। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी जम्मू कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे। उन्होंने नारा दिया कि एक देश में दो प्रधान दो विधान दो निशान नहीं चलेंगे। उन्होंने तत्कालीन नेहरू सरकार को चुनौती दी तथा अपने दृढ़ निश्चय पर अटल रहे। अपने संकल्प को पूरा करने के लिए वह 1953 में बिना परमिट लिये जम्मू कश्मीर की यात्रा पर निकल पड़े। वहां पहुंचते ही उन्हें गिरफ्तार कर नजरबंद कर लिया गया।23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई। कहा कि देश की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा हेतु डॉ. मुखर्जी का बलिदान हम लोगो के लिए पाथेय है। भाजपा आईटी सेल के जिला संयोजक जय प्रकाश जायसवाल, दीपक कुमार, रामायण ठाकुर, धर्मराज सिंह विक्की, सभासद कृष्ण कुमार कुशवाहा, राजेश पांडेय, अमरेंद्र सोनी, फतेह बहादुर सिंह, मुन्ना गोड, प्रथम सैनी आदि मौजूद रहे।

### पुण्यतिथि पर याद किए गए डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी

**बलिया।** भाजपा कार्यकताओं ने रविवार को जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस केज रूप में मनाया। इस अवसर पर लोगों ने मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। भाजपा मंडल अध्यक्ष उमाशंकर सैनी ने मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनके जीवन से जुड़े प्रसंगों को सुनाया। कहा कि डॉ. मुखर्जी जम्मू कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे। उन्होंने नारा दिया कि एक देश में दो प्रधान, दो विधान व दो निशान नहीं चलेंगे। उन्होंने तत्कालीन नेहरू सरकार को चुनौती दी तथा अपने दृढ़ निश्चय पर अटल रहे। अपने संकल्प को पूरा करने के लिए वह 1953 में बिना परमिट लिये जम्मू कश्मीर की यात्रा पर निकल पड़े। वहां पहुंचते ही उन्हें गिरफ्तार कर नजरबंद कर लिया गया। 23 जून 1953 को रहस्यमय परिस्थितियों में उनकी मृत्यु हो गई। कहा कि देश की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा हेतु डॉ. मुखर्जी का बलिदान हम लोगो के लिए पाथेय है। इस मौके पर भाजपा आईटी सेल के जिला संयोजक जय प्रकाश जायसवाल, दीपक कुमार, रामायण ठाकुर, धर्मराज सिंह विक्की, सभासद कृष्ण कुमार कुशवाहा, राजेश पांडेय, अमरेंद्र सोनी, फतेह बहादुर सिंह, मुन्ना गोड, प्रथम सैनी आदि मौजूद रहे।

# अवैध शराब तश्करी का हब बना बैरिया थाना का क्षेत्र

**केटी न्यूज/दयाछपरा**

आजकल बैरिया थाना क्षेत्र अवैध शराब तश्करी का हब बना हुआ है। शराब तस्कर बिना भय के यू पी के रास्ते बिहार में शराब पहुंचा दे रहें हैं जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।रात के अंधेरे में अवैध शराब की खेप पिकअप,स्कार्पियो व ट्रैक्टर पर लादकर दयाछपरा से नौरंगा पीपा पुल के सहारे बिहार बिना रोक टोक के पहुंच जा रही है। जानकारों की माने तो नौरंगा घाट तक बैरिया पुलिस के जवान भी जाते हैं। यही नहीं सुरेमनपुर स्टेशन से ट्रेन से भी शराब की खेप विहार पहुंच जा रही है। जयप्रकाश नगर व सिवन टोला ,चांददियर चौकी होते हुए माझी पुल से भी शराब बिहार पहुंच जा रही है। हल्दी थाना क्षेत्र के रामगढ़ से भी अवैध शराब नाव के सहारे तश्तरी हो रही है। रेवती थाना क्षेत्र के गोपाल नगर दियर के सरयू नदी के घाट से नाव से भी बिहार जा रही है जबकि रेवती थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी गोपाल नगर में स्थापित है।

सूत्रों की माने तो रात तो रात दिन में बाइक व साइकिल से तस्कर बच्चो को कुछ पैसे के लालच देकर अवैध शराब गंगा नदी तक पहुंचवा दे रहे हैं,वहां से सीधे शराब बिहार पहुंच जा रही है।चुकी बिहार में दारू बंद है इसलिए बैरिया ,हल्दी,रेवती व दोकटी थाना क्षेत्र तश्करो के लिए सुरक्षित है। जानकारों की माने तो इन तश्करों की ऊपर तक पहुंच है तथा पुलिस भी इनका भरपूर सहयोग कर रही है।शराब की खेप हमेशा बिहार जा रही है लेकिन पुलिस की निगाह कभी भी इन तश्करों की गाड़ियों पर नहीं पड़ती। तीन दिन पहले विहार की रिविलगंज पुलिस यू पी के जयप्रकाश नगर पहुंचकर अवैध शराब पकड़ी।इससे यह सिद्ध हो जाता है कि बैरिया पुलिस के संरक्षण में यह धंधा चल रहा है।सूत्र बताते हैं कि अवैध दारू बिहार पहुंचवाने में बैरिया ,हल्दी ,रेवती व दोकटी पुलिस भरपूर सहयोग कर रही है।बैरिया थाना क्षेत्र के तीन तरफ से बिहार बॉर्डर पड़ता है।इसलिए यह थाना बलिया के मलाईदार थानों में सुमार है। शराब की तश्करी करने के बदले मोटी रकम उनके पास पहुंच जा रही है।शराब तस्कर के साथ पुलिस भी मालामाल हो रही है।जनमानस की आवाज है कि पुलिस अधीक्षक संज्ञान में लेकर इस कुकृत्य को रोकने का प्रयास करें ताकि योगी सरकार की छवि बरकरार रहे। इस संबंध में किसान मोर्चा के जिला मंत्री अनिल पांडेय ने कहा कि शराब की तश्करी करना सरकार की छवि को खराब करना है।ऐसे भ्रष्ट अधिकारी को तत्काल प्रभाव से हटा देना चाहिए।इस विषय में जल्द ही पुलिस अधीक्षक से वार्ता की जाएगी। समाजसेवी शशिकांत सिंह ने बताया कि चंद पैसो के लालच में शराब तश्करी करना घोर अपराध है जिला प्रशासन से मांग करता हूं कि इसमें संलिप्त सभी पर जांच करके कठोर करवाई की जाय।

### खेत में दीवा जोड़ने के दौरान मारपीट में आठ पर हुआ केस

**बलिया।** खेत में दीवाल जोड़ने के दौरान हुई मारपीट के मामले में डूमरी निवासी जितेन्द्र यादव ने अपने ही गांव के आठ लोगों के खिलाफ फेफना थाना में तहरीर देकर नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। इस बारे में रविवार को थानाध्यक्ष गजानन्द चौबे ने बताया कि मामले में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है। जल्द ही कार्रवाई होगी। बता दे कि डूमरी निवासी जितेन्द्र यादव पुत्र श्याम नारायण यादव ने थाने में तहरीर देकर बताया है कि बीते 21 जून को मैं अपने खेत में दीवाल जोड़वा रहा था। तभी हमारे पड़ोसी शिवानन्द यादव, अमित यादव, अभिनाश यादव, आदि शामिल थे।

## संचारी रोग के नियंत्रण के लिए डीएम ने ली अंतर्विभागीय बैठक

# हाई रिस्क गांव में युद्ध स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाने का निर्देश

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान के तहत होने वाले संचारी रोग, दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण एवं कार्रवाई, डेंगू/चिकुनगुनिया नियंत्रण कार्यक्रम के लिए बैठक, जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में प्रथम जनपद स्तरीय अंन्तर्विभागीय बैठक रायफल क्लब सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने प्राप्त विभागीय कार्ययोजनाओं की समीक्षा करते हुए समस्त विभागों की कार्य योजना के तहत ही कार्रवाई का निर्देश दिया।

उन्होंने ने कहा कि संचारी रोग, दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण एवं इसके त्वरित एवं सही उपचार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के द्वितीय चरण जो एक जुलाई से 31 जुलाई, 2024 तक तथा दस्तक अभियान 11 जुलाई से 31 जुलाई 2024 के मध्य प्रस्तावित है। कहा कि



जनपद में तहसील, ब्लॉक, ग्राम स्तर पर व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाते हुए आमजन को मच्छर जनित एवं संचारी रोगों से बचने के लिए क्या करें और क्या न करें के बारे जागरूक करने का निर्देश दिया।

उन्होंने निर्देश दिया कि बच्चों को स्कूलों में लार्वा पनपने के स्त्रोतों की न केवल जानकारी दी जाए बल्कि उनके मध्य प्रतियोगिता भी कराई जाए। सभी मलेरिया निरीक्षकों को फील्ड में एक्टिवेट किया जाए तथा हाई रिस्क गांव में युद्ध स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया जाए। जिला अस्पताल के प्रत्येक बेड पर मरीजों को मच्छरदारी की सुविधा उपलब्ध रहे।

उन्होंने निर्देश दिया कि अभियान में आशा-आंगनबाड़ी साथ में अनिवार्य रूप से भ्रमण करें। शहरी-ग्रामीण क्षेत्र में फागिग व एंटीलार्वा एक्टिविटी बढाया जायें। हैंडपंप एंव अन्य जल जमाव वाले स्थलों को चिन्हित करते हुए यह सुनिश्चिच करें कि कही भी आस-पास जलजमाव ना हो, वहीं हैंडपंप से डेढ़ मीटर दूरी तक नाली बनवाएं। सुपरक्लोरिनेशन के साथ पेयजल की सप्लाई सुनिश्चित करें। उन्होंने समस्त ईओ को साफ- सफाई कराते हुए मौके का फोटोग्राप्स उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। आशा-एएनएम फील्ड में सक्रियता से काम करें। जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों से जनसंपर्क एवं जन जागरण, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, वेक्टर कंट्रोल, वातावरणीय स्वच्छता सहित विभिन्न बिंदुओं पर बिंदुवार समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा इस अभियान की मानिटरिंग की बारीकियों को भी बताया। उन्होने निर्देश दिया कि दस्तक अभियान में आशा-आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रत्येक मकान पर क्षय रोग के संभावित रोगियों के विषय में जानकारी प्राप्त करेंगी, लक्षणों वाले व्यक्ति की सूचना प्राप्त होने पर उस व्यक्ति का संपूर्ण विवरण एक लाइन लिस्टिंग फॉर्मेट में अंकित कर क्षेत्रीय एएनएम के जरिए ब्लॉक मुख्यालय को उपलब्ध कराएगी।

# खिलाड़ियों व पदाधिकारियों ने किया पौधरोपण

**केटी न्यूज/ बलिया**




विश्व ओलंपिक दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय हैंडबॉल दिवस के शुभ अवसर पर रविवार को वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम बलिया में जिला ओलंपिक एसोसिएशन एवं जिला हैंडबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य नेहरू युवा केन्द्र के कपिल देव राम व खेल संगठनों के पदाधिकारी एवं खिलाड़ियों ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर जिला ओलंपिक एसोसिएशन बलिया के सचिव धीरेंद्र कुमार शुक्ला ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस एवं विश्व हैंडबॉल दिवस पर अपना विचार रखा। श्री शुक्ल ने खेल मैदान के दुर्दशा एवं मानक के विपरित हो रहे निर्माण कार्यों पर क्षोभ व्यक्त किया। इस दौरान सभी उपस्थित खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों एवं खेल संगठन के पदाधिकारी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामना दिया। इस मौके पर मोहम्मद खुर्शीद, अजीत सिंह ,वीरेश दुबे, गोविंद जी ,राजू राय, सत्तीश सिंह,कुंदन गुप्ता, रतन बिहारी जी गुप्ता, प्रभात राय, अभिषेक गुप्ता, शालु, मनोज, अवधेश सिंह बिट्ठू, प्रफुल्ल, अजीत यादव, धर्मेंद्र पांडेय आदि रहे।

# बिजली विभाग की मनमानी, डेढ़ माह से टूटकर गिरे विद्युत पोल नहीं बदले गए

♦ आम जनता परेशान, एसडीओ साहब नहीं उठाते फोन

**केटी न्यूज / गाजीपुर**





जखनियां विद्युत उप केंद्र से संबंधित रामपुर मदरा और मर्दानपुर गांव में लगभग डेढ़ माह पूर्व आई आंधी में चार बिजली पोल टूट कर तार सहित जमीन पर गिर गए। रामपुर मदरा में तीन किसान सहित 20 घर प्रभावित है। इसके साथ ही मर्दानपुर गांव में 40 घर सहित चार किसान पूरी तरह से प्रभावित है। मर्दानपुर गांव के प्रधान प्रतिनिधि राघवेंद्र यादव ने अपने ग्रामीणों के साथ बिजली विभाग के एसडीओ सहित उच्च अधिकारियों को आवेदन देकर अवगत कराया कि जल्द बिजली का पोल बदला जाए लेकिन आज तक बिजली पोल नहीं बदला गया। रामपुर मदरा गांव में भी कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष देवनारायण सिंह, विजय बहादुर सिंह, सपा के विधानसभा अध्यक्ष अवधेश उर्फ राजू यादव ने उच्च अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी आज तक ना तो बिजली का पोल बदला गया ना ही बिजली का तार लगाया गया।जिससे लोग काफी प्रभावित है। भीषण गर्मी में लोग पूरी तरह से बेहाल है एक तरफ पढ़ने लिखने वाले बच्चों को काफी समस्या हो रही है तो दूसरी तरफ लोग अपने ही घरों में बिजली न होने से लोग इधर-उधर राहत तलाश रहे। कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष नारायण सिंह ने कहा कि बिजली विभाग यथाशीघ्र टूटे पोल को नहीं बदला तो हो सकता है आगे होगी धरना प्रदर्शन जबकि जिम्मेदारी बिजली विभाग की होगी।सीपीएम के जिला सचिव विजय बहादुर सिंह ने कहा कि भीषण गर्मी को देते हुए सरकार को बिजली मुक्त कर देनी चाहिए।सरकार जब हर लोगों से टैक्स ले रही है तो बिजली भीषण गर्मी में कम से कम 18 घंटा जरूर बिजली दे। अगर बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो सीपीएम आगे धरना प्रदर्शन करेगी। समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष अवधेश उर्फ राजू यादव ने कहा कि बिजली व्यवस्था पूरी तरह की है सरकार को चाहिए कि बिजली किसानों व अन्य और लोगों को पूरी तरह से मुक्त कर दे ताकि भीषण गर्मी से आम जनता को राहत मिल सके। बिजली विभाग जखनिया के एसडीओ मिठाई लाल को फोन पर संपर्क करने की कोशिश किया गया उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। एसडीओ जखनिया मिठाई लाल का यह बात कोई नया नहीं है ऐसे सैकड़ो उपभोक्ता हैं। जिनका आज तक एसडीओ मिठाई लाल ने फोन नहीं उठाया, न ही उपभोक्ताओं की समस्या का समाधान किया। जखनियां विद्युत उपकेंद्र के जेई प्रेमचंद गुप्ता ने कहा की टूटे बिजली पोल की मामला अभी संज्ञान में आया है जल्द पोल व तार बदला जाएगा।

## एक नजर

### परिवार रजिस्टर में खेल : मां से पांच, तो पिता से सात साल कम है बेटे की उम्र

**गाजीपुर।** जनपद के परिवार रजिस्टर में बड़ा खेल सामने आया है। बाराचवर ब्लाक के असावर गांव में एक ही परिवार के सदस्यों की दर्ज जन्मतिथि में घोर गड़बड़ी की गई है। इसमें बेटे और पिता की उम्र में सात साल और बेटे और मां की उम्र में सिर्फ पांच साल का अंतर है। पीड़ित का आरोप है कि ग्राम विकास अधिकारी (वीडीओ) की जगह उसका बेटा फिल्ड में काम देख रहा है। वीडीओ के बेटे के हस्ताक्षर से ही परिवार रजिस्टर की नकल जारी की गई है। उसने गड़बड़ी दुरुस्त करने के लिए 11000 रुपये लिए। बाद में दो लाख रुपये मांगने लगा। इस पर पीड़ित ने 24 मई को डीएम, डीपीआरओ और बीडीओ से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की थी, लेकिन अभी तक जांच ही चल रही है। बता दें कि असावर गांव निवासी तारकेश्वर गुप्ता ने 24 मई को शपथ-पत्र देकर शिकायत की थी कि ग्राम विकास अधिकारी गोपाल सिंह की जगह उसका पुत्र आशीष सिंह क्षेत्र में काम करता है। परिवार रजिस्टर की प्रमाणित प्रतिलिपि आशीष सिंह के हस्ताक्षर से जारी की गई है। इसमें मेरी जन्मतिथि 01-01-1964, पत्नी गीता की जन्मतिथि 01-01-1966 सही अंकित है। जबकि पुत्र राहुल की जन्मतिथि 01-01-1971 अंकित कर दी गई है। जबकि पुत्र की जन्मतिथि 01-01-1992 है। पुत्र का नाम भी सही नहीं है। जब पुत्र का नाम और जन्मतिथि सही करने के लिए कहा गया तो वीडीओ के पुत्र से 11000 रुपये सुविधा शुल्क ले लिया। एक माह बाद दो लाख रुपये और मांगने लगा।

### चंदौली का बुरा हाल... बरसात सिर पर, नालों की सफाई की तैयारी का पता नहीं

**चंदौली।** बरसात होने में चंद ही शेष बचे हैं लेकिन नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए अभी तक कोई कार्य नही किया गया है। नगर में वार्डों की अधिकांश नालियां जाम पड़ी हैं। वही पुरानी बाजार में स्थित नाला पूरी तरह से गंदगी व कूड़ा करटक की चपेट में है। यही नही सर्विस रोड के बगल में धर्मशाला के समीप नाले में अवैध पक्का पिलर जाम कर दिया गया है। जिससे आने वाले दिनों में बरसात का पानी निकालने में मुश्किल होगी। और जलभराव की स्थिति उत्पन्न होगी। नगर में नालियों की साफ-सफाई नही होने से मच्छरों का भी प्रकोप बढ गया है। नगर में नालों की स्थिति दयनीय है। और नालों के पैक रहने से वास्तविक स्थिति का पता नहीं चल रहा है, लेकिन आने वाले दिनों में जलजमाव की समस्या के देखते हुए। नगर पंचायत की तरफ से अभी तक नालों तथा नालियों की साफ-सफाई का कार्य पूरा तो दूर शुरू भी नहीं किया जा सका है। जबकि नालों की साफ-सफाई बरसात आने से पूर्व ही करा ली जाती है। ताकि बरसात के दिनों में नाला नाली ओवर फ्लो न हो। हालत यह है कि साफ सफाई न होने से गंगा रोड पर नाली जाम है। और उसका गंदा पानी गलियों के अलावा सड़क पर बह रहा है। इससे लोगों को गंदे पानी से होकर आना जाना पड़ रहा है। यदि बरसात के पूर्व नालों तथा नालियों की सफाई कार्य पूरा नहीं कराया गया। तो नगर में जलजमाव की समस्या से लोगों को जूझना पड़ सकता है।

### भीम आर्मी के सदस्यों ने पीड़ित किशोरी के परिजनों से की मुलाकात

**बलिया।** बांसडीहरोड थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते दिनों एक किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले में रविवार को भीम आर्मी के सदस्यों ने पीड़ित किशोरी के परिजनों से मिला। उन्हें न्याय दिलाने के लिए हर संभव भरोसा दिया। कहा कि न्याय के लिए अगर संघर्ष करना भी पड़े तो तैयार है। परिजनों से मुलाकात करने आये भीम आर्मी के नेताओं ने कहा कि यह सरकार गरीब को न्याय दिलाने में अक्षम है। इस सरकार में गरीबो को न्याय के लिए संघर्ष करना पड़ेगा।

## खबरें फटाफट

### नौकरी दिलाने के नाम पर 40 हजार रूपए ठगी, मुकदमा दर्ज

**बलिया ।** नौकरी दिलाने के नाम पर 40 हजार रूपए ठग लेने के मामले में मझौवां निवासी सनिश कुमार सिंह ने एक व्यक्ति के खिलाफ तहरीर देकर हल्दी थाने में नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। इस बारे में रविवार को थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि वादी की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। बता दे कि मझौवां निवासी सनिश कुमार सिंह पुत्र विजेन्द्र सिंह ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि शुक्लछपरा निवासी सोमदेव शुक्ल पुत्र स्व. मदन मोहन शुक्ल द्वारा नौकरी दिलाने के नाम पर मुझसे 40 हजार की मांगा। मै बहकावे में आकर बीते 4 अप्रैल 2022 को मैने 40 हजार रूपए आन लाइन के माध्यम से सोमदेव शुक्ल के खाते में भेज दिया। तब से लेकर आज तक पैसा मांगने पर पैसा लौटाने में अनाकानी कर रहे है और बहाना बनाकर दौड़ा रहे है। वादी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए ठगे गये पैसे को वापस दिलाने की मांग की है। पुलिस जांच कर रही है।

### मारपीट के मामले में चार पर दर्ज हुआ एफआईआर

**बलिया।** होमगार्ड के पुत्र को मारपीट कर घायल करने के मामले में शीतलदवली निवासी परमात्मानन्द यादव ने बांसडीहरोड थाने में तहरीर देकर गांव के ही चार लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। इस संबंध में रविवार को थानाध्यक्ष अखिलेश चन्द्र पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर। छानबीन की जा रही है। बता दे कि शीतलदवली निवासी परमात्मानन्द यादव पुत्र स्व. सुदामा यादव ने पुलिस को दिए तहरीर में लिखा है कि वे होमगार्ड की नौकरी करते है। उनका पुत्र अजीत कुमार यादव बीते 8 जून को मुम्बई से घर आया था। 14 जून को शाम को बरहटा में राजमिस्त्री खोजने गया था जहां गांव के राजू यादव, नीरज यादव, आदर्श यादव, मनीष वर्मा ने मिलकर गाली देते हुए लात घुसो से मारपीट कर घायल कर दिया।

### 35 करोड़ पौधे लगाने के लिए विभागों और मंडलों के लिए लक्ष्य निर्धारित

# सब मिलकर फिर करेंगे यूपी को हरा-भरा

♦ वन-पर्यावरण विभाग 14 करोड़ तो ग्राम्य विकास विभाग सूबे में लगाएगा 12.59 करोड़ पौधे

**केटी न्यूज/लखनऊ**

प्रकृति व परमात्मा की असीम कृपा वाले उत्तर प्रदेश को हरा-भरा बनाए रखने के लिए योगी सरकार की पहल पर सब मिलकर कार्य करेंगे। योगी सरकार ने सबका साथ और सबके प्रयास की बदौलत इस वर्ष भी 35 करोड़ पौधरोपण व उनके संरक्षण का लक्ष्य रखा है। प्रदेश के हरित क्षेत्र को 9 से बढ़ाकर 2026-27 तक 15 फीसदी तक ले जाना है। इसके लिए जनसहयोग भी जरूरी है। वहीं प्रदेशव्यापी अभियान में सभी विभागों व मंडलों के लिए भी लक्ष्य निर्धारण किया गया है। योगी सरकार का यह भी निर्देश है कि हर किसी को उच्च गुणवत्ता के पौधे सुलभता से मिल सकें, इसके लिए विधिवत तैयारी भी की जाए।

**विभागवार तय किया गया लक्ष्य**

योगी सरकार सभी के सहयोग से इस लक्ष्य को प्राप्त करेगी। विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी इस लक्ष्य को प्राप्त करने के साथ ही सकुशल पौधरोपण को लेकर विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। 35 करोड़ पौधे के लिए वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन की ओर से 14 करोड़, ग्राम्य विकास विभाग को 12.59 करोड़, कृषि को 2.50 करोड़, उद्यान विभाग 1.55 करोड़, पंचायती राज को 1.28 करोड़, राजस्व को 1.06 करोड़, नगर विकास को 35 लाख, उच्च शिक्षा को 18 लाख, रेशम को 14 लाख, लोक निर्माण, रेलवे व जलशक्ति को 13-13 लाख, बेसिक शिक्षा को 12 लाख, स्वास्थ्य विभाग को 11 लाख, उद्योग को 9 लाख, औद्योगिक विकास व माध्यमिक शिक्षा विभाग को आठ-आठ लाख, गृह-पशुपालन को सात-सात लाख, ऊर्जा व सहकारिता को छह-छह लाख, आवास विकास, रक्षा व प्राविधिक शिक्षा को पांच-पांच लाख, श्रम व परिवहन विभाग को तीन-तीन लाख पौधरोपण का लक्ष्य दिया गया है।



**18 मंडलों में भी लगेंगे पौधे, सर्वाधिक लखनऊ मंडल में**

अभियान के तहत सभी 18 मंडलों में भी पौधे लगाए जाएंगे। सबका लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है। सबसे अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य लखनऊ मंडल को दिया गया है। लखनऊ मंडल में चार करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। कानपुर मंडल में 3.13 करोड़, चित्रकूट में 2.76 करोड़, झांसी में 2.58 करोड़, मीरजापुर में 2.27 करोड़, अयोध्या में 2.20 करोड़, देवीपाटन में 1.95 करोड़, प्रयागराज में 1.89 करोड़, बरेली में 1.87 करोड़, वाराणसी में 1.78 करोड़, मुरादाबाद में 1.76 करोड़, आगरा में 1.74 करोड़, गोरखपुर में 1.43 करोड़, आजमगढ़ में 1.34 करोड़, अलीगढ़ में 1.20 करोड़, मेरठ मंडल में 1.14 करोड़, बस्ती में 1.08 करोड़ व सहारनपुर मंडल में 88 लाख पौधे लगेंगे। पौधरोपण स्थलों की जियो टैगिंग भी होगी। वहीं मंडलों में वन विभाग की तरफ से 12.60 करोड़ व अन्य विभाग मिलकर लगभग 22.40 करोड़ पौधे लगाएंगे।

**इन भूमि का किया गया चयन**

योगी सरकार ने अफसरों को निर्देश दिया है कि पौधरोपण हर जगह हो, जिससे पूरे प्रदेश में हरियाली लहलहाए। वन भूमि, ग्राम पंचायत व सामुदायिक भूमि, एक्सप्रेसवे व नहरों के आसपास, विकास प्राधिकरण औद्योगिक परिसर भूमि, रक्षा-रेलवे की भूमि, चिकित्सा संस्थान-शिक्षण संस्थान की भूमि, अन्य राजकीय भूमि, कृषकों का सहयोग लेते हुए उनकी निजी भूमि, नागरिकों की ओर से निजी परिसर में पौधरोपण कर यूपी को हरा-भरा किया जाए।

# पूर्व विधायक ने दी चेतावनी, 48 घंटे में नहीं चला पंप कैनाल तो होगा बड़ा आंदोलन

♦ नारायणपुर पम्प कैनाल का निरीक्षण कर सरकार पर साधा निशाना

**केटी न्यूज/चंदौली**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व विधायक मनोज सिंह ने रविवार को भाजपा सरकार पर बड़ा आरोप लगाया। कहा कि भाजपा चुनाव में हार का बदला किसानों से ले रही है। यही वजह है कि अब तक नारायनपुर पंप कैनाल को चलाने के लिए आदेश जारी नहीं किया गया है जिस कारण नहर पूरी तरह से सूखी पड़ी है। ऐसी स्थिति में एक तरफ जहां किसाने की धान की नर्सरी सूख रही है वहीं इस भीषण गर्मी में प्यास से पशु पक्षी मर रहे हैं। बावजूद इसके पम्प कैनाल को नहीं चलाया जा रहा है। चेताया कि यदि 48 घंटे के अंदर नारायणपुर पंप कैनाल का संचालन नहीं हुआ तो किसाने की अगुवाई में बड़ा आंदोलन होगा, क्योंकि किसानों का सब्र अब जवाब दे गया है। विदित हो कि नरायनपुर पम्प कैनाल नहर नहीं चलने से चंदौली के किसान परेशान हैं और पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू को किसान फोन कर गुहार लगा चुके हैं, जिसे संज्ञान में लेते हुए मनोज सिंह डब्लू ने रविवार को नरायनपुर पंप कैनाल का निरीक्षण किया। इस दौरान नरायहपुर में सभी पंप कैनाल बंद मिले और नहर पूरी तरह से सुखी मिली, जिसे देख उन्होंने चिंता व्यक्त की। कहा कि किसानों की नर्सरी सुख रही है, धान के बीज खराब हो रहे हैं। इतना ही नहीं नहर सुखी होने के कारण प्यास से पशु पक्षी भी मर रहे हैं इसके बाद भी सरकार हर गंगा नदी का पानी कानपुर बैराज में बांध रखा है और नरायनपुर कैनाल को चालू करने का आदेश अभी तक जारी नहीं किया गया है, जिससे सीधे तौर पर किसानों की खेती को नुकसान हो रहा है। कहा कि सरकार किसानों से हार का बदला ले रही है यही वजह है कि अब तक नारायणपुर पंप कैनाल को चालू नहीं किया गया। यदि दो-चार पंप भी चला दिए जाते तो कम से कम पशु पक्षी नहीं मारते। ना ही किसाने की धान की नर्सरी की सूखती। कहा कि पम्प कैनाल को नहीं चलाने का सरकारी आदेश पूरी तरह से किसानों के खिलाफ है। कहा कि जल्द ही वाराणसी जाकर इस मुद्दे को लेकर विभागीय अधिकारियों से बातचीत करेंगे। यह सुनिश्चित करेंगे कि पंप कैनाल को चलाने का आदेश दिया जा चुका है अथवा नहीं। यदि 48 घंटे के अंदर पम्प कैनाल को शुरू नहीं किया गया तो चंदौली के किसानों की अगवाई में सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन होगा। इसके साथ ही उन्होंने सिंचाई की इस मुद्दे पर चंदौली लोकसभा से चुनाव हारे भाजपा प्रत्याशी पर भी निशाना साधा। कहा कि किसानों को लेकर बड़ी बड़ी बातें करने वाले भाजपा नेता किसानों की सुधि लेना भूल गए हैं।

### ट्रैन की चपेट में आने से युवक की मौत

**जौनपुर।** सिरकोनी रेलवे स्टेशन से 100 मीटर की दूरी पर रविवार की सुबह एक युवक की ट्रैन की चपेट में आने से मौत हो गईं । जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और मामले की जांच में जुटी है। जलालपुर क्षेत्र के कादीपुर गांव निवासी राजकुमार चौहान पुत्र स्व उमानाथ चौहान उम्र 35 वर्ष अचानक घर से रविवार की सुबह दवा लेने के लिए निकले थे और सिरकोनी रेलवे फाटक व सिरकोनी स्टेशन के बीच मे अज्ञात ट्रैन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गयी। गांव के ग्राम प्रधान अजय चौहान ने बताया कि उसका एक बार एक्सीडेंट हुआ था,जिसमे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया था।आज सुबह उसकी तबियत खराब हुई तो दवा लेने के लिए रेलवे की पटरी को क्रॉस करके सिरकोनी बाजार में किसी चिकित्सक से दवा लेने के लिए जा रहा था। अचानक चक्कर आ गया और वही पटरी पर गिर गया ।

### बारात में डांस को लेकर हुई मारपीट, छह लोग घायल

**जौनपुर।** थाना बदलापुर के लेदुका में बारात में डांस को लेकर घराती बाराती आपस में भिड़ गए।जिसमे बाराती पक्ष के कई लोगो को चोटें आई है।बारात मालिक लाल साहब के शिकायत पर पुलिस सात नामजद समेत 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार 20 जून को थाना सरायख्वाजा क्षेत्र के गांव सैदपुर निवासी लालसाहब चौहान अपने पुत्र की बारात लेकर थाना बदलापुर क्षेत्र के गांव लेदुका निवासी राम आशीष चौहान के यहां आए थे।बारात की खातिर दारी के बाद द्वार चार के समय नाच गाने के दौरान डांस को लेकर घराती और बराती में डांस करने को लेकर विवाद हो गया।और दोनो पक्षो में मारपीट हो गयी।जिसमे बाराती पक्ष से बारात मालिक के पुत्र समेत छह लोगों को गंभीर चोटें आई है। बारात मालिक लाल साहब चौहान की तहरीर पर पुलिस ने छह नामजद सहित 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की कार्यवाही में जुट गई है।




### नहर परियोजना के अंतिम छोर पर बसे किसानों के लिए अभिशाप बना पंप कैनाल

# किसानों को समय से पानी नहीं मिलने के कारण नाराजगी

♦ कभी भी टेल तक नहीं पहुंचता है पानी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



सेवराई तहसील के किसान नहर में पानी न आने से चिन्तित हैं। क्षेत्र के गहमर, मनियां, रायसेनपुर और बारा, मगरखाई, हरकरनपुर, भतौरा छोटी नहर, दिलदारनगर, उसिया, देहवल, सेवराई, गोड़सरा आदि गांवों के किसान अपनी खेत की सिंचाई को लेकर चिंतित हैं। साथ ही चौधरी चरण सिंह पंप कैनाल के चक्काबांध से मिलने वाला पानी कभी भी समय से न मिलने से क्षेत्रवासियों में रोष व्याप्त है।

ग्रामीणों ने बताया कि अगर मौसम अपनी बेरुखी दिखाता है, तो समय से पानी मिलने की संभावना नहीं रहती है। चौधरी चरण सिंह पम्प कैनाल जमानिया से होते हुए जब अपनी क्षमता से चलाया जाता है, तब भी टेल तक पानी नहीं पहुंच पाता है।

इस संबंध में कांग्रेस नेता अहमद शमशाद ने बताया कि बीते कुछ सालों से मालूम हो कि यह नहर परियोजना के अन्तिम छोर पर स्थित किसानों के लिए अभिशाप साबित होती जा रही है। क्योंकि जब पानी की आवश्यकता होती हैं, तो सिंचाई सुविधा के समय पानी नहीं मिलता है और जब पानी खेतों से निकालने का समय होता है तो नहर टूटकर सैकड़ों एकड़ भूमि जलमग्न हो जाती है। जबकि पानी की कोई आवश्यकता नहीं होती है। कांग्रेस नेता अहमद शमशाद ने बताया कि मानसून की कमी सबके सामने है। कुदरत हमसे नाराज है। यह सही बात है, अब पेड़- पौधा लोग नहीं लगा रहे हैं। सिंचाई विभाग को अब तक डिजिटल होना चाहिए था।

ज्ञात हो कि विगत वर्षों में हमने किसान हित में सिंचाई विभाग को समय -समय पर नहर के पानी को लेकर आवाज उठाया और आंदोलन किया फिर भी समय पर किसानों को पानी नहीं मिल रहा है।

आज फिर धान का बीज डालने के लिए पानी की कमी सामने आ रही है। किसान डरा व भयभीत है। जिम्मेदारी जिनकी है, वह भी खामोश हैं। बता दें कि यह नहर जमानिया से होते हुए गोड़सरा में आकर अमौरा गोड़सरा से मिलती है। जबकि इस समय नहर सुखी होने से जानवर तक को पानी की समस्या से भी जूझना पड़ रहा है। किसान एजाज खान, शहनवाज खान, राधेश्याम यादव, राजकुमार सिंह ने बताया कि अभी खेतों में बीज डालने को लेकर किसान चिन्तित है। समय से पानी न मिलने से असुविधा हो रही है। नहर में एक बूंद पानी न होने से नर्सरी कैसे डाला जाए ये चिंता का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में उच्चाधिकारियों से गुहार लगाई जाती है, तो भी इस समस्या का समाधान नहीं होता हैं। इस संबंध में चौधरी चरण सिंह पम्प कैनाल के जेई ने बताया कि पानी अपनी क्षमता के अनुसार चलाया जा रहा है और किसानों के समस्या को देखते हुए टेल तक पानी पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। जिससे किसानों को सिंचाई करने में असुविधा न हो। जिससे किसानों की समय से सिंचाई हो सके।

सुभाषितम्

थोड़े दिन रहने वाली विपत्ति अच्छी है क्यों कि उसी से मित्र और शत्रु की पहचान होती है। - रहीम

# खेल अधोसंरचना निर्माण में मध्यप्रदेश आगे

- दुर्गेश रायकवार

मध्यप्रदेश अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल अधोसंरचना विकास में अन्य राज्यों से आगे निकल गया है। अब एक जिले में एक खेल परिसर का विकास करने की योजना पर काम शुरू हो गया है। खेल और खिलाड़ियों को मध्यप्रदेश नई दिशा दे रहा है। साथ ही युवा कल्याण की दिशा में भी सुविचारित प्रयास हो रहे हैं। मध्यप्रदेश ने जहाँ राष्ट्रीय स्पोर्ट्स मैप में विशिष्ट स्थान बनाया है, वहीं युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने और स्व-रोजगार से जोड़ने की दिशा में भी बेहतर काम किया है। खेल अधोसंरचना विस्तार, प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन से उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त हुए हैं। खेल अकादमियों के संचालन, पुरस्कार, विशेष छात्रवृत्ति, नकद पुरस्कार और खेल संघों को खेल प्रतियोगिता के आयोजनों की श्रंखला शुरू कर मध्यप्रदेश अब देश का स्पोर्ट्स-हब बन गया है। अन्य राज्य अब मध्यप्रदेश के इस खेल मॉडल का अनुसरण कर रहे हैं।

### युवा कल्याण

मध्यप्रदेश में सरकारी नौकरियों के लिये चयनित लगभग 11 हजार उम्मीदवारों को नियुक्ति-पत्र सौंपे गये हैं। स्टार्ट-अप को प्रोत्साहित करने के लिये नई पहल के तहत मध्यप्रदेश के स्टार्ट-अप को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में सहभागिता के लिये 50 हजार रुपये से डेढ़ लाख रुपये तक वित्तीय सहायता का प्रावधान किया गया है। मध्यप्रदेश में राज्य स्तरीय रोजगार दिवस के अवसर पर रिकॉर्ड 7 लाख युवाओं को 5 हजार करोड़ रुपये का स्व-रोजगार ऋण वितरित किया गया। राज्य शासन द्वारा अग्निवीर योजना में युवाओं का अधिक से अधिक चयन हो, इस उद्देश्य से 360 घंटे प्रशिक्षण प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना में फरवरी-2024 में 8 हजार चयनित प्रशिक्षणार्थियों को 6 करोड़ 60 लाख रुपये स्टाइपेंड सिंगल क्लिक के माध्यम से वितरित किये गये हैं। खेल अकादमियों के संचालन में विभाग द्वारा 18 खेलों की 11 अकादमियाँ संचालित की जा रही है। खेल अकादमियों में 996 खिलाड़ियों को बोर्डिंग एवं डे-बोर्डिंग योजना अंतर्गत प्रवेश देकर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएँ उपलब्ध करवाई जा रही है। भारत सरकार द्वारा मध्यप्रदेश के 3 खिलाड़ियों यथा शूटिंग खिलाडी ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, हॉकी खिलाड़ी सुशीला चानू, केनोइंग-क्याकिंग की पैरा खिलाड़ी प्राची यादव को अर्जुन अवॉर्ड एवं हॉकी ओलंपियन के प्रशिक्षक श्री शिवेन्द्र सिंह को द्रोणाचार्य अवार्ड-2023 से सम्मानित किया गया। मध्यप्रदेश राज्य को 23 साल बाद यह अवसर मिला है, जब मध्यप्रदेश के एक साथ 3 खिलाड़ियों को अर्जुन अवॉर्ड एवं एक प्रशिक्षक को द्रोणाचार्य अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। गोवा में 37वीं राष्ट्रीय खेल में मध्यप्रदेश के 416 खिलाडियों द्वारा 37 खेलों में प्रतिभागिता कर 112 पदक (37-स्वर्ण, 36-रजत, 39-काँस्य) प्राप्त कर पदक तालिका में चौथा स्थान प्राप्त किया। यह हमारे खिलाड़ियों का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। खेलो इण्डिया यूथ गेम्स-2022 में मध्यप्रदेश तीसरे स्थान पर रहा था। एशियन गेम्स-2023 होंगजाउ चायना में मध्यप्रदेश ने पिछले एशियन गेम्स के मुकाबले 4 गुना ज्यादा पदक अर्जित किये थे।

### खेलों में मध्यप्रदेश अन्य राज्यों के लिए रोल मॉडल

गुजरात, राजस्थान, छत्तीसगढ़, जम्मू कश्मीर, मेघालय, उड़ीसा, गोवा, अंडमान-निकोबार, राज्यों के लिए मध्यप्रदेश रोल मॉडल बना गया है। इन राज्यों के प्रतिनिधि मध्यप्रदेश के स्पोर्ट्स अरेजमेंट्स एवं मैनेजमेंट का अध्ययन करने मध्यप्रदेश आये थे। अधिकांश राज्य मध्यप्रदेश के खेल मॉडल का अनुसरण कर रहे हैं।

### खेलो एमपी यूथ गेम्स

खेलों इण्डिया यूथ गेम्स-2022 की तर्ज पर राज्य में खेलो एमपी यूथ गेम्स-2023 का आयोजन मध्यप्रदेश के सभी जिलो में किया गया, जिसमें 1,68,984 खिलाड़ियों द्वारा अपने क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व किया गया। यह आयोजन निरंतर प्रतिवर्ष किया जायेगा। भोपाल को स्पोर्ट्स हब तथा प्रदेश में स्पोर्ट्स टूरिज्म को बढ़ाने के लिये नाथू-बरखेडा स्पोर्ट्स साईंस सेन्टर की स्थापना की जा रही है। प्रथम चरण में एथलेटिक्स सिंथेटिक ट्रेक मय फुटबॉल स्टेडियम एवं हॉकी सिंथेटिक टर्फ मय पेवेलियन द्वितीय चरण में इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्सह्ह्ह्ह का निर्माण तथा तृतीय चरण में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिये विभाग द्वारा 985 करोड़ 76 लाख रुपये का व्यय किया जायेगा।

### खेल अधोसंरचना का विस्तार

अन्तर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय स्तर की खेल अधोसंरचना निर्माण में मध्यप्रदेश अग्रणी राज्यों की श्रेणी में है। प्रदेश में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के 18 हॉकी टर्फ निर्मित है तथा 3 हॉकी टर्फ निमार्णाधीन है। इसी प्रकार अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के 10 एथलेटिक्स सिंथेटिक टर्फ निर्मित है। विभाग के स्वामित्व के 107 स्टेडियम/खेल प्रशिक्षण केन्द्र निर्मित है तथा 56 निमार्णाधीन है। 37 वर्षों के बाद टोक्यो ओलम्पिक-2020 में मध्यप्रदेश के खेल अकादमियों के खिलाडियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 10 खिलाड़ियों द्वारा सहभागिता की गई एवं पुरूष हॉकी में एक कांस्य पदक प्राप्त किया गया। पेरिस ओलम्पिक और पैरालम्पिक्स में भाग लेने वाले भारतीय दल में अब तक मध्यप्रदेश के 4 खिलाड़ी - ऐश्वर्य प्रताप सिंह शूटिंग (ओलम्पिक), प्राची यादव, पूजा ओझा, क्याकिंग-केनोइंग, कपिल परमार ब्लाइंड जूडो (पैरालम्पिक) का चयन हो चुका हैं। अभी और खिलाड़ियों के चयनित होने की संभावना है।

### माँ तुझे प्रणाम

शासन द्वारा प्रदेश के युवाओं में देश की सीमाओं की सुरक्षा के प्रति जागृति लाने, राष्ट्र के प्रति समर्पण, साहस की भावना जाग्रत करने एवं युवाओं को सेना तथा अर्द्ध-सैनिक बलों के प्रति आकर्षित करने के उद्देश्य से माँ तुझे प्रणाम योजना वर्ष-2013 में शुरू की गई। योजना में प्रदेश के 15 से 25 वर्ष के आयु के युवाओं को चयनित कर देश की अंतर्राष्ट्रीय सीमा भ्रमण के लिए ले जाया जाता है। योजना अंतर्गत युवाओं को लेह-लद्दाख, कारगिल-द्रास, आर.एस.पुरा जम्मू-कश्मीर वाघा-हुसैनी वाला पंजाब, तनोत माता का मंदिर लोंगेवाल, बीकानेर, बाड़मेर राजस्थान, कोच्ची केरल नाथूला दर्रा सिक्किम, तुरा मेघालय, पेट्रापोल, जयगांव पश्चिम बंगाल, अंडमान-निकोबार, केवडिया गुजरात और कन्याकुमारी तमिलनाडू की अनुभव यात्रा करवायी गई। माँ तुझे प्रणाम योजना में शुरू से अब तक मध्यप्रदेश के 15,516 युवाओं को देश की विभिन्न राष्ट्रीय सीमाओं की अनुभव यात्रा करवाई जा चुकी है।

### वन डिस्ट्रिक्ट-वन स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स

मध्यप्रदेश में वन डिस्ट्रिक्ट-वन स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स योजना शुरू की जाएगी। इसमें प्रत्येक जिले में एक स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का निर्माण किया जायेगा। ब्रेक-डांस अकादमी की स्थापना की जा रही है। ई-स्पोर्ट्स अकादमी एवं उज्जैन में मलखम्ब व जिम्नास्टिक अकादमी की स्थापना की जाना प्रस्तावित है। वन डिस्ट्रिक्ट-वन स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स योजना अंतर्गत भविष्य की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए खेल अधोसंरचना को 4 श्रेणी राजभोगी शहर, संभागीय मुख्यालय, बड़े जिला मुख्यालय, छोटे जिला मुख्यालय में स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स स्थापित करने की कार्य-योजना तैयार की जायेगी।

## डीमार्ट और सुपर मार्केट में बिक रहा है नकली सामान

नकली और मिलावटी सामान बहुराष्ट्रीय कंपनियों के शोरूम और माल से बिकने लगा है। हाल ही में डीमार्ट, आईपरमार्ट और सुपर मार्केट में नकली सामान की खेप पकड़ी गई है। नामी गिरामी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के आउटलेट में यदि इस तरह के मिलावटी सामान और नकली ब्रांड बिक रहे हैं तो इस स्थिति में देश का भगवान ही मालिक है। सरकार ने खाद्य सुरक्षा और नकली सामान से सुरक्षा प्रदान करने के लिए, बड़े-बड़े कानून बनाए हैं। लेकिन बहुराष्ट्रीय कंपनियां कानून का उल्लंघन कर अपने आउटलेट से अमानक और नकली सामान की बिक्री करने लगी हैं। सरकार आंख मूंदकर लोगों को बहुराष्ट्रीय कंपनियों के आसरे में लुटने के लिए छोड़ दे। इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या हो सकता है। छोटी मोटी दुकानों में तो छापे डाले जाते हैं। रेहड़ी और पटरी वालों को भी नहीं छोड़ा जाता है। खुले दूध की बिक्री लगभग-लगभग पूरे देश में बंद हो गई है। छोटी-छोटी होटल बंद हो गई हैं। अब डिब्बा बंद मिठाइयां और पैक्ड नमकीन बाजार में बिक रहा है। स्थानीय स्तर का रोजगार पूरी तरह से खत्म हो गया है। पिछले एक दशक में जिस तरह से नकली सामान और अमानक खाद्य पदार्थों को लेकर सरकार द्वारा सारे देश में मुहिम चलाई गई। उसकी गाज छोटे-छोटे कारोबारियों पर गिरी है। इसका लाभ बड़ी-बड़ी कंपनियों को मिला है। वहीं ब्रांडेड कंपनियों के आउटलेट में धड़ल्ले से बड़ी मात्रा में नकली सामान बेचा जा रहा है। ऐसा ही एक मामला राजस्थान के जयपुर में उजागर हुआ है। जयपुर के डीमार्ट और आईपरमार्ट, सुपर मार्केट के आउटलेट में बड़ी मात्रा में नकली घी और तेल जप्त किया गया है। जयपुर खाद्य विभाग की टीम ने नकली सामग्री बेचने की खबर पर कार्रवाई की। सरस घी के नाम से सरकारी ब्रांड का नकली घी डी मार्ट के आउटलेट से विक्रय किया जा रहा था। वहीं सिरसी रोड में स्थित आइपरमार्ट में टैगोर ब्रांड का नकली घी बेचा जा रहा था। खाद्य विभाग की जांच के दौरान नकली सामान बेचने का मामला उजागर हुआ। डी मार्ट के आउटलेट में खंडेलवाल एंड कंपनी द्वारा सरस घी की सप्लाई की जा रही थी। डी मार्ट जिनसे घी खरीद रहा था, वह कंपनी के अधिकृत डीलर नहीं थे। डीमार्ट प्रबंधन ने लापरवाही बरती या उनकी मिली भगत थी, इसका खुलासा नहीं हुआ। खाद्य विभाग की कार्रवाई के बाद जिन दो फार्मों द्वारा नकली घी की सप्लाई की गई थी, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। दोनों फर्मों के संचालक फरार हो गए हैं। पुलिस यह पता लगाने में जुटी हुई है, कि दोनों फर्मों के कर्ताधर्ता कैसे नकली घी की सप्लाई करते थे। घी कहां से लाते थे। खाद्य सुरक्षा विभाग ने अभी तक 40000 लीटर से अधिक नकली तेल और घी को जप्त किया है। मिलावटी सामान की सप्लाई करने वाली फर्मों के बारे में खाद्य विभाग और स्थानीय पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। खाद्य विभाग ने डीमार्ट, आईपरमार्ट और सुपर मार्केट जैसे संस्थानों के ऊपर कोई कठोर कार्रवाई नहीं की है। सरस कंपनी के सीएमडी सुषमा अरोड़ा ने जानकारी देते हुए बताया है, कि कंपनी के प्रोडक्ट में क्यूआर कोड प्रिंट किया जाता है। स्कैन करने पर सही पहचान भी की जा सकती है। इसके बाद भी बहुराष्ट्रीय कंपनियों और सुपर मार्केट जैसे संस्थान, कमाई के लालच में नकली सामान, उपभोक्ताओं को खुलेआम बेचकर उन्हें दिन दहाड़े ठग रहे हैं। खाद्य विभाग द्वारा बड़ी-बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के आउटलेट पर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है। यह चिंता का विषय है। अब तो लोग कह रहे हैं, भारत में दो तरह के कानून हैं। गरीब और मध्यम वर्ग के लिए अलग कानून हैं। बड़े-बड़े लोगों और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए भारत में अलग कानून है। लोगों का मानना है, कि खाद्य विभाग को बहुराष्ट्रीय कंपनियों के आउटलेट को सील करना चाहिए था। पूरे आउटलेट की जांच करनी चाहिए थी, लेकिन खाद्य विभाग ने उनके ऊपर कोई कार्यवाही ना करके, उन्हें बचाने का प्रयास करने जैसा काम ही किया है। खाद्य विभाग द्वारा पुलिस में केवल सप्लायर के ऊपर एफआईआर दर्ज कराई है। इससे देश भर के लोगों में नाराजी फैल रही है।

चिंतन-मनन

## शाश्वत प्रेम अंतहीन है

प्रेम कितना ही होता जाए, अधूरा ही बना रहता है। वह परमात्मा जैसा है। कितना ही विकसित होता जाए, पूर्ण से पूर्णतर होता जाता है, फिर भी विकास जारी है। जैसे प्रेम का अधूरापन ही उसकी शाश्वतता है। ध्यान रखना कि जो चीज पूरी हो जाती है, वह मर जाती है। पूर्णता मृत्यु है; क्योंकि फिर बचा नहीं कुछ करने को, होने को कुछ बचा नहीं, आगे कोई गति न रही। जो चीज पूर्ण हो गयी, वह मर गयी। मर ही जायेगी, क्योंकि फिर क्या होगा? सिर्फ वही जी सकता है जो शाश्वत रूप से अपूर्ण है, अधूरा है, आधा है। तुम कितना ही भरो, वह अधूरा रहेगा। आधा होना उसका स्वभाव है। तुम कितने ही तृप्त होते जाओ, फिर भी पाओगे कि हर तृप्ति और अतृप्त कर जाती है। जितना पीते हो, उतनी ही प्यास बढ़ती चली जाती है। यह ऐसा जल नहीं है कि पी लो और तृप्त हो जाओ। यह प्यास को और जलाएगा। इसलिए प्रेमी कभी तृप्त नहीं होता। उसके आनंद का कोई अन्त नहीं है। क्योंकि आनंद का वहीं अन्त हो जाता है, जहां चीजें पूरी हो जाती हैं। कामी तृप्त हो सकता है, प्रेमी नहीं। काम का अन्त है, सीमा है; प्रेमी का कोई अन्त नहीं, कोई सीमा नहीं। प्रेम आदि-अनादि है। वह ठीक परमात्मा के स्वरूप का है। इस जगत में प्रेम परमात्मा का प्रतिनिधि है, समय की धारा में समयातीत का प्रवेश है, मनुष्य की दुनिया में अतिमानवीय किरण का आगमन है। प्रेम प्रतीक है यहां परमात्मा का और उसका स्वभाव परमात्मा जैसा है। परमात्मा कभी पूरा नहीं होगा, नहीं तो समाप्त हो जाएगा। उसकी पूर्णता बड़ी गहन अपूर्णता जैसी है। उपनिषद कहते हैं कि उस पूर्ण से पूर्ण को निकाल लो तो भी वह पूर्ण ही रहता है। उस पूर्ण में और पूर्ण को डाल दो, तो भी वह उतना ही रहता है, जितना था। वह जैसा है, वैसा ही है; उसमें घट-बढ़ नहीं होती। प्रेम भी जैसा पहले दिन होता है, वैसा ही अंतिम दिन भी होगा। जो चुक जाये, उसे तुम प्रेम ही मत समझना; वह काम वासना रही होगी। जिसका अन्त आ जाये, वह शरीर से सम्बन्धित है।

# सुशासन के प्रतीक-छत्रपति शिवाजी महाराज

- शिवप्रकाश

राष्ट्रीय जनतान्त्रिक गठबंधन की जीत के उपलक्ष्य में आयोजित धन्यवाद भारत कार्यक्रम के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने छत्रपति शिवाजी महाराज को स्मरण करते हुए कहा कि कुछ ही दिनों में देश छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्यारोहण की 350 वीं वर्षगांठ मनाएगा, उनका जीवन ध्येय पथ पर बढ़ने की प्रेरणा देता है। छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक ज्येष्ठ शुक्ल त्र्योदशी विक्रम संवत 1731 को रायगढ़ में हुआ था। पुर्तगाली एवं ब्रिटिशों सहित अनेकों विदेशी लेखकों ने छत्रपति शिवाजी महाराज की तुलना विश्व के महानतम सेनापति नेपोलियन, सीजर, सिकन्दर के साथ करते हुए उनकी वीरता, साहस, प्रशासनिक कुशलता एवं युद्ध शैली की प्रशंसा की है। 16 फरवरी 1630 ईस्वी को शिवनेरी किले में शिवाजी महाराज का जन्म शाहजी भोंसले एवं माता जीजाबाई के परिवार में हुआ। उनके जन्म के समय परिस्थितियां कैसी थी इसका वर्णन समर्थ गुरुरामदास महाराज ने अपने 12 वर्ष के भारत भ्रमण के पश्चात इस प्रकार किया या भूमंडलाचे ढायी, धर्मरक्षा ऐसा नाहीइस समय इस भूमंडल पर धर्मरक्षक कोई नहीं है। सम्पूर्ण देश में कोई भी मंदिर सुरक्षित नहीं है सामान्य जनता मुगलों के अत्याचार से कराह रही है, किसी भी नदी का जल पवित्र नहीं है जिससे अभिषेक किया जा सके। इस विकट परिस्थिति में छत्रपति शिवाजी महाराज ने अपने रणकौशल एवं बुद्धिकौशल से स्वराज की स्थापना की। उनके कुशल प्रशासन को देखने के बाद पुनः स्वंय समर्थ रामदास महाराज ने कहा कि आचारशील, विचारशील, न्यायशील, धर्मशील, सर्वज्ञ सुशील जाणता राजा (जाणता अर्थात सदैव जागरूक)। किसी भी कार्य की सफलता का आधार नेतृत्वकर्ता के सहयोगी कैसे हैं, इस पर निर्भर करता है। शिवाजी महाराज ने सहयाद्रिमें निवास करने वाले सामान्य गरीब, किसान, युवकों में स्वराज की प्रेरणा जगायी। समाज के सामान्य वर्ग से निकले इन्हीं योद्धाओं ने अपने जीवन की बाजी लगाकर स्वराज स्थापना का श्रेष्ठतम कार्य किया। औरंगजेब अपनी सेना के एक झ्र एक सेनापति से तुलना करते हुए शिवाजी महारज के सेनापतियों की विशेषता का वर्णन करते हुए कहता है कि वे झुकते नहीं, रुकते नहीं, थकते नहीं और बिकते भी नहीं। छत्रपति शिवाजी महाराज का शासन लोक कल्याण एव पारदर्शिता से युक्त था। अपने वित्त प्रबंधन को लेकर वे सदैव सजग थे। अपने मंत्रालयों की समीक्षा करते समय उन्होंने अपने लेखपाल से पूछ लिया कि कलतक का हिसाब दैनंदनी में चढ़ा अथवा नहीं, नकारात्मक उत्तर होने पर लापरवाही के लिए कठोर दंड भी दिया। लगान के उचित संग्रह में लापरवाही पर देश कुलकर्णी आपाजी से जुमार्ना भी लिया एवं पद मुक्त भी किया। भ्रष्टाचार विहीन शासन छत्रपति शिवाजी महाराज के शासन का वैशिष्ट्य था। भ्रष्टाचार मुक्त शासन के लिए उन्होंने रिश्वत लेने पर अपने सौतेले मामा मोहिते को भी कारागार में डाल दिया था। 13 मई 1671 के अपने पत्र में वे लिखते हैं कि अगर आप जनता को तकलीफ देंगे, कार्य सम्पादन में रिश्वत मागेंगे तो जनता को लगेगा कि इससे तो मुगलों का शासन ही अच्छा था। छत्रपति शिवाजी महाराज ने अपने स्वराज संचालन के लिए अष्ट प्रधान शासन प्रणाली की व्यवस्था दी थी। छत्रपति शिवाजी महाराज जहाँ एक दूरदर्शी योद्धा थे, वहीं वह एक कुशल प्रशासक भी थे। स्वदेशी जलपोत निर्माण के लिए मुंबई के पास कल्याण एवं भिवंडी में उनके द्वारा स्थापित जलपोत निर्माण कारखाना, व्यापार एवं सुरक्षा के प्रति उनकी दृष्टि की ओर इंगित करता है। अंग्रेजों से तोप निर्माण की तकनीक न मिलने पर उन्होंने फ्रांस के सहयोग से पुरन्दर किले पर तोपखाना स्थापित कराया। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का यह मन्त्र वर्तमान की सरकार का मन्त्र भी बना है।भूमि का मापन, पैदावार का मूल्यांकन, आपदा में होने वाली हानि के मूल्यांकन की व्यवस्था शिवाजी महाराज ने उस समय की थी। सिंचाई के लिए बाँध, तालाबों, कुएँ, बावड़ी एवं जलाशयों का निर्माण उनकी दूरदर्शिता को प्रकट करते हैं। स्वस्थ भूमि, स्वस्थ उत्पाद, स्वस्थ पर्यावरण के लिए फसलों में विविधता, फलदार वृक्षों को लगवाना उनकी कृषि एवं पर्यावरण के प्रति दृष्टि को प्रकट करते है। महिलाओं के प्रति उनके हृदय में सम्मान एवं महिलाओं पर कुदृष्टि डालने पर कठोर दंड उनके शासन की व्यवस्था थी। मुस्लिम महिला गोहरबानू के प्रति उनके उदगार काश मेरी माँ भी इतनी सुन्दर होती, सखोजी गायकवाड़ को दंड उनकी न्यायप्रियता को प्रकट करते हैं। स्वराज के हित को प्रथम रखते हुए उन्होंनेव्यापारिक सम्बन्ध सभी से रखे थे। व्यापार के लिए मध्य एशिया के देशों तक उन्होंने सम्बन्ध बनाये थे। उनमें मस्कट के इमाम भी प्रमुख थे। उन्होंने अन्धविश्वाश एवं कुरीतियों को तोड़ते हुए वैज्ञानिक दृष्टि को अपने राज्य संचालन का आधार बनाया। उनके शासन में वृद्ध, बीमार एवं बच्चों को छोड़कर अन्य किसी के लिए भी मुफ्त सुविधा की व्यवस्था नहीं थी। छत्रपति शिवाजी महाराज की शासन प्रणाली में स्वभाषा एवं स्वसंस्कृति को विशेष महत्व था। गुलामी के प्रतीकों को हटाकर स्वाभिमानी समाज जागृत करने के लिए उन्होंने किलों के नामों का नामांतरण भी किया। उर्दू और फारसी के शब्द बदलकर स्वराज संचालन के लिए 1400 हिन्दी शब्दों का कोष भी बनाया था। छत्रपति शिवाजी महाराज की गुप्तचर व्यवस्था, शत्रु को पहचानने की उनकी अचूक दृष्टि उनको शेष भारतीय राजा -महाराजाओं से अलग करती है। उत्तर भारत की मुगल शक्ति एवं दक्षिण की आदिलशाही, कुतुबशाही के भेद का उन्होंने उचित उपयोगकिया था। अंग्रेज व्यापारी स्वभाव के हैं, उन्होंने इसको अच्छे से पहचानकर उसी दृष्टि से उनके साथ व्यवहार भी किया था। शत्रु के साथ जैसे को तैसा व्यवहार (शठे शाठयम समाचरेत) शाइस्ताखान, अफजलखान एवं औरंगजेब से युद्ध करते समय उन्होंने अपनाया था। व्यापार एवं सुरक्षा के लिए नौसेना के महत्व को पहचान कर सिंधुदुर्ग सहित समुद्र किनारे अनेक दुर्गों की स्थापना उन्होंने की थी। अपने धर्म से विमुख हुए लोगों को अपने धर्म में पुनःवापसी भी उन्होंने करायी थी। छत्रपति शिवाजी महाराज ने न केवल हिन्दवी साम्राज्य स्थापित किया, बल्कि सम्पूर्ण समाज में स्वराज, स्वधर्म के प्रति समर्पण की भावना भी जागृत की।देश भर में स्वराज की रक्षा के लिए संघर्षरत समस्त राजा झ्रमहाराजाओं के प्रेरणा पुंज भी वह बने। बुंदेलखंड के महाराजा छत्रसाल, असम के लाचिद बड़फूकन उन्हीं से प्रेरणा लेकर संघर्ष कर रहे थे।

# ज्ञान, योग व पवित्रता की देवी थी ब्रह्माकुमारी मम्मा!

- डॉ श्रीगोपाल नारसन

अध्यात्म एवं ज्ञान के क्षेत्र में सरस्वती को ज्ञान की देवी कहा गया है। सरस्वती, प्रजापिता ब्रह्मा की पुत्री भी हैं और जगत अम्बा भी । जिनके द्वारा परमात्मा, हर एक की इच्छाओं को पूर्ण करता है। इसी कारण जगदम्बा की पूजा होती है। सभी की इच्छायें निराकार परमात्मा ही जगदम्बा के माध्यम से पूर्ण करते है। जब जब भी चरित्र में गिरावट व विश्व में अशांति के बीज पनपने लगते हैं और संसार में दिव्यता की कमी, धर्म की ग्लानि होने लगती है।तब इन बुराइयों को समाप्त करने के लिए किसी न किसी महान विभूति का जन्म होता ही है। ऐसी ही एक महान विभूति हुई ,मां जगदम्बा सरस्वती जिन्हें प्यार से सब मम्मा कहकर बुलाते थे।मम्मा का बचपन का नाम राधे था। मम्मा जन्म सन 1919 को पंजाब प्रांत के शहर अमृतसर में हुआ। लौकिक पिता पीकरदास और माता रोचा की वह लाडली थी। एक दिन अचानक राधे के पिता का देहांत हो गया और राधे अपनी मां व छोटी बहन के साथ सिंध हैदराबाद में अपनी नानी व मामा के घर आ गई। राधे की पढ़ाई हैदराबाद में ही हुई। राधे ने मैट्रिक स्तर तक की पढ़ाई की। उन्हीं दिनों ओम मंडली नामक एक सत्संग मण्डली का सत्संग दादा लेखराज के घर पर होता था। एक दिन राधे भी अपनी मां के साथ सत्संग में चली गई। उन्हें देखते ही दादा लेखराज को लगा कि यह तो उनकी वारिस बेटी है और राधे को भी लगा यह तो उनका बहुत काल से बिछुड़ा हुआ पिता है। दादा लेखराज उसी दिन से राधे को आलौकिक परमात्म ज्ञान की शिक्षा देने लगे।17 वर्ष की अल्पायु में ही मम्मा आध्यात्मिक रूप से परिपक्व हो गयीं एवं ब्रह्माकुमारीज के यज्ञ की जिम्मेदारियों को अपने हांथों में ले लिया। एक बार जब ओम मंडली के विरुद्ध न्यायालय में केस चल रहा था, तब मम्मा ने आकर ऐसी गवाही दी जिससे न्यायाधीश भी मौन हो गये।मम्मा ने स्पष्ट किया कि किस प्रकार निराकार परमात्मा ने दादा लेखराज को माध्यम बनाया हुआ है और उनके द्वारा परमात्मा हम सबको पढ़ा रहे हैं। उन्होंने यह भी समझाया कि एक मनुष्यात्मा यह सत्य ज्ञान कैसे दे सकती है? परमात्मा ही आकर हमें पवित्र रहने की ( मन,वचन.कर्म में ) श्रीमत देते हैं। हर एक मनुष्य को अधिकार है कि वह अपने जीवन की दिशा एवं उद्देश्य स्वयं निर्धारित कर सके। उनकी अध्यात्म के प्रति लग्न को देखकर कुछ ही समय में राधे को सत्संग की संचालिका बना दिया और कुछ अन्य माताओं व कन्याओं को मिलाकर एक समिति बना दी। दादा लेखराज जो उस समय हीरो के व्यापारी थे,ने ईश्वरीय बोध होने पर अपना अकूत धन व चल-अचल सम्पत्ति इस समिति रूपी ट्रस्ट के नाम कर दी। जिससे 14 वर्षों तक संस्था का खर्च चलता रहा। इस समिति रूपी ट्रस्ट का नाम आगे चलकर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय हुआ। मम्मा यानि राधे सर्व गुणों की खान और मानवीय मूल्यों की विशेषताओं से सम्पन्न थीं। मम्मा ने कभी किसी को मौखिक शिक्षा नहीं दी, बल्कि अपने जीवन के अनुभव से प्रेरणा दी। इसी से दूसरे के जीवन में परिवर्तन आ जाता था। मम्मा के सामने चाहे कितना भी विरोधी, क्रोधी, विकारी, नशेड़ी आ जाता, परन्तु मम्मा की पवित्रता, सौम्यता व ममतामयी दृष्टि पाते ही वह शांत हो जाता और मम्मा के कदमों में गिर जाता था।

## आज का राशिफल

**मेष** आज धन में वृद्धि का दिन है और कारोबारियों की कोई बड़ी डील फाइनल होने से आपका मन प्रसन्न होगा।

**वृषभ** आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। कहीं यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं।

**मिथुन** किसी रचनात्मक और आर्टिस्ट काम को पूरा करने में आपका दिन बीतेगा।

**कर्क** दिन काफी सृजनात्मक है। जो भी काम लगन के साथ करेंगे उसमें आपको शुभ फल मिलेगा।

**सिंह** काफी व्यस्त रहेंगे। आपको आज पढ़ाई लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना ही अच्छा होगा।

**कन्या** टकराव की नौबत न आए इस बात का ध्यान रखें और हर प्रकार के विवाद से दूर रहें।

**तुला** दिन आपके लिए लाभकारक है। आपको हर कार्य में मनचाही सफलता प्राप्त होगी।

**वृश्चिक** आज का दिन काफी मजबूत है। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। इसलिए काम करते रहें।

**धनु** बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएं तो आपको बड़ा लाभ होने की आशा है।

**मकर** आज का दिन सामान्य है। साझे में किया व्यापार आपको काफी फायदा पहुंचाएगा।

**कुंभ** हर मामले में सावधानी के साथ काम करें। खान-पान में लापरवाही बिल्कुल न बरतें।

**मीन** आज करियर के मामले में लाभ होगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर रहेगा।

विशेष

## हार की बली का बकरा

उत्तर प्रदेश में इन दिनों भाजपा के अंदर राजनीतिक उफान बना हुआ है। योगी आदित्यनाथ की कुर्सी जाएगी, या बची रहेगी। इसको लेकर राजनीतिक हलचलें बढ़ गई हैं। हार का ठीकरा किसके सिर फूटेगा, इसको लेकर उत्तर प्रदेश में नेताओं के बीच रार बढ़ती ही जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह के समर्थक योगी पर निशाना साध रहे हैं। वही योगी के समर्थक गुजरात लावी के ऊपर ठीकरा फोड़ रहे हैं। योगी आदित्यनाथ की हिंदू नेता के रूप में बनी छवि, अमित शाह और मोदी को पसंद नहीं आ रही है।लोकसभा चुनाव मे हुईं करारी पराजय से उन्हें हटाया जा सकता है। इस मौके को दिल्ली दरबार किसी भी कीमत में छोड़ना नहीं चाहता है।

## कौन बनेगा मुख्यमंत्री

4 जून को जब बनारस में मतगणना चल रही थी। पोस्टल वोट और दूसरे चरण की गिनती में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पीछे चल रहे थे। सुबह 10 बजे तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह का गुस्सा देखने लायक था। किसी तरह से इज्जत बचाई गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह,उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की कुर्सी में अब किसी भी कीमत में योगी आदित्यनाथ को देखना नहीं चाहते हैं। जो खबरें मिल रही है। उत्तर प्रदेश में जल्द ही पिछड़े वर्ग के नेता को मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। योगी आदित्यनाथ को केंद्र में लाने की तैयारी शुरू हो चुकी है। अब योगी आदित्यनाथ को तय करना है, कि वह दिल्ली में केंद्रीय मंत्री बनना चाहते हैं,या गोरखनाथ मठ में जाकर बैठेंगे।

कार्टून कोना





## आज का इतिहास

1793: फ्रांस में पहला रिपब्लिकन संविधान स्वीकार किया गया. 1869: भारत के प्रथम प्रधानमंत्री दामोदर हरि चापेकर का जन्म हुआ. 1894: फ्रांस के राष्ट्रपति एम.एफ.सादी कार्नोट की हत्या लियोन में हुई. 1931: सोवियत संघ और अफगानिस्तान में संधि हुई. 1948: सोवियत संघ ने बर्लिन की नाकेबंदी की. 1960: यूनान यूगोसलाविया और तुर्की ने बाल्कन संधि प्राप्त की थी. 1961: भारत में निर्मित प्रथम सुपरसानिक लड़ाकू विमान एच.एफ.ने पहली बार उड़ान भरी. 1963: राष्ट्रीय टेलेक्स सेवा की शुरूआत हुई . 1970 : यमन के राष्ट्रपति अहमद हुसैन हाशमी की हत्या हुई. 1975: ईस्टर्न एयर लाइन्स 727 जेट विमान अमेरिका में तूफान की वजह से दुर्घटनाग्रस्त 3 लोगों की मृत्यु.

## दैनिक पंचांग

24 जून 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 06.55 बजे से |
| चंद्र | मकर में | सिंह | 09.11 बजे से |
| मंगल | मेष में | कन्या | 11.23 बजे से |
| बुध | मिथुन में | तुला | 13.34 बजे से |
| गुरु | वृष में | वृश्चिक | 15.49 ब.से |
| शुक्र | मिथुन में | धनु | 18.05 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मकर | 20.10 बजे से |
| राहु | मीन में | कुंभ | 21.56 बजे से |
| केतु | कन्या में | मीन | 23.29 बजे से |
| राहुकाल | | मेष | 01.00 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | वृष | 02.40 बजे स |
| बजे तक | | मिथुन | 04.38 बजे से |

**सोमवार** 2024 वर्ष का 176 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** आषाढ़ (दक्षिण भारत में ज्येष्ठ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** तृतीया 01.24 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराषाढ़ा 15.54 बजे को समाप्त। **योग** इन्द्र 11.51 बजे को समाप्त। **करण** वणिज 14.27 बजे तदनन्तर विष्टि 01.24 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 17.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 24' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872020 **जूलियन दिन** 2460485.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** जिल्हेज **तारीख** 17 **विशेष** रानी दुर्गावती बलिदान दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# मोतियों सा चमके मक्का



## मक्का फसल में अन्य खरीफ फसलों की तुलना में कुछ विशेषताएँ हैं। जैसे

- मक्का की उत्पादकता वर्षा पर आधारित खेतों में भी अत्यधिक है।
- कतार से कतार दूरी अधिक होने के कारण अन्तरवर्तीय फसल से अतिरिक्त लाभ।
- अन्तरण अधिक होने से खरपतवार नियंत्रण का खर्च सीमित।
- बीज लागत व्यय प्रति हेक्टेयर अत्यधिक कम (200 रुपये/हे.)।
- अनाज के साथ चारे की प्राप्ति।
- आवश्यकता पड़ने पर हरे चारे के रूप में उपयोग।
- समयानुसार हरे भुट्टे को बेचकर आय की प्राप्ति।
- सोयाबीन की अपेक्षा कीट एवं रोगों का कम प्रकोप।



### भूमि का चुनाव

मध्यम से भारी भूमि जिसमें जल निकास अच्छा हो सबसे उपयुक्त होती है।

### खेत की तैयारी

गर्मी में गहरी जुताई करके बाद में दो तीन जुताई बखर से करके भूमि को भुर भुरी बना लें। साथ ही पाटा लगाकर भूमि को समतल कर लें। पानी के भराव वाले क्षेत्रों में 5–10 मीटर के अन्तर पर निकास नालियां बनाना चाहिये जिससे पानी शीघ्रता से निकल सके।

### जातियां

जवाहर मक्का–8, जवाहर मक्का–12, संकर– किरण, कंचन, संकुल–जवाहर मक्का–216, नवजोत, संकर–डेक्कन–109, पूसा हायब्रिड–1, प्रभात संकर–गंगा–11, डेक्कन–105

### बीज की मात्रा

16–20 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर बीज डालें, बीज की मात्रा फसल अवधि के आधार पर कम या ज्यादा हो सकती है।



### बुवाई का समय

वर्षा आधारित खेती में मानसून के प्रारम्भ होते ही मक्का की बौवनी करें। जहां सिंचाई उपलब्ध हो तो मनसून के समय से 20 दिन पूर्व भी बुवाई की जा सकती है।

### बीज उपचार

बीज में 2 ग्राम थायरम + 1 ग्राम कार्बेन्डाजिम प्रति किलोग्राम बीज से उपचारित करें। थायरम से उपचारित करने के बाद बीज को 5 ग्राम ऐजेटोबेक्टर + 5 ग्राम पी.एस.बी. कल्चर से उपचारित करने के बाद शीघ्र करने से उत्पादन में बृद्धि होती है।

### बुवाई की विधि

हाथ से बुवाई करना सबसे अच्छा है। एक स्थान पर दो बीज डालें। बीज को 3–5 से.मी. की गहराई पर बोयें

### पौध विरलन

यह क्रिया मक्का फसल के लिये अति आवश्यक है। क्योंकि वांछित पौध संख्या न होने के कारण उत्पादन में भारी कमी आती है। पौध विरलन का कार्य बुवाई के 15–20 दिनों के बाद हल्की वर्षा के समय करें। पौधे अंतरण 20–25 से.मी. रखते हुए कमजोर पौधे को उखाड़े। एक स्थान पर एक ही पौधे को रखें। खाली स्थान पर पौधों की रोपाई करें।

### खाद

अच्छी पकी हुई गोबर की खाद 8–10 टन प्रति हे. कतारों में देने से मक्का की फसल को अधिक लाभ होता है। रासायनिक खाद निम्न तालिका के अनुसार डालना चाहिये। नत्रजन को तीन भागों में बांटकर एक भाग बुवाई के समय व दो भाग बुवाई के 25–30 दिन एवं 40–45 दिन पर दें। फास्फोरस व पोटाश की सम्पूर्ण मात्रा बुवाई के साथ दें। मक्का में 25 कि.ग्रा. जिंक सल्फेट प्रति हेक्टेयर बुवाई के समय डालना आवश्यक है।

### अंतर शस्य क्रिया

फसल 30–40 दिन तक नींदा रहित हों। इसके बुवाई के 20–25 दिन व 30–35 दिन पर डोरा चलायें। उक्त समय में ही मिट्टी चढ़ाने का कार्य भी पूर्ण कर लें।

### रसायनिक नींदा नियंत्रण

मक्का फसल में अट्राजीन 1 किग्रा प्रति हे. बुवाई के बाद व अंकुरण के पूर्ण उपयोग करें।

### कटाई एवं गहाई

भुट्टे जब कड़क व सूख जायें तब उनकी तुड़ाई करें चाहिए। भुट्टों को अच्छी तरह सुखाकर थैसर से गहाई की जा सकती है। छोटे किसान भाई मेज सेलर से भी दाना निकाल सकते हैं।



### उपज

उपरोक्त उत्पादन तकनीक अपनाकर किसान भाई 45–50 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं।

# आई प्याज बहार लाई



प्याज एक महत्वपूर्ण नगदी फसल है। हमारे देश में कुल सब्जी उत्पादन क्षेत्रफल के 11.4 प्रतिशत भू-भाग पर प्याज की खेती हो रही है व इसकी खेती से कुल सब्जी उत्पादन में 10.4 प्रतिशत का योगदान मिल रहा है। स्थानीय खपत के अलावा निर्यात भी किया जाता है। मध्य पूर्व के बाजारों में भारतीय प्याज की मांग विशेषकर इसकी अच्छी गुणवत्ता के कारण सदैव बनी रहती है।

### जलवायु

प्याज के लिए समसीतोष्ण जलवायु सर्वोत्तम समझी जाती है, प्याज मूलरूप से सर्दी में उगाया जाता है, लेकिन खरीफ की किस्में प्राप्त होने पर उनको खरीफ में भी लगाया जाने लगा है। सर्वोत्तम पैदावार के लिये 15-21 डिग्री सेंटीग्रेड तापमान तथा 10 घंटे वाले लम्बे दिन उपयोगी है।

### भूमि

प्याज की खेती के लिए उपजाऊ बलुई दोमट या दोमट भूमि में उपयुक्त रहती है। खरीफ फसल हेतु खेत चयन में सावधानी रखें। खेत में उपयुक्त जल निकास की व्यवस्था हो।

किस्म - एन-53, एग्री फाउण्ड रेड डार्क,भीमा सुपर, भीमा डार्क रेड, भीमा रेड,भीमा सुभ्रा,अर्का कल्याण

### भूमि की तैयारी

खेत की गहरी जुताई करके खेत को भुर-भुरा बना लेना चाहिये।

### बीज दर

खरीफ फसल हेतु 12-15 कि. प्रति हेक्टे. बीज पर्याप्त रहता है।

बुवाई समय- नर्सरी में बुवाई का उपयुक्त समय मई-जून है।

### नर्सरी तैयार करना

प्याज की नर्सरी हेतु उपजाऊ, जल निकास युक्त तथा सिंचाई की सुविधा युक्त भूमि का चयन करें। एक हेक्टेयर में प्याज लगाने हेतु 500 वर्ग मीटर में नर्सरी तैयार करनी चाहिये, नर्सरी क्यारी 1 मीटर चौड़ी व 15 सेमी. ऊंची बनाये। क्यारी में सिंचाई हेतु बूंद-बूंद सिंचाई का स्प्रिंकलर का उपयोग भी किया जा सकता है। अधिक गर्मी से बचाने के लिये शेड नेट का उपयोग किया जा सकता है।

### रोपाई की दूरी

प्याज की पौध को पंक्तियों में 15-20 सेमी की दूरी पर तथा पौधे से पौधे की दूरी 10 सेमी रखते हैं।

### खाद एवं उर्वरक

खेत तैयार करते समय 25-30 टन प्रति हेक्टेयर गोबर की खाद मिट्टी में मिलाये तथा 130 किलो यूरिया+310 किलो फास्फोरस +100 किलो पोटाश+ 20किलो सल्फर प्रति हेक्टेयर रोपाई के पूर्व मिट्टी में मिलायें। शेष यूरिया 130 किलो प्रति हेक्टेयर को रोपाई में 30-40 दिन बाद में देना चाहिये।



### पौध रोपण

वर्षा में रोपाई हेतु ऊंची क्यारी या मेड़ नाली पद्धति से ही पौध लगायें। जिससे जल निकास सुगमता पूर्वक हो सके।

### जल प्रबंधन

साधारणतः खरीफ फसल हेतु सिंचाई की आवश्यकता नहीं होती है, फिर भी वर्षा नहीं होने परखेत में नमी बनाये रखने हेतु हल्की सिंचाई करें। खरीफ प्याज में जल निकास का उचित प्रबंध करना महत्वपूर्ण है।

### निंदाई-गुड़ाई

प्याज के अच्छे उत्पादन के लिये खेत का खरपतवारों से मुक्त रखें। अच्छी फसल के लिए शुरू में 2-3 बार खरपतवार निकालना आवश्यक है। खरपतवारनाशक के रूप में बासालिन 2-2.5 लीटर/हेक्टर रोपाई के तुरन्त बाद छिड़काव करें तथा 40-45 दिन बाद निंदाई-गुड़ाई करें।

### प्याज की खुदाई

सामान्यतः रबी फसल में तैयार होने पर पत्तियों के शीर्ष पीले पड़कर सूख जाते हैं। तब सिंचाई रोक दें तथा इसके 10-15 दिन बाद सिंचाई करें। खरीफ मौसम में पत्तियां गिरती नहीं हैं अतः गांठों का आकार 6-8 सेमी. व्यास का हो जायें तो पत्तियों को पैरों से जमीन पर गिरा दें। जिससे पौधों की वृद्धि रुक जाये तथा गांठें ठोस हो जाएं। इससे 15 दिन बाद खुरपी से खुदाई करें। खुदाई के बाद कंदों को पत्तों सहित 3-5 दिन तक छाया में रखें, इसके बाद 2.0-2.5 सेमी, डंठल छोड़कर पत्तों को काटें तथा अच्छी तरह सुखा लें।

### उपज

200-250 क्वि/हेक्टेयर तक उपज मिल जाती है।



# भारतीय कपास के निर्यात में 67 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद, बांग्लादेश में बढ़ी मांग से होगा लाभ

**मुंबई , एजेंसी।** बांग्लादेश की मिलों में कॉटन (कपास) की बढ़ती मांग की वजह से भारत के कॉटन निर्यात में वृद्धि का अनुमान है। सितंबर में समाप्त होने वाले 2023-24 सीजन के लिए भारत के कॉटन का निर्यात में बांग्लादेश के मिलों की बढ़ती मांग के कारण दो तिहाई अधिक वृद्धि होने का अनुमान है। कॉटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीएआई) को उम्मीद है कि शिपमेंट लगभग 26 लाख गांठ (प्रत्येक गांठ 170 किलोग्राम) तक पहुंच जाएगा जो पिछले सीजन में 15.5 लाख गांठ से 67.7 प्रतिशत अधिक है।

सीएआई के अध्यक्ष अतुल गणात्रा ने बताया कि बांग्लादेश मिलें जो मुश्किल से अपना काम चला रही हैं, अब वे भारतीय कॉटन खरीद रही हैं। क्योंकि ब्राजील और अमेरिका के उनके आयात शिपमेंट में देरी हो रही है। भारत से लगभग हर महीने 1-



1.5 लाख गांठ बांग्लादेश को निर्यात किया जा रहा है। सड़क मार्ग के जरिए बांग्लादेश को 5 दिनों में कॉटन मिल जाता है। इससे भारत के कॉटन निर्यात में वृद्धि हो रही है।

## कपास प्रेसिंग का अनुमान बढ़ा

सीएआई ने अपने प्रेसिंग अनुमान में 2023-24 सीजन के 317.70 लाख गांठ की वृद्धि की है, यह फरवरी में 309 लाख गांठ थी। यह वृद्धि मुख्य रूप से मध्य भारत से आई है, जहां हाल ही में किसानों ने अपने पुराने स्टॉक को लोड करने के लिए तैयार हुए हैं। हालांकि चालू सीजन के लिए प्रेसिंग पिछले साल की तुलना में 318.9 लाख गांठ कम है। गणात्रा ने प्रेसिंग आंकड़ों में आई वृद्धि को बाजारों में आने वाली कैरी फॉरवर्ड स्टॉक को माना है। मई के अंत तक 296.53 लाख प्रेसिंग की जा चुकी है।

## प्राकृतिक फाइबर का आयात बढ़ा

प्राकृतिक फाइबर का आयात 16.4 लाख गांठ होने का अनुमान है। इसमें से 5.5 लाख गांठ देश में मई के अंत तक आ चुका है। शुरुआती स्टॉक, आयात और प्रेसिंग के अनुमानों को मिलाकर कुल आपूर्ति 363 लाख गांठ होने का अनुमान है जो पिछले सीजन में 355.4 लाख गांठ से अधिक है। सीएआई ने कॉटन मांग 317 लाख गांठ (311 लाख गांठ ) रहने का अनुमान लगाया है। गैर एमएसएमई सेक्टर में मांग 201 लाख गांठ (280 लाख गांठ ) रहने का अनुमान है, जबकि एमएसएमई सेक्टर में यह मांग 100 लाख गांठ (15 लाख गांठ ) से अधिक रहने का अनुमान है। गैर वस्त्र सेक्टर की खपत 16 लाख गांठ पर स्थिर देखी गई है। गणात्रा ने बताया कि खपत के आंकड़ों में बदलाव सीओसीपीसी (कपास उत्पादन और खपत पर समिति) द्वारा तय की गई नई श्रेणियों में खपत के आंकड़ों को फिर से सामूहिकृत करने के कारण है। सीओसीपीसी देश में कॉटन की स्थिति पर लगातार नजर रखती है और समीक्षा करती है तथा कॉटन के उत्पादन और खपत से संबंधित मामलों पर सरकार को उचित सलाह देती है। सीएआई के अनुसार कताई मिलों की औसत क्षमता उपयोग लगभग 90 प्रतिशत होने का अनुमान है। इसमें उत्तर भारत और मध्य भारत में मिले 100 प्रतिशत की क्षमता पर और दक्षिण भारत में 80 प्रतिशत क्षमता पर चल रही हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### जोमाटो, भेल सहित 10 कंपनियों ने निवेशकों को किया मालामाल, 1 साल में पैसा डबल

**नई दिल्ली , एजेंसी।** पिछले एक साल के दौरान बीएसई 100 इंडेक्स में कई कंपनियों ने निवेशकों को शानदार रिटर्न दिया है। इन कंपनियों में जोमैटो, ट्रेंट और बजाज ऑटो भी शामिल है। इसमें कई पीएसयू स्टॉक भी है। मालामाल करने वाली कंपनियों की लिस्ट में ट्रेंट भी एक शामिल है। बीते एक साल में कंपनी के शेयरों का भाव 213 प्रतिशत बढ़ा है। यानी निवेशकों का पैसा दोगुना है। वहीं, जोमैटो का भी प्रदर्शन बीते एक साल के दौरान शानदार रहा है। इस दौरान कंपनी के शेयरों का भाव 162 प्रतिशत बढ़ा है। वहीं, बजाज ऑटो की बात करें तो कंपनी के शेयरों की कीमतों में पिछले एक साल में 107 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन के शेयरों में बीते एक साल में 200 प्रतिशत की तेजी आई है। इस पीएसयू स्टॉक का भाव 6 महीने में 22 प्रतिशत बढ़ा है। गेल इंडिया के पोजीशनल निवेशकों का पैसा भी बीते एक साल में दोगुना हो गया है। इस दौरान कंपनी के शेयरों में 104 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। रिटर्न के मामले में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स भी किसी से कम नहीं है। इस स्टॉक की कीमतों में 154 प्रतिशत की तेजी बीते एक साल में दर्ज की गई है। रिटर्न के मामले में डिफेंस सेक्टर की कंपनी ने हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड भी अव्वल है। कंपनी के स्टॉक का भाव पिछले एक साल में 177 प्रतिशत और कोल इंडिया के शेयरों में 111 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। भारत फोर्ज के शेयरों 120 प्रतिशत और महिंद्रा एंड महिंद्रा में 109 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। बता दें, बीएसई 100 में पिछले 12 महीने के दौरान 29 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है।

### श्री अधिकारी ब्रदस शेयर ने निवेशकों को चौंकाया, सालभर में ही 1 लाख को बना दिया 2 करोड़



**नई दिल्ली , एजेंसी।** आज हम आपको एक ऐसे शेयर के बारे में बता रहे हैं जिसने अपने निवेशकों को तगड़ा रिटर्न दिया है। यह शेयर श्री अधिकारी ब्रदर्स टेलीविजन नेटवर्क लिमिटेड का है। कंपनी के शेयर में लगातार 2 प्रतिशत का अपर सर्किट लगा और यह 222.50 रुपये के 52 वीक हाई पर पहुंच गए। पिछले छह महीने में यह शेयर करीबन 9,000 प्रतिशत तक का रिटर्न दिया है। इस दौरान इसकी कीमत 2.50 रुपये से बढ़कर वर्तमान प्राइस तक पहुंच गई है। श्री अधिकारी ब्रदर्स टेलीविजन नेटवर्क लिमिटेड के शेयर लगातार शानदार रिटर्न दे रहे हैं। कंपनी के शेयर पिछले पांच दिन में 9 प्रतिशत, एक महीने में 50 प्रतिशत चढ़ गए हैं। इस साल ङ्घ्रञ्जष्ठ में यह शेयर अब तक 7,472.41 प्रतिशत चढ़ा है। इस दौरान इसकी कीमत 2.90 रुपये से वर्तमान प्राइस तक पहुंच गई। सालभर में यह शेयर 15,044.83 प्रतिशत चढ़ा है। इस दौरान इसकी कीमत 1.45 रुपये से चढ़कर वर्तमान प्राइस तक पहुंच गई है। इसका मतलब है कि सालभर में यह शेयर एक लाख के निवेश को बढ़ाकर 2 करोड़ रुपये कर दिया है।

### भारतीय डीपटेक स्टार्टअप की संख्या 2023 में बढ़ी, वित्तपोषण में 77 प्रतिशत गिरावट : नैसकॉम

**नई दिल्ली , एजेंसी।** भारत में 2023 में 'डीपटेक स्टार्टअप में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। एक रिपोर्ट के अनुसार, इनमें 480 नए उद्यम उभरे, जिससे यह विश्वस्तर पर तीसरा सबसे बड़ा पूल बन गया है। हालांकि, प्रौद्योगिकी उद्योग निकाय नैसकॉम और वैश्विक परामर्श कंपनी जिनोव की रिपोर्ट ने वित्तपोषण में गिरावट की चिंताजनक प्रवृत्ति को उजागर किया है, जो इन स्टार्टअप के लिए एक बड़ी चुनौती है। रिपोर्ट में कहा गया, भारत में वर्तमान में 3,600 से अधिक डीपटेक स्टार्टअप हैं, जिनमें से 480 पिछले साल ही स्थापित किए गए। यह संख्या 2022 में स्थापित डीपटेक स्टार्टअप की संख्या से लगभग दोगुना अधिक है। हालांकि, भारत की डीपटेक संभावनाएं वित्तपोषण की कमी के कारण अवरुद्ध हैं।

# वित्त वर्ष 25 के अंत तक 20 फीसदी पीसी होंगे एआई वाले: लेनोवो



**नई दिल्ली , एजेंसी।** पर्सनल कंप्यूटर (पीसी) विनिर्माता लेनोवो इंडिया इस वित्त वर्ष में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) से संचालित अपने पीसी और गेमिंग डिवाइस पोर्टफोलियो के बलबूते पर भारतीय उपभोक्ता पीसी बाजार में मजबूत पकड़ बनाने पर विचार कर रही है। फर्म के वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी को भरोसा है कि इस वित्त वर्ष के आखिर तक पीसी उपभोक्ता बाजार का 20 प्रतिशत हिस्सा एआई से चलेगा। लेनोवो इंडिया के निदेशक और श्रेणी प्रमुख आशीष सिक्का ने बताया कि लेनोवो को एआई वाले पीसी जैसे सामान की अनुमान से कहीं ज्यादा मांग दिख रही है। उन्हें उम्मीद है कि साल के उत्तरार्ध में बिक्री में तेजी आएगी क्योंकि मूल उपकरण निर्माता (ओईएम) ऐसी और डिवाइस पेश करेंगे। उन्होंने कहा, 'उद्योग के लिए यह महत्वपूर्ण क्षण है, ठीक उसी तरह जैसे फोन उद्योग फीचर फोन से स्मार्टफोन की ओर बढ़ रहा है। हमारा मानना है कि साल के आखिर तक उपभोक्ता बाजार का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा एआई पीसी वाला होगा। जैसे-जैसे हम आगे बढ़ेंगे, इसका इस्तेमाल और तेज हो जाएगा।' सिक्का के अनुसार एआई वाले पीसी उपभोक्ताओं को सामान्य पीसी के मुकाबले कई फायदे मुहैया करते हैं। इसका इस्तेमाल बढ़ने से इन खूबियों में इजाफा होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, 'वर्तमान में उपयोग के मामलों में हाइपर-पर्सनलाइजेशन जैसी सुविधाएं शामिल हैं ङ्क चाहे वह ईमेल का ड्राफ्ट तैयार करना हो या उपयोगकर्ताओं के डाउनटाइम का अनुमान लगाना हो। दूसरी बात यह कि एआई पीसी क्लाउड पर निर्भरता बगैर स्थानीय पीसी पर बहुत सारे काम करने में सक्षम होते हैं। इस प्रकार बहुत सारा डेटा होस्ट पीसी पर ही रहता है, जिससे दक्षता में सुधार होता है।

# एक हफ्ते में मालामाल ! सेंसेक्स की तीन कंपनियों का वैल्यूएशन बढ़ा

**नई दिल्ली , एजेंसी।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से तीन के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,06,125.98 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक को सबसे अधिक फायदा हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 217.13 अंक या 0.28 प्रतिशत चढ़ गया।



बीते सप्ताह जहां एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में उछाल आया, वहीं दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई। इन कंपनियों की बाजार हैसियत सामूहिक रूप से 1,01,769.1 करोड़ रुपये घट गई। समीक्षाधीन सप्ताह में एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 52,091.56 करोड़ रुपये बढ़कर 12,67,056.69 करोड़ रुपये हो गया। आईसीआईसीआई बैंक ने सप्ताह के दौरान 36,118.99 करोड़ रुपये जोड़े जिससे इसका मूल्यांकन 8,13,914.89 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इन्फोसिस की बाजार हैसियत 17,915.43 करोड़ रुपये बढ़कर 6,35,945.80 करोड़ रुपये हो गई। इस रुख के उलट रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 32,271.31 करोड़ रुपये घटकर 19,66,686.57 करोड़ रुपये रह गया। एलआईसी के बाजार पूंजीकरण में 27,260.74 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ और यह 6,47,616.51 करोड़ रुपये पर आ गया। आईटीसी का मूल्यांकन 14,357.43 करोड़ रुपये घटकर 5,23,858.91 करोड़ रुपये पर और हिंदुस्तान यूनिलीवर का 8,904.95 करोड़ रुपये के नुकसान से 5,73,617.46 करोड़ रुपये रह गया। टीसीएस की बाजार हैसियत 8,321.6 करोड़ रुपये घटकर 13,78,111.45 करोड़ रुपये रह गई। भारती एयरटेल के मूल्यांकन में 7,261.72 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 8,04,262.65 करोड़ रुपये रह गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार पूंजीकरण 3,391.35 करोड़ रुपये घटकर 7,46,454.54 करोड़ रुपये पर आ गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही।

# अडानी का वेतन भारत के लगभग सभी बड़े परिवार के स्वामित्व वाले समूहों के प्रमुखों से कम



**नई दिल्ली , एजेंसी।** भारत के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति गौतम अदानी को 31 मार्च, 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में कुल 9.26 करोड़ रुपये का वेतन (पारिश्रमिक) मिला है। यह उद्योग के उनके अन्य समकक्षों की तुलना में काफी कम है। अदानी समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों की वार्षिक रिपोर्ट से पता चलता है कि बंदरगाह-से-ऊर्जा क्षेत्र में कार्यरत समूह की 10 में से केवल दो फर्मों से अडानी (61) ने वेतन लिया। समूह की प्रमुख कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) से 2023-24 में उन्हें वेतन के रूप में 2.19 करोड़ रुपये और लाभ और अन्य भत्तों के रूप में 27 लाख रुपये प्राप्त हुए।

एईएल की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, 2.46 करोड़ रुपये का उनका कुल वेतन इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में तीन फीसदी अधिक है। इसके अलावा अडानी को अडानी पोर्ट्स एंड एसईजेड लिमिटेड से 6.8 करोड़ रुपये का वेतन मिला।

अडानी का वेतन भारत के लगभग सभी बड़े परिवार के स्वामित्व वाले समूहों के प्रमुखों से कम है। देश के सबसे अमीर भारतीय मुकेश अंबानी कोविड-19 के बाद से कोई वेतन नहीं ले रहे हैं। इससे पहले उनका वेतन सालाना 15 करोड़ रुपये तक सीमित था। अडानी का वेतन दूरसंचार क्षेत्र के दिग्गज सुनील भारती मित्तल (2022-23 में 16.7 करोड़ रुपये), राजीव बजाज (53.7 करोड़ रुपये), पवन मुंजाल (80 करोड़ रुपये), एलएंडटी के चेयरमैन एस एन सुब्रमण्यन और इन्फोसिस के सीईओ सलिल एस पारेख से काफी कम है।

# 145 पर आया था आईपीओ, अब 4000 के पार पहुंचा भाव, डिफेंस की है कंपनी

**नई दिल्ली , एजेंसी।** डिफेंस सेक्टर के स्टॉक मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स ने अपने निवेशकों को शानदार रिटर्न दिए हैं। कंपनी के शेयर आईपीओ प्राइस 145 रुपये से वर्तमान में 2670 प्रतिशत तक चढ़ गया है। बीते शुक्रवार को डिफेंस सेक्टर का यह शेयर 4017.90 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गया था। बता दें कि पिछले तीन साल में यह शेयर 2,828 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। इसका ऑल टाइम हाई प्राइस 4,249.95 रुपये है। इसे इसने इसी साल 19 जून को ही टच किया है।

मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स ने 12 अक्टूबर, 2020 को 216.25 रुपये पर डी-स्ट्रीट की शुरुआत की थी। यह अपने आईपीओ प्राइस 145 रुपये से लगभग 50 प्रतिशत प्रीमियम पर चढ़ गया था। मझगांव डॉक आईपीओ 443.69 करोड़ रुपये का बुक बिल्ट इश्यू था। यह इश्यू पूरी तरह से 3.06 करोड़ शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव था। किसी एप्लिकेशन के लिए न्यूनतम लॉट साइज 103 शेयर था और खुदरा निवेशकों के लिए आवश्यक निवेश की न्यूनतम राशि 14,935 रुपये थी।



यदि किसी निवेशक ने मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स के शेयरों के 1 लॉट (14,935 रुपये) के लिए आवेदन किया होता, तो 21 जून के बंद प्राइस के अनुसार उसका निवेश अब 5 लाख रुपये हो गया होता। 21 जून तक मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स का मार्केट कैप 78,544.14 करोड़ रुपये है। एनएसई पर इसके शेयरों की 52-सप्ताह की रेंज 1,162 - 4,245 रुपये है। रक्षा स्टॉक बीएसई 500 इंडेक्स का एक कंपोनेंट है। बता दें कि कंपनी को साल 1934 में एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के रूप में शामिल किया गया था। 1960 में सरकार द्वारा इसके अधिग्रहण के बाद मझगांव डॉक तेजी से विकसित होकर भारत में प्रमुख युद्ध-जहाज निर्माण यार्ड बन गया, जो नौसेना के लिए युद्धपोत और बॉम्बे हाई के लिए अपतटीय संरचनाओं का निर्माण करता था।

बता दें कि मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स ने 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए 663 करोड़ रुपये का समेकित शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो पिछले साल की समान तिमाही में दर्ज 326 करोड़ रुपये से 103 प्रतिशत अधिक है।

### साल भर में निवेशकों को मिला 500 प्रतिशत का रिटर्न, अब मिलने जा रही बड़ी खुशखबरी, 28 जून को फैसला

**नई दिल्ली , एजेंसी।** पिछले एक साल के दौरान राजू इंजीनियर्स लिमिटेड ने निवेशकों को धांसू रिटर्न दिया है। अब कंपनी एक बार फिर से चर्चा में है। इस बार कंपनी बोनस शेयर और डिविडेंड को लेकर सुर्खियों में है। कंपनी की बोर्ड मीटिंग होने जा रही है। राजू इंजीनियर्स लिमिटेड की बोर्ड मीटिंग शुक्रवार यानी 28 जून 2024 को होने जा रही है। इस मीटिंग का मुख्य एजेंडा बोनस इश्यू और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए फाइनल डिविडेंड देने पर फैसला करना है। बता दें, पहले यह बोर्ड मीटिंग 24 जून को होने जा रही थी। बाद में इस बदल दिए गया। एक्सचेंज को इसकी जानकारी शनिवार को दी गई थी। डिविडेंड का लम्बा इतिहास रहा है। कंपनी शेयर बाजार में पहली बार 28 अगस्त 2002 को एक्स-डिविडेंड स्टॉक के तौर पर ट्रेड किया था। आखिरी बार कंपनी 15 सितंबर 2023 को एक्स-डिविडेंड ट्रेड की थी। वहीं, 17 सितंबर 2009 को कंपनी के शेयर एक्स-स्प्लिट के तौर पर ट्रेड किए थे। तब कंपनी के शेयरों को 10 हिस्सों में बांटा गया था। बता दें, अबतक इस कंपनी बोनस शेयर नहीं दिया है। बीते एक साल में इस मल्टीबैगर स्टॉक का भाव 595 प्रतिशत बढ़ा है। वहीं, 6 महीने में इस मल्टीबैगर स्टॉक का भाव 33.30 प्रतिशत बढ़ा है। 3 महीने में स्टॉक की कीमतों में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिली है। बता दें, शुक्रवार को कंपनी के शेयर 1.45 प्रतिशत की तेजी के साथ 307.20 रुपये के लेवल पर पहुंचकर बंद हुआ था।

# प्याज और न रुलाए ! सरकार ने बफर स्टॉक के लिए 71000 टन खरीदे, सामान्य मानसून से राहत की उम्मीद

**नई दिल्ली , एजेंसी।** सरकार ने कीमतों पर नियंत्रण के लिए पांच लाख टन प्याज खरीदने के कुल लक्ष्य में से बफर स्टॉक के लिए इस साल अब तक लगभग 71,000 टन प्याज की खरीदारी की है। साथ ही, सरकार को उम्मीद है कि देश के अधिकांश हिस्सों में मानसून की प्रगति के साथ खुदरा कीमतें कम होंगी। उपभोक्ता मामलों के विभाग की ओर से एकत्रित आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार को प्याज का अखिल भारतीय औसत खुदरा मूल्य 38.67 रुपये प्रति किलोग्राम था, जबकि उच्च गुणवत्ता वाले प्यात का मूल्य 40 रुपये प्रति किलोग्राम रहा।

उपभोक्ता मामलों के विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 20 जून तक केंद्र ने 70,987 टन प्याज की खरीद की है जबकि पिछले साल इसी अवधि में 74,071 टन प्याज की खरीद की गई थी। अधिकारी ने बताया, अनुमानित तौर पर रबी उत्पादन में करीब 20 प्रतिशत की गिरावट के बावजूद इस साल मूल्य स्थिरीकरण बफर के लिए प्याज खरीद की गति काफी हद तक पिछले साल के बराबर है। उन्होंने



कहा कि सरकार मूल्य स्थिरीकरण के लिए पांच लाख टन की खरीदारी के लक्ष्य को हासिल करने की ओर बढ़ रही है।

अधिकारी ने कहा कि सरकार प्याज की कीमतों में स्थिरता बनाए रखने के लिए बफर में प्याज रखने या बाजार में छोड़ने के विकल्प का प्रयोग करेगी। खरीद मूल्य परिवर्तनशील मूल्य है जो प्रचलित बाजार मूल्यों से जुड़ा हुआ है।अधिकारी ने बताया कि प्याज की कीमतों में वृद्धि प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों में कम बारिश के कारण पिछले वर्ष की तुलना में खरीफ, देर खरीफ और रबी में 2023-24 में उत्पादन में लगभग 20 प्रतिशत की कमी के कारण हुई है।

## प्याज की कीमतों को नियंत्रण में रखने के लिए सरकार ने किए कई उपाय

कीमतों को नियंत्रित करने के लिए, सरकार ने पिछले साल अगस्त से अब तक 40 प्रतिशत के निर्यात शुल्क लगाने की शुरुआत करने समेत श्रेणीबद्ध तरीके से कई उपाय उपाय किए हैं। अक्टूबर, 2023 में न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) 800 अमेरिकी डॉलर प्रति टन तय किया गया। 8 दिसंबर, 2023 से निर्यात पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया। इन उपायों से उचित स्थिर मूल्यों पर प्याज की घरेलू उपलब्धता बनाए रखने में मदद मिली है। महाराष्ट्र में लासलगांव जैसी प्रमुख मंडियों में पर्याप्त स्थिरता और इस वर्ष सामान्य से अधिक मानसून की भविष्यवाणी को देखते हुए अच्छे खरीफ उत्पादन की संभावना है। इसके मद्देनजर 4 मई, 2024 से 550 अमेरिकी डॉलर प्रति टन के एमईपी (अधिकतम निर्यात मूल्य) और 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क के साथ प्याज के निर्यात पर से प्रतिबंध हटा दिया गया था।

## लंबे समय तक लू चलने से हरी सब्जियों का उत्पादन हुआ प्रभावित

अधिकारी ने कहा, देश के बड़े हिस्से में लंबे समय तक लू चलने से हरी सब्जियों का उत्पादन प्रभावित हुआ है। टमाटर, आलू और प्याज सहित अन्य सब्जियों की कीमतों में वृद्धि हुई है। अधिकारी ने बताया कि मानसून की शुरुआत के साथ देश के ज्यादातर हिस्सों में स्थिति में सुधार होने की उम्मीद है। मार्च में केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने प्याज उत्पादन के आंकड़े जारी किए थे। आंकड़ों के अनुसार, 2023-24 (पहला अग्रिम अनुमान) में प्याज का उत्पादन पिछले साल के लगभग 302.08 लाख टन की तुलना में लगभग 254.73 लाख टन रहने की उम्मीद है। आंकड़ों के अनुसार प्याज उत्पादन में महाराष्ट्र में 34.31 लाख टन, कर्नाटक में 9.95 लाख टन, आंध्र प्रदेश में 3.54 लाख टन और राजस्थान में 3.12 लाख टन की गिरावट आने की आशंका है।

# 5 टुकड़ों में बंटने जा रहा इस कंपनी का स्टॉक, निवेशकों को मिलेगा 1 फ्री शेयर, भाव 300 रुपये से कम



**नई दिल्ली , एजेंसी।** बोनस शेयर बांटने वाली कंपनियों की लिस्ट में मारुती इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड का नाम भी जल्द शामिल हो जाएगा। कंपनी ने कल यानी शनिवार को बोनस शेयर बांटने का ऐलान किया था। कंपनी के शेयरों का बंटावार भी होने जा रहा है। बता दें, इस स्टॉक का भाव 300 रुपये से भी कम है। मारुति इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने शेयर बाजारों को बताया है कि 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर को 5 हिस्सों में बांटा जाएगा। जिस स्टॉक स्प्लिट के बाद फेस वैल्यू घटकर 2 रुपये प्रति शेयर हो जाएगी। कंपनी ने बोनस शेयर का भी ऐलान किया है। कंपनी ने एक्सचेंज को बताया है कि 2 रुपये के फेस वैल्यू वाले 2 शेयर पर 1 शेयर बोनस दिया जाएगा। हालांकि, कंपनी ने अभी बोनस शेयर और स्टॉक स्प्लिट के लिए रिकॉर्ड डेट का ऐलान नहीं किया है। शुक्रवार को कंपनी के शेयर 0.44 प्रतिशत की तेजी के साथ 215.40 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। बीते 6 महीने के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 38 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है।

## संक्षिप्त समाचार

### संयुक्त अरब अमीरात के दौरे पर जयशंकर, विदेश मंत्री नाहयान से मुलाकात कर कई अहम मुद्दों पर करेंगे चर्चा

**दुबई एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर आज संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जाएंगे। इस



दौरान वह अपने समकक्ष अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात करेंगे। वहीं, दोनों नेताओं के बीच कई मुद्दों पर चर्चा होगी। बताया जा रहा है कि द्विपक्षीय मुद्दों के अलावा, जयशंकर और अल नाहयान के गाजा में समग्र स्थिति पर विचार-विमर्श करने की उम्मीद है। जयशंकर की यात्रा भारत और यूएई के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक विकास की समीक्षा करने का अवसर प्रदान करेगी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि विदेश मंत्री एस जयशंकर आज यूएई की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। यात्रा के दौरान विदेश मंत्री संयुक्त अरब अमीरात के अपने समकक्ष के साथ साझेदारी के विभिन्न मुद्दों पर बैठक करेंगे। भारत और यूएई के बीच संबंध पिछले कुछ वर्षों में काफी बढ़े हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगस्त 2015 में संयुक्त अरब अमीरात की ऐतिहासिक यात्रा के बाद, दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया गया है। दोनों देशों ने आर्थिक जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए फरवरी 2022 में एक व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। व्यापार समझौते में कई लाभ दिए गए हैं, जिनमें टैरिफ को खत्म करना और कम करना, खुले व्यापार के माहौल को बढ़ावा देना और विभिन्न क्षेत्रों में सेवा प्रदाताओं के लिए बाजार पहुंच को बढ़ाना शामिल है। यूएई 2022-23 में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के मामले में भारत में शीर्ष चार निवेशकों में से एक है। करीब 35 लाख संख्या के साथ भारतीय समुदाय यूएई में सबसे बड़ा प्रवासी समूह है।

### यमन से हूती फिर सक्रिय, लाल सागर में अमेरिकी विमानवाहक पोत तो इस्राइल बंदरगाह पर चार जहाजों पर हमला



**सना, एजेंसी।** ईरान के हूती विद्रोहियों का लाल सागर में जहाजों को निशाना बनाने का मामला ठंडा नहीं पड़ रहा है। अमेरिका समेत 13 देशों के अंतिम चेतावनी के बाद भी विद्रोहियों ने उत्तरी लाल सागर में अमेरिकी विमानवाहक पोत आइजनहावर को निशाना बनाया। उसने पोत पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। इसके अलावा, हूती विद्रोहियों ने रविवार को दावा किया कि उसने इस्राइल के उत्तरी हाइफा बंदरगाह पर चार जहाजों को निशाना बनाया था। हूती विद्रोहियों के प्रवक्ता याह्या सारेया ने शनिवार को दावा किया कि उसके सशस्त्र बलों ने एक अभियान चलाकर आइजनहावर को निशाना बनाया। सारेया ने कहा, हमारे सशस्त्र बलों के मिसाइल बल ने उत्तरी लाल सागर में अमेरिकी विमानवाहक पोत आइजनहावर को कई बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों के साथ निशाना बनाते हुए एक अभियान चलाया और अभियान ने सफलतापूर्वक अपने लक्ष्यों को हासिल किया। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, फिलहाल इस बात की पुष्टि करने के लिए कोई सबूत नहीं है कि विमानवाहक पोत पर वास्तव में हमला हुआ या नहीं। यह हूतियों द्वारा लाल सागर में अमेरिकी विमानवाहक पोत आइजनहावर को निशाना बनाकर एक महीने से भी कम समय में किया गया दूसरा हमला है। परमाणु ऊर्जा से चलने वाले इस विमानवाहक पोत पर पहला हमला 31 मई को हुआ था, जिस पर अमेरिकी सेना ने कोई टिप्पणी नहीं की थी। सारेया ने कहा कि उग्रवादी समूह ने अरब सागर में व्यापारिक जहाज ट्रांसवर्ल्ड नेविगेटर पर भी बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया, जो कि हूतियों के अनुसार जहाज के मालिक द्वारा इस्राइली बंदरगाहों में प्रवेश पर लगे प्रतिबंध का उल्लंघन करने के जवाब में किया गया।

### कोलंबिया में कार में बम विस्फोट ; पुलिसकर्मी समेत तीन की मौत, आठ घायल

**बोगोटा, एजेंसी।** कोलंबिया में शनिवार को बम धमाका हुआ। धमाका कार में रखे बम के जरिए किया गया। विस्फोट में एक पुलिसकर्मी समेत तीन लोगों की मौत हो गई। इस दौरान आठ अन्य घायल हो गए। बताया जा रहा है कि जहां धमाका हुआ, वहां वामपंथी विद्रोही समूह सक्रिय है। देश के रक्षा मंत्रालय ने सोशल नेटवर्क एक्स पर कहा कि एक निजी वाहन में रखे विस्फोटक से विस्फोट हुआ, जिससे पुलिस अधिकारी सैंटियागो मोरेनो रियोस के साथ एक दुकानदार और एक व्यक्ति की मौत हो गई। बयान में कहा गया कि दक्षिण-पश्चिमी नारिनो में शुक्रवार को हुए विस्फोट में दो अन्य अधिकारी और छह नागरिक घायल हो गए। घटना उस क्षेत्र में हुई जहां एस्टाडो मेयर सेंट्रल (ईएमसी) नामक एक एफएआरसी असंतुष्ट समूह सक्रिय है। ईएमसी और सेगुंडा मार्केटालिया दो अलग-अलग समूह हैं, जिन्होंने 2016 में एफएआरसी- कोलंबिया के क्रांतिकारी सशस्त्र बल की ओर से शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए जाने पर हथियार डालने से इनकार कर दिया था। इन दोनों समूहों को कभी महाद्वीप पर सबसे शक्तिशाली गुरिल्ला संगठन कहा जाता था। हमला उसी दिन हुआ, जिस दिन सीजर विभाग में विद्रोहियों ने एक पुलिसकर्मी की हत्या कर दी और दूसरे को घायल कर दिया। राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने दोनों हमलों के पीड़ितों के परिवारों के प्रति एकजुटता व्यक्त की।

# लाशों और घायलों का ढेर- गाजा में इजरायल के ताजा हमले में 39 मरे

**यरूसलम/गाजा, एजेंसी।** गाजा में शनिवार को इजराइल के हवाई हमलों में कम से कम से 39 लोगों की मौत हो गई है। फिलिस्तीन और अस्पताल के अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। गाजा शहर के अल-अहली अस्पताल के निदेशक फदेल नाईम ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि अस्पताल में तीन दर्जन से अधिक शव पहुंचाएं जा चुके हैं। गाजा में मौजूद आपातकालीन समूह फिलिस्तीन सिविल डिफेंस ने कहा कि उसने गाजा शहर के पूर्वी इलाके में इजराइली हमले से प्रभावित एक इमारत से भी शव निकाले जा रहे हैं। इज़रायली हमलों में शाति रिफ्यूजी कैंप और तुफ़ाह में फ़िलिस्तीनियों के मारे जाने के बाद आपातकालीन कर्मचारी उत्तरी गाजा में बचे हुए लोगों तक पहुँचने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। रेड क्रॉस के एक अधिकारी के अनुसार, दक्षिणी गाजा में अल-मवासी शिविर पर हमले के बाद बम विस्फोट हुए, जिसमें घायल लोगों का ढेर लग गया। वहीं वेस्ट बैंक में इज़रायली सुरक्षाबलों ने जेनिन शहर में छापे के दौरान एक घायल फ़िलिस्तीनी को जीप से बांध दिया। हमास द्वारा संचालित सरकारी मीडिया कार्यालय के निदेशक ने बताया कि शनिवार को फिलिस्तीनी क्षेत्र के उत्तर में गाजा शहर में भी इजरायली हमले हुए हैं। इस्माइल अल-थावाब्ता ने रॉयटर्स को बताया कि गाजा



पट्टी के आठ ऐतिहासिक रिफ्यूजी कैंप में से एक अल-शाती में घरों पर एक इजरायली हमले में 24 लोग मारे गए। वहीं अल-तुफ्फाह में घरों पर हमले में 18 अन्य फिलिस्तीनी मारे गए। इज़रायली सेना ने एक संक्षिप्त बयान जारी करते हुए कहा, थोड़ी देर पहले, द्धुष्ठस्न लड़ाकू विमानों ने गाजा शहर के क्षेत्र में हमास के दो सैन्य ठिकानों पर हमला किया। हमास ने अपने सैन्य ठिकानों पर हमला करने के इज़रायली दावे पर कोई टिप्पणी नहीं की है। इसने एक बयान में कहा कि हमलों में नागरिकों को निशाना बनाया गया। रॉयटर्स द्वारा जारी फुटेज में दर्जनों फिलिस्तीनी लोगों को बर्बाद हुए घरों के बीच अपनों की तलाश करते हुए दिख रहे हैं। फुटेज में शाति रिफ्यूजी कैंप में क्षतिग्रस्त घर और सड़क पर भरा मलबा दिखाई दे रहा है। पिछले साल 7अक्टूबर को हमास समर्थित लड़ाकों ने दक्षिणी इजरायल पर हमला कर दिया था, जिसमें लगभग 1,200 लोग मारे गए और 250 से अधिक लोगों को बंधक लिया। इसके बाद से यह जंग जारी है। 7 अक्टूबर से इज़रायल के गाजा पर हमले में कम से कम 37,551 लोग मारे गए हैं और 85,911 घायल हुए हैं। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, इस हमले ने गाजा को बर्बाद कर दिया है। पिछले 24 घंटों में 101 लोग मारे गए और लगभग पूरी आबादी बेघर हो गई है।

**घायल फिलिस्तीनी को जीप के बोनट पर बांधकर कराई परेड :** इजराइल और हमास के बीच युद्ध खत्म होना तो दूर, क्रूरता की हदें पार कर रहा है। इजरायली रक्षा बलों की दरिंदगी और हैवानियत लगातार सामने आ रही है। सैन्य बलों ने पहले राहत कैंपों में सो रहे मासूमों पर बम वर्षा कर तबाही मचाई थी। अब एक और घटना ने आईडीएफ के तमाम दावों की पोल खोल दी है। शनिवार को अपने कब्जे वाले पश्चिमी तट के शहर जेनिन में इजरायली रक्षा बलों ने एक घायल फिलिस्तीनी व्यक्ति को जीप के बोनट पर बांधकर घुमाया। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। प्रकरण सामने आने के बाद इजरायल ने मामले में जांच शुरू करने का आदेश दिया है। इजरायली रक्षा बलों की दरिंदगी दिखा रहे वीडियो की समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने पुष्टि की है। एजेंसी का कहना है कि वीडियो में दिख रहा शख्स फिलिस्तीनी युवक मुजाहिद आज़मी है।

## व्लादिमीर पुतिन ने किम जोंग उन को कुछ ऐसे कहा अलविदा, इंटरनेट पर वायरल हो गया वीडियो

**मास्को एजेंसी।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उनके उत्तर कोरियाई समकक्ष किम जोंग उन का एक और वीडियो सामने आया है, जिसमें दोनों एक-दूसरे को अलविदा कहते नजर आ रहे हैं। यह वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पुतिन और किम जोंग के बीच की गर्मजोशी देखकर इंटरनेट यूजर्स हैरान हैं और इसे लेकर तरह-तरह के कमेंट किए जा रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, यह नया वीडियो सबसे पहले यूके स्थित डेली मेल की ओर से पोस्ट किया गया। मालूम होता है कि पुतिन जब नॉर्थ कोरिया की अपनी राजकीय यात्रा पूरी करने के बाद प्योंगयांग से रवाना हो रहे थे, उसी वक्त इसे रिकॉर्ड किया गया।

व्लादिमीर पुतिन की यह एक तरह से दुर्लभ राजकीय यात्रा रही। करीब 2 दशकों में यह पहली बार है जब पुतिन ने उस देश में कदम रखा जिसके नेता से दुनिया ने एक तरह की दूरी बनाई हुई है। इस यात्रा के कई वीडियो क्लिप सामने आए जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुए। ऐसे ही एक वीडियो में पुतिन और किम जोंग ऑरस लिमोजिन ड्राइव करते नजर आए। दोनों ने एक-दूसरे को इस गाड़ी में घुमाते दिखे। रिपोर्ट के मुताबिक, पुतिन ने रूस में बनी ऑरस सीनेट लिमोजिन कार किम को तोहफे में दी। इसे रूस की रॉल्स रॉयस भी कहा जाता है। यह एक फुल-साइज लग्जरी सेडान है, जिसे पुतिन खुद भी इस्तेमाल करते हैं।

**बिना किसी देरी के सहायता का संकल्प :** बता दें कि पुतिन और उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत युद्ध की स्थिति में दोनों देशों ने एक-दूसरे की बिना किसी विलंब के सहायता का संकल्प लिया है।सइस समझौते को शीत युद्ध की समाप्ति की बाद से मास्को और प्योंगयांग के बीच सबसे ज्यादा प्रभावी समझौता माना जा रहा है। दोनों ही देश पश्चिमी देशों के साथ बढ़ते गतिरोध का सामना कर रहे हैं। उत्तर कोरिया पहुंचने से कुछ घंटे पहले पुतिन ने यूक्रेन में रूस की सैन्य कार्रवाइयों के लिए देश के दृढ़ समर्थन की सराहना की। रूस ने 2022 में यूक्रेन में युद्ध शुरू किया था। उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग में सड़कों को पुतिन की तस्वीरों और रूसी झंडों से सजाया गया था। एक इमारत पर लगे बैनर पर लिखा था, 'हम रूसी संघ के राष्ट्रपति का गर्मजोशी से स्वागत करते हैं।

## कनाडा में बेरोजगारी का हाल, कॉफी हाउस में नौकरी के लिए इंडियन और विदेशी युवाओं की लगी लंबी लाइन

**ओटावा एजेंसी।** कनाडा के कॉफ़ीहाउस चेन टिम हॉर्टन्स के बाहर भारतीय और विदेशी छात्रों की लंबी लाइन लग गई। यह कतार यहां पर नौकरी के लिए इंटरव्यू देने के लिए लगी है। कनाडा में टिम हॉर्टन्स आउटलेट पर जॉब फेयर में लंबी कतार में खड़े भारतीय और विदेशी छात्रों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो को एक छात्र ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया। इसकी हेडलाइन थी, टिम हॉर्टन्स में जॉब फेयर और स्ट्रगल अभी बाकी है मेरे दोस्त। इस वीडियो को 1 मिलियन से ज़्यादा बार देखा जा चुका है और 500 से ज़्यादा कमेंट्स मिल चुके हैं। लोग कनाडा में नौकरी की स्थिति को लेकर सवाल उठा रहे हैं। वीडियो बनाने वाले निशांत ने बताया कि वह खुद भी नौकरी की तलाश में लाइन में लगे हुए थे। उन्होंने बताया कि वह कनाडा में एक छात्र हैं और पिछले एक महीने से नौकरी की तलाश कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि 100 से ज़्यादा छात्र नौकरी के लिए लाइन में इंतज़ार कर रहे थे। निशांत वीडियो में कहते हैं कि इतनी लंबी लाइन देख कर आस पास के लोग भी हैरान थे। उन्होंने अपने इंटरव्यू के बारे में भी जानकारी दी और बताया कि कॉफ़ीहाउस चेन ने उनसे क्या सवाल पूछे। निशात ने अपना बायोडाटा जमा करने के बाद कहा, मुझे नहीं पता कि मुझे किसी स्टोर में नौकरी मिलेगी या नहीं।

## चीन के रॉकेट का हिस्सा लॉन्चिंग के तुरंत बाद घरों पर गिरा, भागने लगे लोग

**बीजिंग एजेंसी।** चीन ने ब्रह्मांड के सबसे दूर तक आतिशबाजी की तरह टिमटिमाती गामा-किरणों को पकड़ने के लिए एक खगोलीय उपग्रह को लॉन्च किया। शनिवार को अंतरिक्ष की ओर भेजा गया यह उपग्रह चीन और फ्रांस के वैज्ञानिकों के बीच लगभग 20 वर्षों की कड़ी मेहनत का परिणाम था। हालांकि संयुक्त रूप से लॉन्च किए गए इस उपग्रह का एक हिस्सा धरती पर आवासीय कॉलोनियों के ऊपर गिर गया। इससे लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। दूसरी तरफ चीनी अधिकारियों का कहना है कि उनका मिशन सफल रहा और यान अपनी कक्षा में स्थापित हो चुका है।

शनिवार को चीन और फ्रांस ने मिलकर संयुक्त रूप से लॉन्च किए गए उपग्रह ले जाने वाले लॉन्ग मार्च 2-सी रॉकेट में विस्फोट हो गया। इसका एक हिस्सा पृथ्वी पर एक आवासीय क्षेत्र में गिर गया। इससे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। कुछ देर तक लोगों को लगा कि आसमान से कोई चीज धरती पर गिरी है। जानकारी के अनुसार, स्पेस वेरिएबल ऑब्जेक्ट मॉनिटर (एसवीओएम) नामक उपग्रह के साथ अंतरिक्ष यान ने 22 जून (स्थानीय समय) को सुबह 3.00 बजे ज़िचांग सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद रॉकेट का एक हिस्सा वापस धरती पर गिर गया। धरती पर रॉकेट का जो हिस्सा गिरा, उसे बूस्टर कहा जाता है।

घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें रॉकेट एक आबादी वाले इलाके में गिरता हुआ दिखाई दे रहा है। यान का हिस्सा गिरने से



लोगों में दहशत फैल गई और वे बचने के लिए इधर-उधर भागने लगे। चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन के अनुसार, यह उपग्रह अंतरिक्ष-आधारित मल्टी-बैंड वैरिएबल ऑब्जेक्ट मॉनिटर (एसवीओएम) को दक्षिण पश्चिम चीन के सिचुआन प्रांत में ज़िचांग सैटेलाइट लॉन्च सेंटर से लॉन्ग मार्च -2 सी रॉकेट द्वारा प्रक्षेपित किया गया था।

चीनी सरकार का बयान आया हालांकि, चीनी अधिकारियों ने मिशन को सफल घोषित करते हुए पुष्टि की कि उपग्रह अब तक का सबसे शक्तिशाली उपग्रह है और सफलतापूर्वक अपनी कक्षा में पहुंच गया है। चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन के अनुसार, उपग्रह का मिशन गामा-किरण विस्फोट सहित खगोलीय घटनाओं का अध्ययन करना है। यह चीन और फ्रांस द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया पहला खगोल विज्ञान उपग्रह है, जो अंतरिक्ष और चंद्र अन्वेषण में चीन की बढ़ती ताकत को दिखाता है।

## चुनाव से पहले डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय छात्रों को किया खुश, कर दिया ग्रीन कार्ड देने का वादा

**वॉशिंगटनएजेंसी।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक चुनावी वादे ने भारतीय छात्रों को खुश कर दिया है। उन्होंने कहा कि अगर वह सत्ता में वापसी करते हैं तो अमेरिका में ग्रैजुएशन करने वाले छात्रों को ग्रीन कार्ड दिया जाएगा। यह अमेरिका में पढ़ने वाले विदेशी छात्रों के लिए बड़ी राहत की खबर है। वैसे रिपब्लिकन नेता ट्रंप इमिग्रेशन नियमों को लेकर सख्त रवैया अपनाने के लिए जाने जाते हैं। वहीं ट्रंप के वादे के मुताबिक अगर उनकी सरकार बनती है तो अमेरिकी कॉलेजों में पढने वाले भारतीय और अन्य विदेशी छात्रों को स्वतः ग्रीन कार्ड मिल जाएगा और वे अमेरिका में स्थायी रूप से रहने के अधिकारी हो जाएंगे।

डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्र जब अपने देश जाते हैं तो अरबपति बन जाते हैं। ऐसा ही अमेरिका में भी तो हो सकता है। बता दें कि नवंबर में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव हो सकते हैं। इसमें जो बाइडेन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच मुकाबला हो सकता है।



चुनाव में अवैध इमिग्रेशन और डिपोर्टेशन का मुद्दा अहम है। एक पॉडकास्ट के दौरान ट्रंप ने कहा कि अमेरिका कॉलेजों से ग्रैजुएशन करने वाले छात्रों को डिप्लोमा के रुप में ग्रीन कार्ड दिया जाएगा। सिलिकॉन वैली टेक इन्वेस्टर्स की ओर से आयोजित पॉडकास्ट में डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह दुनियाभर से अच्छे प्रतिभाशाली लोगों को अमेरिका बुलाने का अधिकार देंगे। वहीं ट्रंप ने कहा कि अगर कोई अमेरिकी कॉलेज से ग्रैजुएशन करता है तो उसे ग्रीन कार्ड मिलना चाहिए। इसमें जूनियर कॉलेज भी शामिल हैं। यह स्पष्ट नहीं है कि डोनाल्ड ट्रंप का इशारा उन लोगों की तरफ था जो कि अवैध रूप से अमेरिका में घुसे हैं। या फिर जिन लोगों का वीजा खत्म हो गया है और वे अमेरिका में ही रुके हुए हैं। ट्रंप ने कहा कि वह चाहते हैं कि कुशल ग्रैजुएट उनके देश में रहे और विकास में योगदान दें। वहीं मानवाधिकार कार्यकर्ता ट्रंप के वादे से आश्वस्त नहीं हैं। उनका कहना है कि ट्रंप ने ही पिछले प्रशासन में छात्र वीजा को प्रतिबंधित कर दिया था और ग्रैजुएशन के बाद उन्हें अमेरिका से भगाने की नीति अपना ली थी। वहीं अमेरिकी कंपनियों में विदेशी लोगों को नियुक्त करने के नियम भी कठिन बना लिए थे।

ट्रंप ने कहा, अगर आप किसी कॉलेज से दो साल या फिर चार साल की डिग्री लेते हैं। या फिर डॉक्ट्रेट की डिग्री लेते हैं तो आपको अमेरिका में रुकने का अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि बहुत सारे प्रतिभाशाली लोग कंपनियों के ऑफर को इसलिए नहीं स्वीकार कर पाते क्योंकि उन्हें अमेरिका में रुकने का अधिकार नहीं मिलता है।

## नाव से की गई आतिशबाजी से ग्रीक द्वीप के हाइड्रा जंगल में आग, चीड़ के पेड़ खाक, 13 आरोपी गिरफ्तार

**हाइड्रा, एजेंसी।** ग्रीक द्वीप हाइड्रा पर जंगल में लगी आग के बाद 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों का कहना है कि आग एक नौका से की गई आतिशबाजी के कारण लगी थी। शुक्रवार को हाइड्रा जंगल में लगी आग ने इस द्वीप में चीड़ के जंगल को तबाह कर दिया। हालांकि बाद में आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन आग ने अग्निशामकों के लिए बड़ी चुनौतियां रखी। इन्हें समुद्र के रास्ते उस क्षेत्र तक पहुंचना पड़ा, जहां आग लगी थी। समुद्र तट तक जाने वाली सड़कों की कमी के कारण पानी गिराने के लिए हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल करना पड़ा। सारोनिक खाड़ी में एथेंस के दक्षिण-पश्चिम में स्थित हाइड्रा, जो कि विदेशी पर्यटकों और नौकाओं पर यात्रा करने वालों के बीच लोकप्रिय है। हाइड्रा के अग्निशमन दल ने फेसबुक पर कहा कि यह आग नाव से की गई आतिशबाजी के कारण लगी। इस कारण से इस द्वीप पर एकमात्र चीड़ के जंगल को जला दिया। ये उस जगह हैं, जहां पहुंचना कठिन है, क्योंकि यहां सड़कें भी नहीं हैं। शनिवार को ग्रीक अधिकारियों ने 13 ग्रीक नागरिकों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। इन्हें रविवार को अभियोजकों के सामने पेश किया जाना है। अधिकारियों ने बताया कि लोगों को एथेंस क्षेत्र के मरीना से गिरफ्तार किया गया। इस घटना ने ग्रीस में व्यापक आक्रोश पैदा किया है, जो पहले से ही वर्ष की पहली गर्मी के बीच कई जंगली आग से जूझ रहा है। शुष्क परिस्थितियों, तेज हवाओं और उच्च तापमान के कारण देश जंगली आग के लिए हाई अलर्ट पर है। अधिकारियों का कहना है कि पछले 24 घंटों में ग्रीस में 64 जंगल और झाड़ियों में आग लग चुकी है। हाइड्रा के मेयर जियोर्गोस कोउकोउडाकिस ने ग्रीक प्रसारक ईआरटी से कहा हम इस बात से नाराज हैं कि कुछ लोग गैर जिम्मेदाराना तरीके से चीड़ के जंगल में पटाखे फेंक रहे हैं। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि मनुष्य द्वारा किए जाने वाले जीवाश्म ईंधन उत्सर्जन से दुनिया भर में गर्मी की लहरों की अवधि और तीव्रता बिगड़ रही है। इसके अलावा आगजनी एक बड़ी समस्या भी है। पिछले अगस्त में आगजनी के लिए 79 लोगों को गिरफ्तार किया जाना था। इससे निपटने के लिए ग्रीस ने पिछले साल जानबूझकर और लापरवाही से की गई आगजनी के लिए दंड भी बड़ा दिया। इसमें 200,000 यूरो तक जुर्माना और 20 साल तक की जेल की सजा शामिल है।

## इमरान समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल आरक्षित सीटों का हकदार नहीं, सुको में चुनाव आयोग ने बताई वजह

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए आम चुनावों के बाद से सियासी उठा पटक जारी है। पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने एक बार फिर जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी समर्थित समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) को आरक्षित सीटें देने से मना कर दिया। उसने सुप्रीम कोर्ट में तर्क दिया कि एसआईसी आरक्षित सीटों के लिए योग्य नहीं है क्योंकि पार्टी गैर-मुस्लिमों को इसका हिस्सा नहीं बनने देती।

**यह है मामला :** दरअसल, पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने खान समर्थित सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) को आरक्षित सीटें देने से मना कर दिया था, जिससे नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पीएमएल-एन पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गई। इसके बाद एसआईसी ने हाईकोर्ट का रुख किया था, हालांकि वहां से भी उसे मायूस लौटना पड़ा। इस याचिका में पीटीआई के सांसदों ने आठ फरवरी के चुनावों के बाद राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभाओं में महिलाओं और अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित सीटों के अपने हिस्से का दावा किया था। हालांकि, हाईकोर्ट से झटका लगने बाद सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

**चुनाव आयोग ने क्या कहा:** अब पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) की याचिका पर शनिवार को सुप्रीम कोर्ट में जवाब दाखिल किया। ईसीपी ने कहा कि एसआईसी को आरक्षित सीटें आवंटित नहीं की जा सकतीं क्योंकि पार्टी 24 दिसंबर की समय सीमा तक



आरक्षित सीटों के लिए उम्मीदवारों की सूची जमा करने में विफल रही।

**गैर-मुस्लिम व्यक्ति नहीं हो सकता पार्टी का सदस्य :** चुनाव निगरानी संस्था ने कहा, एसआईसी के संविधान के अनुसार, कोई गैर-मुस्लिम व्यक्ति पार्टी का सदस्य नहीं बन सकता। एसआईसी के संविधान में गैर-मुस्लिमों को शामिल करने के खिलाफ प्रावधान असंवैधानिक है। सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल महिलाओं और अल्पसंख्यकों के लिए आरक्षित सीटों का हकदार नहीं है। शीर्ष निकाय ने आगे कहा कि चुनाव के बाद स्वतंत्र उम्मीदवार एसआईसी में शामिल हो गए, जिसके बाद ईसीपी ने 4-1 बहुमत से पार्टी को आरक्षित सीटें आवंटित न करने का फैसला दिया और बाद में पेशावर उच्च न्यायालय (पीएचसी) ने इस फैसले को बरकरार रखा। एसआईसी आरक्षित सीटों के लिए पात्र नहीं है। एसआईसी को आरक्षित सीटें नहीं देने के ईसीपी और पीएचसी के फैसले में कुछ भी गलत नहीं है। यह निर्णय कानूनों और संविधान के अनुरूप है।

**बहुमत के आंकड़े से रहे दूर :** पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने 71 साल के खान की पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) समर्थित सुन्नी इतेहाद काउंसिल (एसआईसी) को आरक्षित सीटें देने से इनकार कर दिया था। आयोग का कहना था कि एसआईसी के पाले वालीं आरक्षित सीटें अन्य दलों को दे दी जाएं। दरअसल, पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने चुनाव में सबसे ज्यादा सीटें अपने नाम की थीं, लेकिन वे बहुमत के आंकड़े को नहीं छू पाए थे। इस वजह से पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएलएन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने घोषणा कर दी थी कि वे गठबंधन सरकार बनाएंगे। हालांकि, पीटीआई ने पीएमएलएन और पीपीपी द्वारा गठबंधन सरकार बनाने के प्रयासों को खारिज कर दिया था। चुनावों में जेल में बंद इमरान खान की पीटीआई पार्टी की ओर से समर्थित उम्मीदवारों समेत कुल 93 निर्दलीय प्रत्याशियों ने नेशनल असेंबली की सीटें जीती थीं।

# विराट कोहली ने रचा इतिहास

## 3000 रन पूरे किए



नईदिल्ली, एजेंसी। बांग्लादेश के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप 2024 के सुपर 8 मुकाबले में विराट कोहली लय में तो दिखे, लेकिन बड़ा स्कोर नहीं कर पाए। हालांकि कोहली ने टीम के लिए ठीक-ठाक पारी खेली 28 गेंदों पर 3 छक्के और एक चौके की मदद से 37 रन की पारी खेली। इस 37 रन की पारी के दम पर कोहली ने इतिहास रच दिया और वो टी20 व वनडे वर्ल्ड कप में रन के इस आंकड़े को छूने वाले पहले बल्लेबाज बन गए।

विराट कोहली टी20 और वनडे वर्ल्ड कप को मिलाकर 3000 रन पूरे करने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज किए। कोहली ने ये रिकॉर्ड बांग्लादेश के खिलाफ खेली अपनी 37 रन की पारी के दौरान किया। टी20 और वनडे वर्ल्ड कप को मिलाकर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर रोहित शर्मा 2637 रन के साथ मौजूद हैं जबकि डेविड वार्नर 2502 रन के साथ तीसरे नंबर पर हैं। चौथे नंबर पर 2278 रन के साथ सचिन तेंदुलकर हैं।

### विश्व कप में सर्वाधिक रन (वनडे+टी20)

| | |
|---|---|
| 3000 | विराट कोहली |
| 2637 | रोहित शर्मा |
| 2502 | डेविड वार्नर |
| 2278 | सचिन तेंदुलकर |
| 2193 | कुमार संगकारा |
| 2174 | शाकिब अल हसन |
| 2151 | क्रिस गेल |

### आईसीसी टूर्नामेंट में बांग्लादेश के खिलाफ कोहली के नाम 500 से ज्यादा रन

कोहली ने बांग्लादेश के खिलाफ 37 रन की पारी खेली और आईसीसी टूर्नामेंट में वो इस देश के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने। आईसीसी टूर्नामेंट में कोहली ने बांग्लादेश के खिलाफ कुल 510 रन बनाए हैं। आईसीसी टूर्नामेंट में एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले नंबर पर विराट कोहली ही हैं जिन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ 645 रन बनाए हैं।

### टूर्नामेंट में विरोधियों के खिलाफ सबसे ज्यादा रन

| | |
|---|---|
| 645 रन | कोहली बनाम पाकिस्तान |
| 553 रन | जयवर्धने बनाम न्यूज़ीलैंड |
| 547 रन | रोहित बनाम बांग्लादेश |
| 541 रन | डिविलियर्स बनाम वेस्टइंडीज |
| 513 रन | पोंटिंग बनाम भारत |
| 510 रन | कोहली बनाम बांग्लादेश |
| 497 रन | गेल बनाम इंग्लैंड |
| 480 रन | संगकारा बनाम न्यूज़ीलैंड |
| 431 रन | रोहित बनाम पाकिस्तान |
| 420 रन | संगकारा बनाम ऑस्ट्रेलिया |

## संक्षिप्त समाचार

### ज्वेरेव को हराकर ह्यूबर्ट हर्काज हाले के फ़ाइनल में



**हाले, एजेंसी।** पूर्व चैंपियन ह्यूबर्ट हर्काज ने शनिवार को विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव को सीधे सेटों में हराकर टेरा वोर्टमैन ओपन के फ़ाइनल में प्रवेश कर लिया है। हर्काज ने ज्वेरेव को 7-6(2), 6-4 से हराया और अब वह सत्र के अपने दूसरे खिताब से एक जीत दूर रह गए हैं। पांचवीं सीड पोलिश खिलाड़ी ने सेमीफाइनल में ज्वेरेव के खिलाफ 17 एस लगाए और सभी चार ब्रेक अंकों को बचाया। उन्होंने इस जीत के साथ अपनी पांचवीं टॉप 10 ग्रास कोर्ट जीत हासिल की।

एक घंटे 33 मिनट की जीत के साथ हर्काज ने ज्वेरेव के खिलाफ आमने-सामने के मुकाबलों में अपना रिकॉर्ड 1-3 कर लिया है। यह उनका 11 वां टूर स्तर फ़ाइनल है और वह अपने नौवें एटीपी टूर खिताब की उम्मीद करेंगे जब उनका रविवार को टॉप सीड जानिक सिनर या चीन के झांग झीझेन से मुकाबला होगा। 2022 में एटीपी 500 इवेंट में खिताब जीतकर, हर्काज़ ने अक्सर घास पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। 2021 विंबलडन सेमीफाइनलिस्ट एटीपी लाइव रैंकिंग में दो स्थान ऊपर 7वें नंबर पर है और सोमवार को करियर के उच्चतम स्तर पर पहुंच जाएंगे।

### क्रिस्टियानो रोनाल्डो को कोच करना बहुत आसान है: पॉल क्लेमेंट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो को हमेशा से दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक माना जाता रहा है, लेकिन कई लोगों का मानना है कि इस स्ट्राइकर के साथ काम करना आसान नहीं है।रियल मैड्रिड के पूर्व असिस्टेंट मैनेजर पॉल क्लेमेंट ने सभी अफवाहों को खारिज करते हुए कहा है कि क्रिस्टियानो रोनाल्डो को कोच करना बहुत आसान है। पॉल क्लेमेंट ने एथलेटिक से कहा कि उनके साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना सौभाग्य की बात थी। क्रिस्टियानो रोनाल्डो को कोच करना बहुत आसान है। मुझे कोई भी ऐसा खिलाड़ी याद नहीं है जो उनसे बेहतर प्रोफेशनल रहा हो। क्लेमेंट रियल मैड्रिड में अपने समय के दौरान जोस मोरिन्हो के स्टाफ का एक महत्वपूर्ण हिस्सा थे और उन्होंने बताया कि किसी भी टीम के लिए उनकी क्षमता वाला खिलाड़ी कितना महत्वपूर्ण है। क्लेमेंट ने कहा कि क्रिस्टियानो जैसा खिलाड़ी हमेशा अलग होता है, लेकिन जोस के साथ, टीम हमेशा सभी से ऊपर थी। ऐसे क्षण भी थे जब क्रिस्टियानो ने गोल किए, जैसा कि वह हमेशा करते थे, लेकिन ऐसे क्षण भी थे जब जोस और टीम को पता था कि उन्हें बचाव करने की आवश्यकता है। क्रिस्टियानो पहले व्यक्ति थे जिन्होंने बचाव किया। आपको उन्हें यह दिखाना होगा कि उनके द्वारा बनाए गए सभी गोलों के अलावा, ऐसे अन्य क्षण भी होते हैं जब आपको कुछ अन्य चीजें करने की आवश्यकता होती है।

## हार्दिक और कुलदीप के कहर से बांग्लादेश ध्वस्त



**नार्थ साउंड, एजेंसी।** आलराउंडर हार्दिक पांड्या (नाबाद 50 और 32 रन पर एक विकेट ) के बेहतरीन हरफनमौला प्रदर्शन और चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव ( 19 रन पर तीन विकेट ) की घातक गेंदबाजी से भारत ने बांग्लादेश को टी 20 विश्व कप के अपने दूसरे सुपर आठ मुकाबले में शनिवार को 50 रन से रौंद कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। भारत ने पांच विकेट पर 196 रन का मजबूत स्कोर बनाने के बाद बांग्लादेश को आठ विकेट पर 146 रन पर थाम लिया और सेमीफाइनल में प्रवेश करने वाली पहली टीम बन गयी। भारत का सुपर आठ में आखिरी मुकाबला सोमवार को ऑस्ट्रेलिया से होगा। भारत की टूर्नामेंट में यह पांचवीं जीत है। उसका कनाडा के खिलाफ आखिरी ग्रुप मैच बारिश के कारण रद्द रहा था।भारत की बांग्लादेश के खिलाफ 14 टी20 मैचों में यह 13वीं जीत है जबकि उसने टी20 विश्व कप में सभी पांच मैच जीते हैं। इस मैच में सभी खिलाड़ियों से योगदान देखने को मिला। हालांकि हार्दिक और कुलदीप ने सबसे अधिक प्रभावित किया। बांग्लादेश के कप्तान ने टॉस के दौरान ही बोला था कि 150-160 इस विकेट पर अच्छा स्कोर होगा। लेकिन हार्दिक ने पहले तेज़ अर्धशतक लगाया और गेंदबाज़ी में कुलदीप ने बांग्लादेश को वापसी नहीं करने दी। जडेजा और अक्षर को छोड़कर भारत के सभी गेंदबाजों को विकेट मिला।

## अफगानिस्तान ने किया बड़ा उलटफेर



## सुपर 8 में ऑस्ट्रेलिया को 21 रन से हराया



**किंग्सटाउन, एजेंसी।** अफगानिस्तान से टी 20 विश्वकप में यहां बड़ा उलटफेर करते हुए सुपर8 के मैच में ऑस्ट्रेलिया को 21 रन से हरा दिया है।

रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जारदान की शतकीय ओपनिंग साझेदारी के दम पर 20 ओवर 148/6 का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने के बाद अफगानिस्तान ने सधी हुई गेंदबाजी की और ऑस्ट्रेलिया को 19.2 ओवर में 127 रन पर समेट कर मैच अपने नाम कर लिया। गुलबदीन नायब ने चार ओवर में 20 रन देकर चार विकेट चटकाए। नवीन-उल-हक ने चार ओवर में 20 रन देकर तीन विकेट लिए।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से ग्लेन मैक्सवेल (59) को छोड़कर कोई बल्लेबाज टिक नहीं सका। मैक्सवेल ने 41 गेंदों की अपनी पारी में तीन छक्के और छह चौके लगाये। टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने के बाद 149 रन के आसान से दिखने वाले लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही। उसने पहले ओवर की तीसरी गेंद पर शून्य के स्कोर पर ट्रेविस हेड के रूप में पहला विकेट गंवा दिया। नवीन-उल-हक की गेंद उनका मिडिल स्टंप ले उड़ी। हक ने मैच के तीसरे ओवर में मिशेल मार्श (12) को धीमी गेंद पर मोहम्मद नबी के हाथों कैच कराया। उस समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 16 रन था। छठे ओवर की पहली गेंद पर डेविड वॉर्नर मोहम्मद नबी का शिकार बने। इसके बाद मैक्सवेल और मार्कस स्टोइनिस (11) के बीच 39 रन की साझेदारी हुई। नायब ने 11वें ओवर में 71 के स्कोर पर स्टोइनिस को पवेलियन भेजा। और कोई बल्लेबाज मैक्सवेल का साथ नहीं दे सका। 106 के स्कोर पर नायब ने मैक्सवेल को नूर अहमद के हाथों कैच कराकर ऑस्ट्रेलिया की रही सही उम्मीद भी समाप्त कर दी। अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने आठ गेंदबाजों का इस्तेमाल किया।

### अंपायर के फैसले पर इस खिलाड़ी को उंगली उठाना पड़ा भारी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** साउथ अफ्रीका टीम के स्टार बल्लेबाज डेविड मिलर को आईसीसी की फटकार का सामना करना पड़ा है। सेंट लूसिया के डेरेन सैमी नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में 21 जून अफ्रीका की टीम ने सुपर 8 राउंड में इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबला खेला था, जिसमें उन्होंने 7 रनों की करीबी जीत हासिल की। इस मैच में साउथ अफ्रीका की टीम को पहले बल्लेबाजी करने का मौका मिला था जिसमें डेविड मिलर जब बैटिंग कर रहे थे तो उन्होंने के एक फैसले पर असहमति जताई थी। इस पूरी घटना को बताया जिसके बाद उन्होंने मिलर को आईसीसी की आचार संहिता के लेवल 1 का दोषी पाया, जिसमें उन्हें फटकार लगाए जाने के साथ उनके खाते में एक डिमेरिक प्वाइंट भी जोड़ा गया है।

## द्रविड़ सर ने मुझे कहा था- जो कड़ी मेहनत करते हैं, भाग्य उनके साथ रहता है

### 50 रन की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने जीत का श्रेय टीम प्रयास को दिया

**नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी।** तेजतर्रार अर्धशतक जड़कर भारत को आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर 8 चरण के ग्रुप एक मैच में शनिवार को यहां बांग्लादेश पर 50 रन की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने जीत का श्रेय टीम प्रयास को दिया। भारत के 197 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश की टीम कुलदीप (19 रन पर तीन विकेट), जसप्रीत बुमराह (13 रन पर 2 विकेट) और अर्शदीप (30 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 8 विकेट पर 146 रन ही बना सकी। इससे पहले हार्दिक पंड्या ने 50, विराट कोहली (37), ऋषभ पंत (36) और शिवम दुबे (34) ने उपयोगी पारियों से भारत को पांच विकेट पर 196 रन तक पहुंचाया था।



पंड्या ने मैच के बाद कहा कि मुझे लगता है कि हम काफी अच्छा क्रिकेट खेले। हमने एकजुट होकर प्रदर्शन किया और अपनी योजनाओं को अच्छी तरह लागू किया। उन्होंने कहा कि कुछ परिस्थितियों में सभी को आगे बढ़कर जिम्मेदारी लेनी होती है। मुझे अहसास हुआ कि बल्लेबाज हवा का इस्तेमाल करना चाहते थे। पंड्या ने एक विकेट भी हासिल किया। उन्होंने अपनी गेंदबाजी के संदर्भ में कहा कि मुझे बस यह सुनिश्चित करना था कि मैं उन्हें हवा के बहाव वाली जगह पर शॉट नहीं मारने दूं, यह बल्लेबाज से एक कदम आगे रहने के बारे में था। पांड्या ने कहा कि मैं देश के लिए खेलने के लिए भाग्यशाली रहा हूं। बीच में मैं चोट से परेशान रहा। फिर मैं वापस आना चाहता था। भगवान की कुछ और ही योजना थी। मैं पिछले दिनों राहुल (द्रविड़) सर से बात कर रहा था। उन्होंने मुझसे कहा कि भाग्य उन लोगों को मिलता है जो कड़ी मेहनत करते हैं और यह लंबे समय तक मेरे साथ रहा है।

## बजरंग पूनिया दो महीने में दूसरी बार सस्पेंड-एंटी-डोपिंग एजेंसी ने सैंपल नहीं देने की वजह से नोटिस दिया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नेशनल एंटी-डोपिंग एजेंसी ने पहलवान बजरंग पूनिया को सस्पेंड कर दिया है और साथ ही नोटिस भी भेजा है। बजरंग पूनिया ने मार्च में सोनीपत में हुए नेशनल ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिए अपना सैंपल नहीं दिया था, जिसके बाद NADA ने यह एक्शन लिया है। नोटिस के खिलाफ जवाब देने के लिए बजरंग पूनिया के पास 11 जुलाई तक का समय है। इससे पहले, 5 मई को भी NADA की उन्हें सस्पेंड कर दिया था। जब पिछली बार NADA ने बजरंग को निलंबित किया था, तो उनका निलंबन अनुशासनात्मक पैनल द्वारा रद्द कर दिया गया था, क्योंकि उन्हें नोटिस जारी नहीं किया गया था। अब NADA ने निलंबन के साथ-साथ बजरंग पूनिया को



नोटिस भी जारी किया है। 10 मार्च को ओलिपिंक गेम्स में हिस्सा लेने के लिए हुए एशियन क्वालिफायर्स के नेशनल ट्रायल्स के दौरान ने बजरंग से सैंपल देने के लिए कहा था। लेकिन, बजरंग ने सैंपल देने से इनकार कर दिया।

### बृजभूषण पर यौन शोषण के आरोप लगाए थे

पहलवानों ने डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण पर महिला रेसलर्स के यौन शोषण के आरोप लगाए थे। इसको लेकर बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक की अगुआई में आंदोलन हुआ। पहलवानों ने पहले जंतर-मंतर पर धरना दिया। इसके बाद उनकी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिए और दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण पर केस दर्ज किया। इस मामले की कोर्ट में सुनवाई चल रही है। इसी दौरान डब्ल्यूएफआई के चुनाव हुए तो बृजभूषण के करीबी संजय सिंह चुनाव जीत गए। जिसके बाद बजरंग के अलावा विनेश फोगाट ने भी अपने अवॉर्ड लौटा दिए। वहीं साक्षी मलिक ने कुश्ती से ही संन्यास ले लिया।

बजरंग पूनिया को पिछले साल चीन के हांगझोउ एशियन गेम्स के सेमीफाइनल मैच में हार मिली थी। इतना ही नहीं, ब्रॉन्ज मेडल मैच में भी बजरंग को जापानी पहलवान के. यामागुची ने 10-0 से हरा दिया था। उनकी हार के बाद सोशल मीडिया पर कई लोग भड़क उठे थे, क्योंकि एशियन गेम्स में भाग लेने से पहले उन्होंने किसी प्रतिस्पर्धी मुकाबले में हिस्सा नहीं लिया था।उन्हें ट्रायल के बिना इन खेलों के लिए भारतीय दल में शामिल करने की भी आलोचना हुई थी।

### कॉमनवेल्थ गेम्स- 2022 में जीता था गोल्ड

बजरंग पूनिया ने टोक्यो ओलिंपिक में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स में उन्होंने भारत के लिए गोल्ड मेडल जीता था। पुरुषों की फ्री स्टाइल 65 किलो भारवर्ग के फाइनल में बजरंग पूनिया ने कनाडा के एल. मैकलीन को 9-2 से मात दी थी। बजरंग पूनिया का यह कॉमनवेल्थ गेम्स में लगातार दूसरा गोल्ड एवं ओवरऑल तीसरा मेडल था, हालांकि उस गोल्ड मेडल जीत के बाद वह कुछ खास नहीं कर पाए हैं।



# ट्विंकल कर रही हैं अपने स्क्रीन टाइम में कटौती

## बोलीं- मोबाइल की वजह से हम जिंदगी की छोटी...

**बॉलीवुड** की मशहूर अभिनेत्री और लेखिका ट्विंकल खन्ना अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं। वे सोशल मीडिया पर बड़ी बेबाकी से अपनी बातों को रखती नजर आती हैं। आज अभिनेत्री ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से अपनी एक तस्वीर को साझा किया है। साथ ही साथ वे टेक्नोलॉजी के अत्याधिक उपयोग पर भी बातें करती नजर आई. अक्षय कुमार की पत्नी ट्विंकल खन्ना अक्सर समसामयिक मुद्दों पर बातें करती दिखती हैं। आज अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल से अपनी एक तस्वीर को साझा करते हुए लिखा है, हमें इस में जीवन में एक सीमित संसाधन मिला है जिसे समय कहते हैं। अब ये हम पर निर्भर करता है कि हम अपने समय का कैसे उपयोग करते हैं। ट्विंकल खन्ना अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, मुझे ऐसा लगता है कि सिर्फ मैं ही नहीं बल्कि सभी लोग इन दिनों फोन पर अत्याधिक समय बिताते हैं। इन दिनों मैं स्क्रीन टाइम को कम करने की कोशिश कर रही हूं। आप लोग भी बताइए कि आप स्क्रीन टाइम कम करने के लिए क्या करते हैं।

ट्विंकल खन्ना और अक्षय कुमार दो प्यारे से बच्चों के माता-पिता हैं। हाल ही में अभिनेत्री अपनी बेटी के कांसर्ट में भाग लेने के लिए लंदन पहुंची थी। अपनी लंदन यात्रा के बारे में बातें करते हुए अभिनेत्री ने बताया, इस यात्रा के दौरान मैंने अपने स्क्रीन टाइम में काफी कटौती की और लंदन को काफी करीब से देखा। मैंने सोचा कि रील्स और मीम्स के इस दौर में हम जिंदगी की छोटी खुशियों से कितने दूर हो गए हैं।

# रितेश देशमुख ने की पिल के साथ अपनी ओटीटी सीरीज की शुरुआत




एक्टर-फिल्म मेकर रितेश देशमुख पिल के साथ अपनी ओटीटी सीरीज की शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। आने वाली वेब सीरीज के मेकर्स ने शनिवार को एक मोशन पोस्टर जारी किया। इसमें फार्मास्यूटिकल्स की अंधेरी और भ्रष्ट दुनिया की झलक दिखाई गई है। मोशन पोस्टर में रितेश कह रहे हैं कि इस देश में किस बीमारी से कितने लोग मरते हैं, उसका डेटा हमारे पास है। लेकिन खराब दवाई की वजह से कितने लोगों की जान जा रही है, उसका कोई डेटा नहीं है।

# इंडियन 2 में फिर से दिखने वाला है कमल हासन का जादू




**कमल** हासन इन दिनों काफी चर्चा में हैं। इस साल एक के बाद एक उनकी दो बड़ी फिल्में रिलीज होने वाली हैं। वह इस साल कल्कि 2898 एडी और इंडियन 2 में नजर आने वाले हैं।

दोनों ही फिल्मों के रिलीज डेट के बीच में महीने भर से भी कम का अंतर है। ऐसे में उनके फैंस के लिए यह किसी तोहफे से कम नहीं है, जिसमें उन्हें अपने पसंदीदा अभिनेता की दो फिल्में लगातार देखने को मिलने वाली हैं। इंडियन 2 इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है, जिसको लेकर अब एक बड़ी जानकारी सामने आ रही है। कमल हासन इन दिनों कल्कि 2898 एडी में अपने भूमिका के लिए काफी चर्चा बटोर रहे हैं। हाल में ही फिल्म का दूसरा ट्रेलर जारी किया गया है, जिसमें उनके लुक की जबर्दस्त तारीफ हो रही है। पिछले ट्रेलर में उनके द्वारा बोले गए महज एक लाइन के डायलॉग ने फिल्म को लेकर दर्शकों का उत्साह और बढ़ा दिया है।

अब अभिनेता अपनी एक और आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म के साथ जल्द ही पर्दे पर दस्तक देने वाले हैं। उनकी फिल्म इंडियन 12 जुलाई को रिलीज होने वाली है। हाल में ही निर्माताओं ने फिल्म के ट्रेलर रिलीज डेट की घोषणा की है, जिसके बाद से अभिनेता के फैंस फिल्म के रिलीज से पहले उनका दीदार करने को बेताब हो रहे हैं।

# लॉस एंजिल्स 2024 के इंडियन फिल्म फेस्टिवल के लिए जूरी में शामिल हुईं श्रिया



**एक्ट्रेस** श्रिया पिलगांवकर को लॉस एंजिल्स के इंडियन फिल्म फेस्टिवल (आईएफएफएलए) के 2024 एडिशन में शॉर्ट्स कैटेगरी के लिए जूरी पैनल में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए सम्मान की बात है। श्रिया ने कहा, मुझे लॉस एंजिल्स 2024 के इंडियन फिल्म फेस्टिवल में शॉर्ट्स फिल्म कैटेगरी के लिए जूरी सदस्य के तौर पर आमंत्रित किया गया है।

इससे मैं सम्मानित महसूस कर रही हूं। मैं फेस्टिवल में हिस्सा लेने और उभरते साउथ एशियन फिल्ममेकर्स द्वारा इन शानदार शॉर्ट्स फिल्मों को देखने के लिए एक्साइटिड हूं। एक्ट्रेस ने कहा, फिल्म फेस्टिवल का माहौल हमेशा क्रिएटिविटी से भरा होता है। मैं अलग-अलग कहानीकारों और कलाकारों से मिलने और बातचीत करने तथा आईएफएफएलए में फिल्मों की लाइनअप को देखने के लिए बेहद एक्साइटिड हूं। श्रिया को 2018 में मिर्जापुर में देखा गया था। सीरीज में उन्होंने स्वीटी का किरदार निभाया था, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया। इसके अलावा, वह गिल्टी माइंड्स, ताजा खबर और द ब्रोकन न्यूज 2 जैसी सीरीज के लिए भी जानी जाती हैं।

उन्होंने साल 2016 में शाहरुख खान की फिल्म फैन से बॉलीवुड में डेब्यू किया। श्रिया ने इंटरनेशनल प्रोजेक्ट्स में भी अपनी पहचान बनाई है। वह गुरिंदर चड्ढा द्वारा निर्देशित ब्रिटिश सीरीज बीचम हाउस और दिग्गज फिल्म निर्माता क्लाउड लेलौच की फ्रेंच फिल्म अन प्लस उन में नजर आई हैं।





# अरमान मलिक और उनकी पत्नियों की देवोलीना ने की आलोचना

## बहुविवाह को बढ़ावा देने को बताया घृणित

अभिनेत्री और बिग बॉस की पूर्व प्रतिभागी देवोलीना ने तीनों की जमकर आलोचना की और उन पर बहुविवाह को रियलिटी शो में बढ़ावा देने का आरोप लगाया। अभिनेत्री ने एक्स पर लिखा, 'क्या आपको लगता है कि यह मनोरंजन है? यह मनोरंजन नहीं है, यह गंदगी है।

इसे हल्के में लेने की गलती मत करो क्योंकि यह सिर्फ रील नहीं है, यह असली है। मेरा मतलब है, मैं यह भी नहीं समझ सकती कि कोई इस बेशर्मी को मनोरंजन कैसे कह सकता है? मुझे इसके बारे में सुनकर ही घिन आती है। मेरा मतलब है, सिर्फ छह-सात दिनों में प्यार हुआ, शादी हुई और फिर पत्नी की सबसे अच्छी दोस्त के साथ भी यही हुआ। यह मेरी कल्पना से परे है।'

### बिग बॉस पर भी उठाया सवाल

अभिनेत्री ने आगे लिखते हुए बिग बॉस से भी सवाल किया, देवोलीना ने लिखा, बिग बॉस आपको क्या हो गया है? क्या इतने बुरे दिन चल रहे हैं आपके कि आपको बहुविवाह मनोरंजक लगता है? जब आपने ऐसे प्रतियोगियों को पेश किया तो आप क्या सोच रहे थे? यह शो बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी देखते हैं। आप नई पीढ़ी को क्या सिखाना चाहते हैं? कि वे दो-तीन-चार शादियां कर सकते हैं? हर कोई एक साथ खुशी से रह सकता है? जाकर उनसे पूछिए जो हर दिन ऐसी घटनाओं से पीड़ित हैं, अपना जीवन दुख में जी रहे हैं।'

### यूसीसी की जताई अनिवार्यता

अभिनेत्री ने आगे लिखा, 'इसलिए विशेष विवाह अधिनियम और यूसीसी (समान नागरिक संहिता) अनिवार्य होना चाहिए। ताकि कानून सबके लिए समान हो और समाज ऐसी गंदगी से मुक्त हो सके।

पहली पत्नी के होते हुए दूसरी पत्नी, कल्पना कीजिए कि अगर समानता के नाम पर पत्नियां दो-दो पति रखने लगे, तो क्या तब भी आपका मनोरंजन होगा?' अभिनेत्री ने लिखा कि उन्हें समझ नहीं आता की इनके फॉलोवर्स कौन हैं? और किस वजह से उन्हें फॉलो करते हैं? अभिनेत्री भड़कते हुए लिखती हैं, 'क्या आपका दिमाग सही जगह पर है या नहीं, कृपया पहले इसका इलाज करवा लें। अगर आपको यह बेशर्मी सही लगती है तो आपका जीवन बर्बाद है। आप इसके आगे कुछ नहीं सोच सकते और न ही इसके बारे में कुछ कर सकते हैं। आप नई पीढ़ी को क्या सिखाना चाहते हैं, कि उन्हें कई शादियां करनी चाहिए? यह विचार ही बहुत घिनौना है।

अगर दो-तीन शादियां करना इतना जरूरी है तो करें और घर पर रहें। इस गंदी मानसिकता को दुनिया में न फैलाएं। एक समाज के तौर पर हम सिर्फ विनाश की ओर बढ़ रहे हैं। सच में लोग पागल हो गए हैं।

### नेटिजन्स ने जताई सहमति

देवोलीना ने जैसे ही एक्स पर इस पोस्ट को साझा किया, नेटिजन्स उनके समर्थन में उतर आएं। उनके इस विचार की सराहना करने लगे। ज्यादातर ने उनके पोस्ट से सहमति भी जताई। इससे पहले भी नेटिजन्स ने रियलिटी शो में तीनों को लाने के लिए बिग बॉस की आलोचना कर चुके हैं।



# साई केतन राव ने अभिनय के लिए छोड़ दी थी अच्छी खासी नौकरी

**बिग** बॉस ओटीटी 3 के प्रतिभागी हैं साई केतन राव। वह टीवी जगत के मशहूर अभिनेता हैं। उनकी जिंदगी का सफर भी अपने आप में काफी फिल्मी रहा है। वह आईटी कंपनी से निकल कर अभिनय की दुनिया में आए हैं। इसके अलावा वह सिर्फ अभिनेता नहीं बल्कि निर्माता और बॉक्सर भी हैं। आइए जानते हैं कैसे और कहां से शुरू हुआ बिग बॉस ओटीटी 3 के इस प्रतिभागी का ये सफर। साई केतन राव का ताल्लुक महाराष्ट्र के लोनावाला से है। उनका जन्म यहीं के एक मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ था। हालांकि, वह तेलांगना, हैदराबाद में जा कर बस गए। उनके पिता एक आर्किटेक्ट हैं और उनकी मां न्यूट्रिशनिस्ट हैं। साई ने कंप्यूटर साइंस में बीटेक और फिर एमबीए किया। इसके बाद उन्होंने एक ऑस्ट्रेलियन कंपनी में नौकरी शुरु की, लेकिन बचपन से ही उन्हें अभिनय से लगाव था। इस वजह से उन्होंने नौकरी छोड़ रामानायडू फिल्म स्कूल में दाखिला लिया। कोर्स पूरा करने के बाद उन्होंने शॉर्ट फिल्मों से शुरुआत की। अभी उनकी अपनी एक प्रोडक्शन कंपनी है, जिसका नाम ऑरम मोशन पिक्चर्स है। साइ केतन राव ने टीवी पर अग्नि साक्षी से डेब्यू किया था। हालांकि, उन्हें स्टारप्लस के शो मेंहदी है रचने वाली में राघव राव के किरदार से पहचान मिली। इसके बाद उन्होंने चाशनी और इमली जैसे टीवी शो में भी काम किया। टीवी शोज के अलावा साई ने कुछ हिंदी और तेलुगु वेब सीरीज में भी काम किया है।



# इमरान हाशमी ने ठुकराया था आशिकी 2 का ऑफर

**आशिकी** 2 फिल्म से श्रद्धा कपूर और आदित्य रॉय कपूर की जोड़ी ने जमकर सुर्खियां बटोरी थी। इस फिल्म के गाने इतने कमाल के थे कि लोग आज भी उन्हें सुनते हैं। आशिकी 2 से जुड़ी दिलचस्प बात यह है कि आदित्य रॉय कपूर इस फिल्म के लिए पहली पसंद नहीं थे। उनके द्वारा निभाए गए राहुल के रोल के लिए पहले इमरान हाशमी से बात की गई थी, लेकिन उन्होंने यह किरदार निभाने से मना कर दिया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इमरान का मानना था कि इस फिल्म की कहानी के हिसाब से किसी नए अभिनेता को लेना ज्यादा सही रहेगा बाद में, जब फिल्म रिलीज हुई तो इमरान हाशमी की बात एकदम सही साबित हुई।

# म्यूजिकल, रोमांस और हॉरर फिल्म कसूर में नजर आएंगे आफताब शिवदासानी



**बॉलीवुड** एक्टर आफताब शिवदासानी म्यूजिकल, रोमांस और हॉरर फिल्म कसूर में नजर आएंगे। इसकी घोषणा प्रैक्टिकल प्रोडक्शंस के निर्माता आसिफ शेख ने की। निर्माता आसिफ ने कहा, यह एक यूनिक कॉन्सेप्ट है- म्यूजिकल, रोमांस और हॉरर... जब आफताब ने कहानी सुनी, तो वह इसे लेकर काफी एक्साइटेड थे।

ऑडियंस सिल्वर स्क्रीन पर आफताब शिवदासानी को एक बहुत ही अलग किरदार में देखेगी। उन्होंने कहा, यह एक लेखक द्वारा समर्थित किरदार है, और हम आफताब के साथ फीमेल लीड और एक अन्य मेल लीड को फाइनल कर रहे हैं। इन किरदारों की घोषणा जल्द ही की जाएगी। फिल्म कसूर को ग्लेन बैरेटो डायरेक्ट करेंगे। वहीं कहानी मुदस्सर अजीज ने लिखी है। आफताब के करियर पर नजर डालें, तो उन्हें 14 महीने की उम्र में फॉरेक्स बेबी के रूप में चुना गया था। महज 9 साल की उम्र में 1987 में उन्होंने अनिल कपूर की सुपरहिट फिल्म मिस्टर इंडिया में काम किया। इसके बाद वह 1988 में अमिताभ बच्चन की फिल्म शहंशाह में इंस्पेक्टर विजयकुमार श्रीवास्तव के बचपन का किरदार निभाते दिखाई दिए। इसके अलावा, उन्होंने चालबाज, अव्वल नंबर और इंसानियत जैसी फिल्मों में भी काम किया। आफताब ने राम गोपाल वर्मा द्वारा निर्देशित मस्त से बतौर लीड एक्टर करियर की शुरुआत की। इसमें उनके साथ उर्मिला मातोंडकर नजर आईं। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपर डुपर हिट रही। इसके बाद वे कसूर, आवारा पागल दीवाना, हंगामा और मस्ती जैसी फिल्मों में नजर आए। 2018 में, आफताब ने तमिल सिनेमा में भास्कर ओरु रास्कल और 2021 में कन्नड़ सिनेमा में कोटिगोब्बा 3 के साथ अपनी शुरुआत की। एक्टर को अब से पहले हिंदी सिनेमा में 2019 की फिल्म सेटर्स में देखा गया था। यह अश्विनी चौधरी द्वारा निर्देशित एक क्राइम थ्रिलर थी। फिल्म की कहानी भारत में परीक्षा में नकल करने वाले रैकेट के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म में श्रेयस तलपड़े, सोनाली सहगल, विजय राज, इशिता दत्ता, पवन मल्होत्रा, जमील खान और पंकज झा भी हैं।

# कल्कि 2898 एडी को लेकर तेलंगाना सरकार का बड़ा फैसला

**कल्कि** 2898 एडी 27 जून, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। रिलीज से पहले इस फिल्म को लेकर एक बहुत बड़ी जानकारी सामने आई है। दरअसल, तेलंगाना सरकार की ओर से दर्शकों को बहुत बड़ा तोहफा दिया गया है।

### सुबह साढ़े पांच बजे से शुरु होगा पहला शो



तेलंगाना सरकार ने कल्कि 2898 एडी के लिए खास शो का इंतजाम किया है। इसकी जानकारी पीआर सुरेश द्वारा सोशल मीडिया पर साझा की गई है।

उन्होंने राज्य सरकार का एक दस्तावेज शेयर किया है, जिसके मुताबिक, कल्कि 2898 एडी का पहला शो सुबह साढ़े पांच बजे से शुरु होगा। 27 जून से 4 जुलाई के बीच टिकट की कीमतों में भी बढ़ोतरी कर दी गई है। मल्टीप्लेक्स की बात करें तो उनमें टिकटों की कीमत में 100 रुपये तक की बढ़ोतरी की गई है।

# चंदू चैंपियन की मुरीद हुई विद्या

**विद्या** बालन ने कार्तिक आर्यन की चंदू चैंपियन देखी और उन्हें ये खूब पसंद भी आई और अब उन्होंने इसकी समीक्षा की है। विद्या फिल्म की स्क्रीनिंग में भी शामिल हुई थीं, अब उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर वीडियो साझा करते हुए कार्तिक और फिल्म की तारीफ की। विद्या ने चंदू चैंपियन की मनोरंजक कहानी के लिए कार्तिक आर्यन और कबीर खान की सराहना की और प्यार भी लुटाया। उन्होंने सभी को पद्मश्री मुरलीकांत पेटकर की इस रोमांचक कहानी को देखने की सलाह दी, उन्होंने कार्तिक की मेहनत को भी सलाम किया। उन्होंने कहा कि वे कहानी देख के चौंक गईं, क्योंकि वह प्रेरणादायक थी और कार्तिक को अपना प्यार भेजा और शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि मुझे फिल्म की कहानी बहुत पसंद आई और कार्तिक ने बहुत मेहनत की है और ऐसे ही वे आगे बढ़ते रहें।



-साभार एजेंसी